2 | फरीदाबाद
आसान नहीं है लीज सम्पत्तियों को फ्री होल्ड करने की राह

6 | अभिमत
विधि-निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

9 | देश/विदेश
आटा, अनाज, दही पर 5 फीसद टैक्स और अब एलपीजी पर 50 रुपये बढ़ाए : प्रियंका

12 | स्पोर्ट्स
सर्वश्रेष्ठ एकादश को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगा भारत

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 150
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 07 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



इन टिप्स की मदद से बनाएं, इसे नया और ग्लॉसी
पेज - 11

## बाजार


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,750 | ▲ 616 | |
| निफ्टी | 15,989 | ▲ 178 | |
| सोना | 51,304 | ▼ 760 | /10 gm |
| चांदी | 56,930 | ▼ 1276 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 29.00°C

## क्विक न्यूज

### पीएम ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को फोन कर उनके 87वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु जीवन तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, फोन पर दलाई लामा से बात कर उन्हें 87वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हम उनके लंबे जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल भी फोन कर दलाई लामा को जन्मदिन की बधाई दी थी। दलाई लामा भी प्रधानमंत्री को फोन पर जन्मदिन की बधाई देते रहे हैं।

### पीटी उषा समेत चार लोग राज्यसभा के लिए मनोनीत



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय महिला धावक पीटी ऊषा, इलैयाराजा, वी विजयेंद्र प्रसाद और वीरेंद्र हेगड़े को राज्यसभा के लिए मनोनीत करने की अनुशंसा की है। राष्ट्रपति इन्हें मनोनीत करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर सभी को बधाई दी है।

### मानसून सत्र में पेश हो सकते हैं कई नए विधेयक

**नई दिल्ली।** संसद के 18 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र के दौरान सरकार करीब एक दर्जन नए विधेयकों को पेश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि संसद में अभी भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, बाल विवाह रोकथाम संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक और जैव विविधता संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक लंबित हैं। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान करीब एक दर्जन नए विधेयक पेश किए जा सकते हैं। संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को संसद के आगामी मानसून सत्र के लिए विधाई एवं सरकारी कामकाज से जुड़े विषयों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

### राहुल गांधी के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में शिकायत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में शिकायत की गई है। उन पर कोर्ट की कार्रवाई की वीडियो क्लिप को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर शेयर करने का आरोप है। कानूनन ऐसा करने पर रोक है।

### खाद्य तेल की कीमतें कम होंगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने तेल कंपनियों से कहा है कि वो एक हफ्ते के अंदर खाने के तेल की कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक कम करें। फूड सेक्रेट्री सुधांशु पांडे ने बताया कि कंपनियों से एक ब्रांड के तेल की कीमतें देशभर में एक जैसी रखने को कहा गया है। साथ ही तेल पैकेट्स पर लिखी मात्रा से कम मात्रा होने की शिकायतों पर भी ध्यान दें।

### केरल के मंत्री साजी चैरियन ने इस्तीफा दिया



**केरल।** केरल के मंत्री साजी चैरियन ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। मालूम हो कि उन्होंने एक कार्यक्रम में भारतीय संविधान की आलोचना की थी। इसके बाद विपक्षी दलों ने उनके इस्तीफे की मांग की थी। चेरियन ने कहा कि इस्तीफा देने का फैसला उनका अपना है। मैंने कभी संविधान को बदनाम नहीं किया।

## हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल में व्याप्त भ्रष्टाचार पर स्वास्थ्य मंत्री की बड़ी कार्रवाई

# चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, रजिस्ट्रार हटाए

## सीएम मनोहरलाल के पास अप्रूवल के लिए भेजा गया कार्रवाई पत्र

**काउंसिल का कामकाज देखेंगे स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त सचिव योगेश मेहता**







**रोतैश कुमार।** चंडीगढ़

**हरियाणा** स्टेट फार्मेसी काउंसिल (एचएसपीसी) में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चेयरमैन धनेश अदलखा, वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल और रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा को उनके पदों से हटा दिया। इन तीनों से सभी तरह की शक्तियां वापस ले ली गई हैं। इस आदेश के तहत अब काउंसिल का कामकाज विभाग के अतिरिक्त सचिव योगेश मेहता देखेंगे। रजिस्ट्रार का जिम्मा भी सचिव योगेश मेहता को ही सौंपा गया है। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा की गई कार्रवाई के बाद इस आदेश को अप्रूवल के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को भेजा गया है।

**क्या है मामला**

बता दें, हिसार विजिलेंस की टीम ने दो जुलाई, 2022 को भिवानी के विद्यानगर कॉलोनी निवासी एक दलाल 32 हजार रुपये की राशि के साथ रंगे हाथों पकड़ा था। हिसार के भागवी निवासी सत्यवान को अपने बेटे के लिए फार्मेसी का लाइसेंस की जरूरत थी। इस पर सत्यवान को किसी ने कहा कि वह सुभाष अरोड़ा से संपर्क करें। सुभाष ने 32 हजार रुपये की डिमांड की। सत्यवान ने इसकी शिकायत विजिलेंस को की। विजिलेंस ने सत्यवान को 32000 रुपये के नोट दिए। इन नोटों पर पाउडर लगाया गया था। इसके बाद सत्यावान ने सुभाष से संपर्क किया। सत्यावान ने 32 हजार रुपये की राशि उसे पकड़ा दी। राशि पकड़ाते ही विजिलेंस की टीम ने सुभाष को पकड़ लिया। सुभाष ने विजिलेंस टीम के सामने खुलासा किया कि वह रिश्वत की रकम को काउंसिल के वाइस चेयरमैन सोहन लाल कंसल तक भिजवाता था और कंसल से रिश्वत की रकम आगे चेयरमैन और रजिस्ट्रार तक पहुंचती थी।

### चेयरमैन और रजिस्ट्रार की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

**हरियाणा** विजिलेंस ब्यूरो हिसार की टीम बुधवार को भी पंचकूला स्थित हरियाणा फार्मेसी काउंसिल सेक्टर-14 पहुंची। ऐसा बताया जाता है कि टीम ने काउंसिल के चेयरमैन धनेश अदलखा और रजिस्ट्रार राजकुमार वर्मा की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी भी की है। छापेमारी के दौरान कुछ ऐसी फाइलें भी मिली, जिनका पंजीकरण आवेदन के दो दिन बाद कर दिया गया, तो कई ऐसी फाइलें मिलीं, जो पिछले दो साल से लंबित पड़ी थीं। टीम ने कर्मचारियों को अलग-अलग पूछताछ की। जांच में खुलासा हुआ कि चेयरमैन धनेश अदलखा और उपप्रधान सोहनलाल ने काउंसिल के दफ्तर में अपने चहेतों को लगवा रखा था। धनेश अदलखा ने कार्यभार संभालते ही एक युवती को कार्यालय में रखा था और उसका वेतन वह खुद वहन करते थे। युवती हरियाणा सचिवालय में कार्यरत एक अधिकारी की रिश्तेदार बताई जाती है।

### रविवार को गिरफ्तार किया गया था कंसल

**हिसार** विजिलेंस की टीम ने रविवार को हरियाणा स्टेट फार्मासिस्ट काउंसिल के वाइस चेयरमैन सोहन लाल कंसल को उनके सेक्टर 13 स्थित निवास से पकड़ा था। सोहन लाल के पास से उस समय करीब 40 हजार रुपये की राशि बरामद की है। उन पर आरोप है कि फार्मासिस्ट का लाइसेंस बनवाने की एवज में पैसे लेते थे। विजिलेंस उन्हें पकड़ कर भिवानी ले गई है। इसके बाद विजिलेंस ने पंचकूला में हरियाणा फार्मेसी काउंसिल के दफ्तर पर छापेमारी करके रिकॉर्ड जब्त किया था।

### मामले को दिया जा रहा राजनीतिक रंग

**दरअसल**, इस पूरे मामले को कुछ लोग राजनीतिक रंग देने की कोशिश में लगे हैं। काउंसिल के चेयरमैन धनेश अदलखा चूंकि प्रदेश की राजनीति में बड़ा कद रखते हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि धनेश अदलखा की केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के साथ नजदीकियां हैं। लेकिन हकीकत यह है कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर बेहद ही साफ और स्पष्ट छवि के कद्दावर नेता है, जो किसी भी भ्रष्टाचारी को न तो शह देते हैं और न ही अपने पास फटकने देते हैं। गुर्जर कई बार अपनी जनसभाओं में मंच से भ्रष्टाचारियों पर प्रहार करते रहे हैं। इसी तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने तिगांव जनसभा में मंच से नारा दिया था, भ्रष्टाचार का काल, मनोहरलाल। सीएम भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी अधिकारी, नेता को बख्शने वाले नहीं है। बशर्ते कि आरोप सही और सच्चे होने चाहिए।

### सेलजा ने की हाईकोर्ट जज से जांच कराने की मांग



**हरियाणा** फार्मेसी काउंसिल में बुधवार को दोबारा से विजिलेंस की रेड के बाद और भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने पर मामला गरमा गया है। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस और आप ने सरकार को घेरा है। कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सेलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार में भ्रष्टाचार ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बिना खर्ची-पर्ची का नारा देने वाली सरकार की पोल खुलकर सामने आ गई है। मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की देखरेख में कराई जाए। आम आदमी पार्टी हरियाणा ने ट्वीट किया कि काउंसिल में भ्रष्टाचार का खेल हो रहा है। अधिकारी रिश्वत नहीं देने पर फाइल दबा देते हैं। हारकर स्टूडेंट्स को काउंसिल के पदाधिकारियों द्वारा जगह-जगह तैनात किए गए दलालों को पैसे देने पड़े थे।

### उप प्रधान और दलाल से मिले 1.86 लाख रुपये

**काउंसिल** में रिश्वत लेकर फार्मेसी लाइसेंस दिलवाने के मामले में गिरफ्तार सोहनलाल और दलाल सुभाष अरोड़ा से विजिलेंस ने अब तक करीब 1.86 लाख रुपये बरामद किए है। विजिलेंस ने सोहनलाल से 25 फार्मेसी रिन्यूअल प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं। सोहनलाल ने कबूल किया कि उसने 21 विद्यार्थियों से रिन्यूअल प्रमाण पत्र के लिए रुपये लिए थे। वहीं सुभाष ने कबूल किया कि उसने 13 विद्यार्थियों से 4 लाख रुपये लेकर उपप्रधान को दिए थे। सुभाष ने 40 युवाओं के डी फार्मा के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 12वीं और दसवीं के प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट से दो मंत्रियों का इस्तीफा

# मुख्तार अब्बास नकवी आरसीपी सिंह ने पद छोड़ा



**नकवी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने की अटकलें**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दिया। नकवी के साथ केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह ने भी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। दोनों का राज्यसभा कार्यकाल कल यानी गुरुवार को खत्म हो रहा है। नकवी को भाजपा ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा के चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया था, तब से ही कयास लगाए जा रहे थे कि पार्टी उन्हें किसी बड़ी भूमिका में लाना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। नकवी अभी तक केंद्र सरकार में मंत्री रहे हैं, साथ ही वे राज्यसभा में भाजपा संसदीय दल के उपनेता भी थे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्तार अब्बास नकवी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। हालांकि दोनों नेताओं के बीच क्या बात हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है। मुख्तार अब्बास नकवी के साथ जनता दल यूनाईटेड के कोटे से केंद्र सरकार में मंत्री आरसीपी सिंह ने भी कैबिनेट से इस्तीफा दिया है। उन्हें भी जदयू ने राज्यसभा में अगला कार्यकाल नहीं दिया है। आरसीपी सिंह का राज्यसभा सांसद के तौर पर गुरुवार को ही अंतिम दिन है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और आरसीपी सिंह की तारीफ की। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि आपने देश के विकास में योगदान दिया है।

## नूपुर की जीभ काटने वाले को दो करोड़ देने की पेशकश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**मेवात** में पुलिस उस कथित वीडियो क्लिप की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा की जीभ काटने वाले को दो करोड़ रुपये का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा कर रहा है। शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी की थी, जिसके बाद से लगातार विवाद बना हुआ है। नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा, मामला अभी हमारे पास आया है। हम आरोपी की पहचान करने के लिए जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम लोगों से आग्रह करते हैं कि इस प्रकार के वीडियो और सांप्रदायिक सामग्री को न फैलाएं।

## अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान पर दिया बयान

**एजेंसी।** जम्मू



**जम्मू**-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेस के चीफ फारूक अब्दुल्ला का एक बयान चर्चा में है। दरअसल, एक पत्रकार ने उनसे केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान पर सवाल किया, जिस पर उखड़ते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम बोले- वो अपने घर में रखना।

अब्दुल्ला के बयान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, फारूक अब्दुल्ला श्रीनगर के बाजार में एक दुकान पर पहुंचे थे। यहां से निकलने के दौरान उन्हें कुछ पत्रकारों ने घेर लिया। पहले उनसे यूपीए के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बारे में सवाल किया गया। जवाब में फारूक बोले- वे नौ जुलाई को कश्मीर आ रहे हैं। उनके आने के बाद मीडिया से बातचीत होगी।

इसके बाद उनसे पूछा गया कि केंद्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। आपकी क्या राय है? इस पर फारूक ने कश्मीरी भाषा में जवाब दिया, वो अपने घर पर रखना। फारूक के इस बयान की खूब किरकिरी हो रही है। जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण विभाग ने एक ऑर्डर जारी कर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## डोलो-650 के निर्माताओं के ठिकानों पर आईटी छापा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आयकर** विभाग ने बुधवार को लोकप्रिय दवा डोलो-650 के निर्माता माइक्रो लैब्स लिमिटेड बेंगलुरु स्थित के कार्यालय पर छापेमारी की है। खबरों के अनुसार आयकर विभाग के 20 अधिकारियों ने बेंगलुरु के रेसकोर्स रोड स्थित फार्मास्युस्टीकल कंपनी के ठिकानों पर छोपेमारी की है।

आईटी विभाग के सूत्रों के अनुसार बुधवार को देश के 40 स्थानों पर आयकर विभाग के 200 अफसरों ने कंपनी के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है, जिन स्थानों पर छापे मारे गए हैं, उनमें बेंगलुरु के अलावा नई दिल्ली, सिक्किम, पंजाब, तमिलनाडु और गोवा के दफ्तर शामिल हैं। माइक्रो लैब्स के सीएमडी दिलीप सुराना और निदेशक आनंद सुराना के आवास पर भी छापेमारी की गई है।

छापेमारी के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों ने बेंगलुरु के माधवनगर में रेसकोर्स रोड स्थित डोलो-650 टैबलेट बनाने वाली कंपनी माइक्रो लेब्स लिमिटेड के दफ्तर से कई अहम दस्तावेजों की जांच की है। आयकर विभाग की ओर से यह कार्रवाई टैक्स चोरी के मामले में की गई है।

कंपनी ने कोविड-19 महामारी के दौरान बड़ा मुनाफा कमाया था। कंपनी ने 2020 में कोविड -19 के प्रकोप के बाद से 350 करोड़ रुपये के टैबलेट बेचे हैं और अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलते हुए एक साल में 400 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। आपको बता दें कि कोरोना महामारी की लहर के दौरान माइक्रो लैब्स लिमिटेड की दवा डोलो (पारासिटामोल) की बिक्री ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

## पंजाब के सीएम भगवंत मान दूसरी बार बनेंगे दूल्हा

### पहली पत्नी से तलाक के बाद गुरप्रीत कौर से शादी करेंगे

**मान मानते हैं कि गुरप्रीत के भाग्य से ही वे सीएम बने**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**पंजाब** के सीएम भगवंत मान गुरुवार को दूसरी शादी करने जा रहे हैं। उनकी होने वाली पत्नी डॉक्टर गुरप्रीत कौर हैं। शादी की रस्में चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस में होंगी। 48 साल के भगवंत मान का 2015 में पहली पत्नी इंद्रप्रीत कौर से तलाक हो गया था, जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर अमेरिका चली गई। पहली पत्नी से मान के दो बच्चे हैं। वे मां के साथ अमेरिका में रहते हैं। हालांकि दोनों बच्चे मान के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। सीएम भगवंत मान मानते हैं कि वे गुरप्रीत के संपर्क में आने के बाद उन्हीं के भाग्य से सीएम बने हैं।

सीएम भगवंत मान की होने वाली पत्नी गुरप्रीत कौर हरियाणा के पिहोवा की रहने वाली हैं। उनके परिवार में तीन बहनें हैं। 2013 में गुरप्रीत कौर ने अंबाला के मुलाना मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। 2017 में उन्होंने डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी की। 2019 में उनकी मुलाकात भगवंत मान से हुई। भगवंत मान तब संगरूर से लोकसभा सांसद थे। इसके बाद वह सीएम मान के विशेष कार्यक्रमों में शामिल होती रहीं। सीएम पद के शपथग्रहण समारोह में भी गुरप्रीत कौर मौजूद थीं।

## सतीश पूनिया की बैठक में भाजपा अध्यक्ष के बेटे को चाकू से गोदा

**राजसमंद।** राजसमंद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं की एक बैठक में चाकूबाजी की खबर है। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया भी मौजूद थे।

राजसमंद बीजेपी जिला कार्यसमिति की बैठक नाथद्वार में चल रही थी। बैठक में सतीश पूनिया समेत पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। हमलावरों ने बीजेपी जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ के बेटे अरविंद सिंह बारहठ को चाकू से गोदा है। बताया जा रहा है कि हमले में दो युवक शामिल थे। राजसमंद जिला अध्यक्ष के बेटे पर चाकू से हमले के एक आरोपी को मौके पर ही दबोचा गया है। अचानक हुई इस चाकूबाजी की घटना ने बैठक में मौजूद सभी लोगों को सन्न कर दिया।

**हवाई यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए**

# विस्तारा प्लेन का इंजन फेल, स्पाइसजेट में आठ बार गड़बड़ी मिलीं

**एजेंसी।** कोलकाता

**देश** में संचालित हो रहीं एयरलाइंस में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। देश की तीन प्रमुख एयरलाइन विस्तारा, स्पाइसजेट और इंडिगो के प्लेन्स में पिछले दो दिन में लगातार गड़बड़ियां मिली हैं।

विस्तारा एयरलाइन की बैंकॉक से दिल्ली आ रही फ्लाइट का बुधवार को एक इंजन फेल हो गया। प्लेन ने दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर एक इंजन के साथ ही लैंडिंग की। विस्तारा की फ्लाइट को एयरबस-ए-320 विमान से ऑपरेट किया जा रहा था। प्लेन के इंजन के इलेक्ट्रिक सिस्टम में गड़बड़ी होने के बाद पूरा इंजन ही फेल हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी पैसेंजर को चोट नहीं पहुंची।

इंडिगो एयरलाइन की रायपुर-इंदौर फ्लाइट में मंगलवार को धुआं नजर आया। डीजीसीए के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि विमान के क्रू ने इंदौर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद केबिन में धुआं देखा था। उस समय विमान टेक्सी बे पर था। इंडिगो की यह फ्लाइट एयरबस ए-320 नियो एयरक्राफ्ट से संचालित की जा रही थी। इस घटना में भी किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ।

स्पाइस जेट के विमानों में कई दिनों से तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। पिछले 18 दिनों में ही कंपनी के विमानों में तकनीकी खराबी के आठ मामले सामने आ चुके हैं। तीन मामले अकेले मंगलवार के हैं। डीजीसीए ने कंपनी के विमानों में लगातार आ रहीं सुरक्षा खामियों को देखते हुए शो कॉज नोटिस भेजा है।





स्पाइस जेट से तीन हफ्ते में जवाब देने को कहा गया है।

स्पाइसजेस एयरलाइंस में मंगलवार को दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान के ऑयल इंडिकेटर में खराबी का पता लगा। इसके बाद फ्लाइट की पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। यात्रियों को दुबई ले जाने के लिए दूसरी फ्लाइट भेजी गई। मंगलवार को ही कांगड़ा से मुंबई के लिए उड़ा स्पाइसजेट के एक दूसरे विमान की मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग करानी पड़ी। स्पाइसजेट के क्यू-400 विमान में 23 हजार फीट ऊंचाई पर विंडशील्ड में दरार आ गई थी। इसके बाद तत्काल कांडला-मुंबई फ्लाइट को मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराने का निर्णय लिया गया।

इसी तरह मंगलवार को ही स्पाइसजेट के बोइंग 737 फ्रीटर कार्गो प्लेन के वेदर रडार ने काम करना बंद कर दिया। फ्लाइट कोलकाता से चीन के चोंगकिंग जा रही थी, लेकिन वेदर रडार खराब होने के बाद विमान को वापस कोलकाता भेजा गया। विमान की कोलकाता में सुरक्षित लैंडिंग हो गई। एयरलाइंस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

इससे पहले, शनिवार (दो जुलाई) को दिल्ली से जबलपुर जा रही स्पाइस जेट की फ्लाइट नंबर एसजी-2962 की दिल्ली में लैंडिंग कराई गई थी। दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट के केबिन में जब धुआं दिखा, तब प्लेन पांच हजार फीट की ऊंचाई पर था। इस फ्लाइट ने दिल्ली एयरपोर्ट से सुबह 6.15 पर उड़ान भरी थी। कुछ मिनट में ही एयरक्राफ्ट में धुआं भरने लगा।

### स्पाइस जेट सुरक्षित, बेहतर और भरोसेमंद सेवाएं देने में फेल

**इस** मामले पर डीजीसीए ने कहा कि स्पाइस जेट 1937 में बने एयरक्राफ्ट नियमों के तहत सुरक्षित, बेहतर और भरोसेमंद सेवाएं देने में फेल हुआ है। सितंबर 2021 में डीजीसीए ने स्पाइस जेट का ऑडिट किया था, जिसमें सामने आया था कि कम्पोनेंट सप्लायर्स को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते स्पेयर पार्ट्स की कमी हो रही है। डीजीसीए के स्पाइस जेट को नोटिस भेजने के बाद एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पैसेंजर सिक्योरिटी सबसे अहम है।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 37.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 30.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- नीलम बाटा रोड स्थित फोर्टिज अस्पताल में थैलासीमिया मरीजों के लिए मुफ्त ओपीडी: सुबह 9.30 बजे
- एनएच- पांच स्थित राम मंदिर में वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 10 बजे
- एनएच-5, ए ब्लॉक में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन : शाम 4 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह 8 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**एफडी** व अन्य बचत योजनाओं पर घटती ब्याज दरों और बढ़ती महंगाई ने निवेशकों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। ज्यादा ब्याज के लिए बाजार का रुख करते हैं, तो वहां जारी अनिश्चितता निवेश पर जोखिम बढ़ा सकती है। निवेश सलाहकार बलवंत जैन का कहना है कि अधिकतर बचत योजनाओं पर ब्याज दरें गिरने के बावजूद अभी कई विकल्प हैं, जो महंगाई को पार करके रिटर्न दे सकते हैं। दरअसल, महामारी से निपटने के लिए भारत सहित दुनियाभर की सरकारों ने भारी-भरकम राहत पैकेज दिया है, जिससे खुदरा महंगाई बढ़ना तय है। ऐसे में निवेश पर मिलने वाले अधिकतर रिटर्न को तो महंगाई ही खा जाता है इससे बचने के लिए वीपीएफ, आरबीआई टैक्स सेविंग बांन्ड और एनएससी जैसे विकल्पों में हाथ आजमा सकते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### जिला शिक्षा अधिकारी को दी बधाई



**फरीदाबाद।** अतिथि अध्यापक संघ, फरीदाबाद ने मुनेश चौधरी को जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर बधाई दी। अतिथि अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष रघु वत्स अपनी टीम के साथ कार्यालय सैक्टर-16 में अधिकारी को मिलकर बधाई दी जिला अधिकारी ने आश्वासन दिया कि भविष्य में अतिथि अध्यापकों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी, संघ के जिला महासचिव भागीरथ शास्त्री, सुन्दर भड़ाना, मनोज कुमार, शैलेन्द्र मिश्र, ज्ञान प्रकाश, उधम सिंह, रविन्द्र सिंह, मोनिका सिंह, ज्योति भारद्वाज, मंजू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### परिचय सम्मेलन 15-16 अक्टूबर को

**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन विवाह समिति 22वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह बड़ी धूमधाम से करेगी। महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने यह बात कही। अनिल गुप्ता संरक्षक की अध्यक्षता में समिति की एक मीटिंग मुख्य कार्यालय मनोहर लाल, 16/5 गोपी प्लाजा मथुरा रोड पर की। गुप्ता ने बताया कि समिति के द्वारा लगातार 21 वर्षों से परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का सफल आयोजन सभी दानदाताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों के सहयोग द्वारा किए गए हैं जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं उसी कड़ी में इस वर्ष भी 22वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 15-16 अक्टूबर को व सर्वजातीय सामूहिक विवाह 13 नवंबर 2022 को दशहरा मैदान सेक्टर-16ए, फरीदाबाद में कराया जाएगा।

# आसान नहीं है लीज सम्पत्तियों को फ्री होल्ड करने की राह

### लीज सम्पत्तियों से छेड़छाड़ और अन्य कारणों फ्री होल्ड करने में अड़चन

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम की कंगाली दूर करने के लिए राज्य सरकार ने करीब एक साल पहले लीज पर दी सम्पत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना बनाई थी। उस समय अनेक लीज होल्डरों ने सम्पत्ति फ्री होल्ड कराने के लिए सरकार के पोर्टल पर आवेदन भी किया था, लेकिन अनेक अड़चनों के कारण समय अवधि में लीज सम्पत्ति फ्री होल्ड न हो पाने से सरकार ने पोर्टल बंद कर दिया था।

माना जा रहा है कि निगम की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और नगर निगम चुनाव देखते हुए सरकार ने एक बार फिर लीज सम्पत्तियों को फ्री होल्ड कराने के लिए पोर्टल खोल दिया है। लेकिन नियमों और शर्तों में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे पोर्टल खुलने के बावजूद लीज सम्पत्तियों को फ्री होल्ड कराना अब भी इतना आसान नहीं है। लीज संपत्तियों पर लोगों ने तीन से चार मंजिला इमारतों का निर्माण कराया हुआ है। जिन लोगों के नाम पर सरकार ने संपत्ति लीज पर दी थी। उनमें ज्यादातर लोग इन्हें बेच चुके हैं। कई दुकानें तो कई कई बार बिक चुकी हैं। ऐसे में लीज ट्रांसफर होने में दिक्कत आ सकती है। इस तरह की अड़चन आने की वजह से इन संपत्तियों पर काबिज लोग इन्हें पहले भी फ्रीहोल्ड नहीं करा पाए थे।



तिकोना पार्क इलाके में स्थित निगम की लीज सम्पत्तियां।



बीके चौक पर स्थित निगम की लीज की दुकानें।

### लीज सम्पत्तियों से छेड़छाड़

**तत्कालीन** फरीदाबाद कम्पलैक्स प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए इन दुकानों का निर्माण कराया था। लीज की दुकानों के निर्माण सुनियोजित ढंग से किया गया था। बाजारों में सभी दुकानें एक मंजिल की बनाई थीं। दुकानों के बाहर ग्राहकों के खड़े होने के बरामदे बनाए गए थे, लेकिन अब मार्केटों का सूरत बदल चुकी हैं। मार्केटों के बरामदों पर दुकानदारों ने कब्जे कर निर्माण कर लिये हैं। वहीं दूसरी तरफ मार्केट की ज्यादातर दुकानें एक मंजिल के स्थान पर दो से चार मंजिल तक की बन चुकी हैं। जबकि नियमों के मुताबिक लीज होल्डर के पास इन दुकानों में बदलाव करवाने और छत पर निर्माण करवाने का कोई अधिकार नहीं है। जबकि कई लीज होल्डर तो अपनी छत पर बनी मंजिलों को अलग-अलग लोगों के हाथों बेच कर जा चुके हैं। ऐसे में यदि इन मार्केटों की दुकानों को निगम फ्रीहोल्ड करना भी चाहे तो वह सम्भव नहीं होगा। हालांकि निगम ने प्रथम मंजिल की पॉलिसी लाया था, लेकिन तब भी दुकानदारों ने नियमित नहीं कराया।

### वास्तविक लीज होल्डर हैं कम

**निगम** की करीब एक हजार से ज्यादा दुकानें लीज पर हैं। निगम ने इन्हें वर्षों पहले लोगों को लीज पर दिया था। यह दुकानें तिकोना पार्क, एनएच दो, एनएच तीन, एनएच चार, ओल्ड प्रेस कॉलोनी, नीलम फ्लाईओवर के पास और अन्य स्थानों पर स्थित हैं। जिन लोगों को निगम ने दुकानें लीज पर दी थीं। उनमें से ज्यादातर दुकानदार दुकानों को अन्य लोगों को बेच कर जा चुके हैं। जबकि नियमों के मुताबिक लीज प्रोप्र्टी को लीज होल्डर बेच नहीं सकता था। लीज ट्रांसफर पॉलिसि आने पर भी लोगों ने फायदा नहीं उठाया था।

नियमों के विपरीत ज्यादातर लीज होल्डर नगर निगम की सम्पत्ति को अन्य लोगों के हाथों बेच कर यहां से जा चुके हैं। संपत्ति को फ्रीहोल्ड करवाने का अधिकारी सिर्फ लीज होल्डर के पास ही मौजूद हैं। ऐसे में काबिज लोग संपत्ति को फ्रीहोल्ड नहीं करवा पाएंगे। वहीं दूसरी तरफ निगम की अन्य कई संपत्तियां लीज पर हैं। इनमें कई जमीनों पर स्कूल, पेट्रोल पंप और अन्य कार्य चलाए जा रहे हैं। इनमें से कई लीज संपत्तियों की तो समय अवधि भी खत्म हो चुकी हैं।

### कैसे बेच सकते हैं ग्रीनबेल्ट

**औद्योगिक** नगरी के बसने के बाद शहर में अनेक लोगों ने जगह-जगह खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर लकड़ी के खोखे बनाकर दुकानें बना ली थी। इनमें से कई खोखा मार्केट ग्रीनबेल्ट पर भी लगाई जाती थी। जिसके कारण कई तरह की परेशानियां सामने आ रही थीं। जिसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने इन खोखों के स्थान पर पक्की दुकानें तैयार कर इन दुकानदारों को लीज पर अलॉट कर दी थी। यह दुकानें 99 साल की लीज पर दी गई थीं। इनमें से बीके चौक से आयुक्त निवास और एनएच चार पांच चौक की मार्केट ग्रीनबेल्ट पर है। वहीं दूसरी तरफ ओल्ड प्रेस कॉलोनी की सड़क के दोनों तरफ बनी मार्केट भी ग्रीनबेल्ट पर है। यहां एक तरफ पेपर मिल नामक कंपनी की ग्रीनबेल्ट थी तो दूसरी तरफ ओल्ड प्रेस कॉलोनी के सरकारी क्वार्टरों की ग्रीनबेल्ट थी। शहर के कई पेट्रोल पंप भी ग्रीनबेल्ट की जमीनों पर बने हुए हैं। इन ग्रीनबेल्टों की जमीनों को भी लीज पर दिया हुआ है। ऐसे में सरकार ग्रीनबेल्टों की जमीनों को कैसे बेच कर फ्रीहोल्ड कर सकती है?



ओल्ड प्रेस कॉलोनी के ग्रीनबेल्ट पर बनी लीज प्रोपर्टी।

### अवैध निर्माण हैं अड़चन

**सरकार** ने इन शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित लीज संपत्तियों की कीमत सर्कल रेट के हिसाब से तय कर लीज होल्डरों से रकम लेकर सम्पत्ति को उनके नाम पर स्थानांतरित करने की योजना बनाई हैं। दुकानों और अन्य सम्पत्तियों को फ्रीहोल्ड करने से सरकारी खजाने में अरबों रुपये आ सकते हैं, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही से यह योजना पूरी तरह खटाई में पड़ने वाली है। यदि निगम अधिकारी अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर ध्यान देता तो यह स्थिति पैदा नहीं होती।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रक्तदान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नेहरू** युवा केन्द्र फरीदाबाद के सौजन्य से फोगाट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बल्लभगढ़ में बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121वीं जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और रक्तदान करने के साथ-साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एमपी सिंह ने शिरकत की। सर्व प्रथम उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित किए और कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में शिक्षा, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी और सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार चिरकाल तक प्रासंगिक रहेंगे। देश के प्रति अपने प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे महान प्रेरणा स्त्रोतों के जीवन गाथा को आज के युवा अपने जीवन में उतार उनके दिखाये मार्गों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करना चाहिए।



फोगाट पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में रक्तदान करते समाजसेवी।

इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका और फोगाट स्कूल के निदेशक सतीश फोगाट एवं प्रधानाचार्य निकेता सिंह ने पुष्प अर्पित किए। युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि मुखर्जी के विचार आज भी लोगों को ताकत देते हैं। डॉ. मुखर्जी ने भारत की एकता और प्रगति के लिए अपना जीवन व्यतीत कर दिया। उन्होंने एक असाधारण विद्वान के रूप में भी अपनी पहचान बनाई जो आज के युवाओं के लिए एक सन्देश है।

कार्यक्रम के अंत में नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने सभी रक्तदाताओं, मुख्य अतिथि, ब्लड बैंक की टीम का धन्यवाद किया व इस कार्यक्रम को सफल बनाने में करिश्मा, केशव, आशा, हर्ष कौशिक, राकेश टोंगर, जसवन्त पंवार, फोगाट स्कूल के अध्यापक अध्यापिकाओं, जज्बा फाउंडेशन से हिमांशु भट्ट का अहम योगदान रहा।

# ऑनलाइन पेंशन सर्विसेज का उठाएं फायदा : डीसी

### पेंशन संबंधी ऑनलाइन सेवाओं को एक्सेस करना आसान हो जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रक्षा विभाग द्वारा रक्षा पेंशन संवितरण अधिकारी लाल किला - एक दिल्ली के माध्यम से सैन्य सेवा पेंशन, पारिवारिक पेंशन व बैंक या किसी भी पीडीए के माध्यम से सैन्य सेवा पेंशन, पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों की पेंशन को स्पर्श माइग्रेट किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के आदेशानुसार सभी रक्षा पेंशनर अपने अपने पेंशन पेमेंट के ऑर्डर की पीपीओ पेंशन बुक, आधार कार्ड और पैन कार्ड की छाया प्रति तथा अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी सहित इस कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें।





सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के जिला अधिकारी कर्नल अमन सिंह यादव ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद के पूर्व सैनिक एवं उनकी वीरांगनाएं जो कि डीपीडीओ रेड पार्ट- वन दिल्ली रक्षा पेंशन संवितरण अधिकारी, लाल किला -1 दिल्ली व बैंक या किसी भी पीडीएफ के माध्यम से सैन्य सेवा पेंशन, पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की रक्षा पेंशन तय बद्ध तरीके से स्पर्श माइग्रेट किया जाता है। इसलिए स्पर्श माइग्रेशन सुगमता पूर्वक तरीके से लागू करने के लिए रक्षा पेंशनरों को स्पर्श के संबंध में आठ जुलाई को स्पर्श जागरूकता आउटरीच कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस जागरुकता कैंप में जिन भी पेंशनरों ने किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह पेंशनर अपने ऑर्डर, पीपीओ पेंशन बुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति के साथ मोबाइल नंबर, आईडी ईमेल सहित कैंप में जरूर पहुंचे।

# संक्रामक रोगों से बचाव को जागरुकता कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच-** तीन स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने विश्व जुनोसेस दिवस पर संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रार्थना सभा में जे आर सी सदस्य छात्राओं अपूर्वा, और अंजली ने कहा कि विश्व जुनोसेस दिवस ऐसी ही बीमारियों के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है, जो संक्रामक बीमारी है।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि जूनोज संक्रामक रोग जैसे वायरस, बैक्टीरिया और परजीवी से संबंधित डिजीज हैं जो पशुओं से मनुष्यों में फैल सकता हैं और इसके विपरीत पशुओं के सीधे संपर्क में या अप्रत्यक्ष रूप से वेक्टर जनित या खाद्य जनित के माध्यम से प्रसार कर सकता हैं।



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में विश्व जूनोसिस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को जानकारी देते प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा।

इसकी शुरुआत 6 जुलाई 1885 से हुई थी जब लुई पाश्चर ने रेबीज वायरस के उपचार का पहला टीका सफलता पूर्वक प्रशासित किया था जूनोटिक ऐसी बीमारी है जो जानवरों अर्थात जूनोज से मनुष्यों में और इसके विपरीत फैलने वाली बीमारी है। वायरस, बैक्टीरिया, कवक, परजीवी और मच्छरों से प्रेरित इस जूनोटिक रोग के कुछ उदाहरण इबोला, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू, निपाह, रेबीज, ब्रूसेलोसिस, लेप्टोस्पाइरोसिस, हुकवार्म, ग्लैंडर्स, साल्मोनेलोसिस, एवियन इन्फ्लूएंजा, वेस्ट नाइल वायरस एन्सेफलाइटिस, कोविड 19 आदि हैं। सबसे घातक वायरस जो इन दिनों संपूर्ण मानवता के लिए संकट बना हुआ है उन में से एक कोविड 19 भी जूनोटिक रोग है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि इस प्रकार के रोगों से बचने के लिए हमें हाथ और चेहरे की स्वच्छता रखनी चाहिए।

# अमृता अस्पताल की समस्या को लेकर सीएम से मिले

### अस्पताल प्रबंधन ने विधायक से की थी बिजली समस्या दूर करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** के भाजपा विधायक राजेश नागर ने सेक्टर 88 स्थित अमृता अस्पताल की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की और अस्पताल की ओर से एक मांगपत्र भी सौंपा। उनके साथ मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़ और अस्पताल के प्रबंधक स्वामी निजामृतानंद पुरी मौजूद रहे।

सीएम मनोहर लाल को मांगपत्र सौंपते हुए विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अगस्त 2022 को अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए आ रहे हैं। जिससे पूर्व यहां की सड़कों, सीवर, पेयजल और बिजली की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किए जाने आवश्यक हैं। अस्पताल के प्रबंधक स्वामी निजामृतानंद पुरी ने बताया कि फिलहाल हमें भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है जिससे हमें भविष्य में पूरी क्षमता के साथ अस्पताल को चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिससे बचने के लिए हमें निर्बाध बिजली की आपूर्ति प्रदान की जाए। इसके लिए हमें फिलहाल 10 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर तुरंत प्रदान किए जाएं। इसके अलावा हमें कम से कम दो 66 केवी लाइनों से कनेक्शन प्रदान किए जाएं जिससे कि हम जीवन रक्षा का कार्य सुचारू रूप से कर सकें। उन्होंने सीएम से प्रार्थना की कि वह बिजली निगम के अधिकारियों को समुचित निर्देश दें।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अपना मांगपत्र सौंपते अमृता अस्पताल के प्रबंधक स्वामी निजामृतानंद पुरी, विधायक राजेश नागर के साथ अजय गौड़।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि 2400 बैड क्षमता के अमृता अस्पताल का हमारी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश के लिए बड़ा महत्व होने वाला है। जिसकी 500 बैठ 25 अगस्त से ही प्रारंभ कर दिए जाएंगे। नागर की प्रार्थना पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मौके पर ही बिजली निगम के आला अधिकारियों को अस्पताल की सभी समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए और अस्पताल को भविष्य में भी पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**इरादे वाले ही बुनियाद रखते हैं समझ लेना**
**वही इंसानियत आबाद रखते हैं समझ लेना**
**धरातल पर करे जो काम जनहित का यहाँ सच में**
**उसे ही लोग जग में याद रखते हैं समझ लेना**

# नशे के विरोध में पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

### किसी भी मदद के लिए 1098 पर संपर्क कर सकते हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा चलाए गए महिला सुरक्षा व शहर को नशे मुक्त बनाने के लिए चलाई गई मुहिम के अंतर्गत गांव जसाना के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सामुदायिक पुलिसिंग प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराध, यातायात नियमों, नशे से होने वाली स्वास्थ्य व पैसे की हानि के बचाव करने के लिए जागरूक किया है। सब इंस्पेक्टर रामकुमार, स्कूल के अध्यापक के साथ छात्र भी मौजूद रहे। स्कूल प्रधानाचार्य सुलक्षणा ने पुलिस टीम का पुष्प भेटकर स्वागत किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहर में महिला सुरक्षा व शहर को नशे से मुक्त बनाने के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत स्कूल के बच्चों को पुलिस टीम के द्वारा महिला विरुद्ध अपराध, यातायात नियमों, नशे से होने वाली स्वास्थ्य व आर्थिक क्षति के प्रति किया जागरूक करते हुए सड़क पर यात्रा करते समय यातायात नियमों से संबंधित जानकारी देने वाली बुक व सीनियर सिटीजन के अधिकारों से संबंधित गाइड लाईन के पैम्पलेट बाटकर जागरूक किया है।



गांव जसाना के सरकारी स्कूल में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखातीं इंस्पेक्टर सविता।

छात्रों को नशे से होने वाली स्वास्थ्य व धन की हानि के संबंध में जानकारी देते हुए नशे से बचाव के उपाय बताए। नशे से हजारों लाखों घर बर्वाद हो चुके है। नवयुवक शुरुआत में गलत संगत के लोगों के साथ नशा करने लगते हैं। बाद में नशे की पूर्ति के लिए क्राइम का सहारा लेते हैं। जिसमें नौजवान चोरी, स्नैचिंग, लूट तथा अवैध हथियार के साथ वारदातों को अंजाम देते हैं। जिसके कारण उनकी हंसती खेलती जिंदगी बर्वाद हो जाती है। हमें शुरुआत में ही अच्छे लोगो की संगत में रहना चाहिए ताकि हम अपने स्वास्थ्य व धन के साथ अपने परिवार की खुशियों को बचा सके। इस अवसर पर पुलिस टीम ने छात्रों व अध्यापकों को नशे से होने वाली हानि व बीमारियों के प्रति नशे के प्रति जागरुक करते हुए नशे न करने की शपथ ली।

पुलिस टीम ने अंत में बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं। इसके अलावा नशामुक्ति हेल्पलाइन 9050891508, महिला हेल्पलाइन 1091, साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतें 1930 और बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध के लिए वह 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। छात्राओं के मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप इंस्टॉल करवाई गई ताकि इमरजेंसी के समय इसके उपयोग से पुलिस को सूचित करके सहायता ली जा सके।

**नितिन गोयल पुत्र लक्षमण दास गोयल निवीस ओल्ड फरीदाबाद, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नितिन गोयल पुत्र लक्षमण दास गोयल निवासी मकान नम्बर 187 खत्रीवाडा ओल्ड फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120बी आइ.पी.सी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 113/18,114/18,121/18,218/18,238/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी नितिन गोयल के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्त से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क करने से पहले 82 सीआरपीसी के तहत आरोपी को अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी नितिन गोयल 12 जुलाई 2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या माननीय अदालत में हाजिर हो।

**सुनील जिन्दल निवासी सैक्टर-14 फरीदाबाद, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनील जिन्दल पुत्र गिर्राज जिन्दल निवासी मकान नम्बर 538 सैक्टर- 14 फरीदाबाद, हाल किराएदार मकान नंबर 1203 ए, टावर सी-3 परल हाईटस एस.आर.एस. सिटी सैक्टर-87 फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120बी आइ.पी.सी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 114/18,122/18,238/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी सुनील जिन्दल के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्त से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क करने से पहले 82 सीआरपीसी के तहत आरोपी को अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी सुनील जिन्दल 12 जुलाई 2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या माननीय अदालत में हाजिर हो।

**जितेन्द्र कुमार गर्ग उर्फ जे.के.गर्ग निवासी सैक्टर-14 फरीदाबाद, अदालत में हाजिर हो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जितेन्द्र कुमार गर्ग उर्फ जे.के.गर्ग पुत्र प्रेमनाथ निवासी मकान नम्बर 537 सैक्टर-14 फरीदाबाद के खिलाफ 420, 406, 120बी आइ.पी.सी एवं 3 एचपीआईडीएफ एक्ट 2013 के तहत थाना सेक्टर 31 में मुकदमा नंबर 113/18,114/18,238/18 दर्ज है। उपरोक्त मुकदमा माननीय नरेंद्र सुरा अतिरिक्त सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ जे.के.गर्ग के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका हैं लेकिन आरोपी गिरफ्त से बच रहा है। आरोपी की संपत्ति कुर्क करने से पहले 82 सीआरपीसी के तहत आरोपी को अदालत में हाजिर होने के आदेश पारित हुए हैं। अतः आरोपी जितेन्द्र कुमार गर्ग उर्फ जे.के.गर्ग 12 जुलाई 2022 से पहले थाना सेक्टर 31 या आर्थिक अपराध शाखा या माननीय अदालत में हाजिर हो।

# मरीजों को दिल्ली नहीं निजी अस्पताल पहुंचा रही एम्बुलेंस

## सोसाल मीडिया पर वायरल विड़ियों से एम्बुलेंस चालक के कारनामें का खुलासा

**कविता।** फरीदाबाद


एम्बुलेंस में भर्ती मरीज और संग में परिजन।


एनएच-तीन के निजी अस्पताल के बाहर खड़ी सरकारी एम्बुलेंस।

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल से दिल्ली के लिए रेफर हो रहे मरीजों को सरकारी एम्बुलेंस चालकों द्वारा निजी अस्पताल में ले जाने के वीडियो वायरल हो रहे है। जिसमें एक मरीज के परिजनों को एम्बुलेंस चालक एनएच-तीन स्थित एक निजी अस्पताल में उतार रहा है।

जहां मरीज के परिजन बता रहे हैं कि उन्हें दिल्ली के लिए रेफर किया गया था, लेकिन गंभीर हालत का हवाला देते हुए उन्हें एम्बुलेंस वालों ने निजी में जाने की सलाह दी। उन्हें इतना डरा दिया कि वह निजी अस्पताल में आ गए। वहीं दूसरी वीडियो में एक नवजात बच्चे को पिता बीके से दिल्ली ले जाने के लिए एम्बलेंस लेने पहुंचा। उसे बच्चे को धूप में 112 रूम में लाने को कहा गया। लेकिन जब इस विषय में 112 नि:शुल्क एम्बुलेंस में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मरीज अपने आप जहां जाना चाहता है, हम उसे वहीं छोड़ देते हैं। हमारी तरफ से मरीज के परिजनों को किसी तरह से मजबूर नहीं किया जाता।

**पहला वीडियो :** स्विमिंग पूल में नहाते समय एक युवक डूब गया था, लेकिन उसके साथ नहाने गए अन्य युवकों ने उसे सुरक्षित निकालकर बीके अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत खराब होने की बात कहते हुए उसे बीके से दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। रेफर किए युवक को 112 नि:शुल्क एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष से एम्बुलेंस लेकर दिल्ली के लिए ले जाया गया। लेकिन युवक को एम्बुलेंस चालक दिल्ली के सफदरजंग में ले जाने के बजाय निजी अस्पताल में ले गए। परिजनों ने कहा कि सरकारी अस्पताल से निकलते ही चालक और ईएमटी ने उन्हें डराना और बरगलाना शुरू कर दिया और उन्हें उनके बेटे कि ज्यादा हालत बिगड़ने की बात कहकर डरा दिया और निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

**दूसरा वीडियो :** एक नवजात बच्ची को इलाज के लिए डॉक्टरों ने दिल्ली रेफर कर दिया। जिसके बाद बच्ची के पिता एम्बुलेंस लेने के लिए एंबुलेंस कंट्रोल रूम में गए, लेकिन एंबुलेंस कंट्रोल रूम से उसे बच्ची को कंट्रोल रूम तक लाने के लिए कह दिया। जिसके बाद बच्ची का पिता अपनी नवजात बच्ची को गोद में उठाकर कंट्रोल रूम पर ले जाता दिखाई दिया।

## चोरी की बाइक सहित चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपक है जो फरीदाबाद के गांव राजपुर कलां का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को नया पुल नहर पार से चोरी की बाइक सहित थाना कोतवाली के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने पहले भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जिसमें आरोपी पकड़ा नहीं गया था। आरोपी ने चोरी की बाइक को रोज गार्डन एनआईटी की अप्रैल के महीने में चोरी किया था।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन

## भ्रष्टाचारी विधायक एवं मंत्री का नाम उजागर करे सरकार : बीर सिंह सरपंच

## फार्मेसी लाइसेंस देने के नाम पर लूट मचाने वाला अदलखा हो सलाखों के अंदर : धर्मबीर भड़ाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जलुस निकाल कर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**आम** आदमी पार्टी ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लिए शामिल हुए। जिसमें नगर निगम के 200 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, भ्रष्टाचार में शामिल विधायक एवं मंत्री का नाम सार्वजनिक करने तथा दो आईएएस अधिकारी जिनका नाम शामिल है, उन पर कार्रवाई की परमिशन दिए जाने की मांग की गई।

प्रदर्शन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के दक्षिण हरियाणा के अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच ने किया। पहले प्रदर्शनकारी बीके चौक पर एकत्रित हुए और वहां से नीलम चौक तक नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और वापस नगर निगम कार्यालय पहुंचकर निगम कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उपस्थित भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए बीर सिंह सरपंच ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी।

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री के संरक्षण में भाजपा के सभी नेता एवं विधायक लूट मचाने में लगे हुए हैं। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी सहभागिता निभा रहे हैं। आज प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। भ्रष्टाचार के मामले में बीजेपी ने कांग्रेस को भी पछाड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम में एक धेले का काम नहीं होता और 200 करोड़ रुपये हड़प लिए जाते हैं। आप समझ सकते हैं फरीदाबाद को भाजपा के इन भ्रष्ट नेताओं ने कहां लाकर खड़ा कर दिया है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि फरीदाबाद के नगर निगम घोटाले में फरीदाबाद के ही एक मंत्री एवं विधायक का नाम आ रहा है। सरकार इनका नाम सार्वजनिक करे, ताकि जनता को पता लग सके कि उनके खून-पसीने की कमाई पर किसने डाका डाला है। धनेश अदलखा मुख्यमंत्री के दलाल के रूप में काम करता था और फार्मेसी करने वाले बच्चों से पैसे ऐंठते थे। इनको शर्म आनी चाहिए और पानी में डूबकर मर जाना चाहिए।

भड़ाना ने कहा कि शहर की पूरी जनता जानती है कि इस घोटाले में शामिल मंत्री एवं विधायक कौन है। मगर, प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इनका नाम सार्वजनिक करना चाहिए और इस घोटाले में जितने भी आरोपी शामिल है, कार्रवाई की जानी चाहिए। जनता के पैसे पर डाका डालने वाले धनेश अदलखा, जिसके खिलाफ विजिलेंस ने मामला दर्ज किया और उसकी तलाश जारी है, महाराष्ट्र में जाकर मुख्यमंत्री को मोबाइल दिखा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो मुख्यमंत्री के कितने करीबी हैं। उन्होंने फरीदाबाद की जनता से नगर निगम चुनावों में इन भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने की मांग की।

# चिह्नित अपराध के तहत 152 मामलों की पहचान : एसीएस


मुख्य सचिव गृह एसएस प्रसाद द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये आयोजित बैठक में भाग लेते डीसी जितेंन्द्र यादव और जिला के पुलिस अधिकारी।

## उपायुक्त जितेंद्र यादव ने दी फरीदाबाद जिला की विस्तृत जानकारी

**फरीदाबाद।** हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह राजीव अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा में जिला स्तरीय समितियों की सिफारिशों के आधार पर अक्टूबर 2018 में योजना शुरू होने के बाद से राज्य स्तरीय समिति द्वारा अब तक कुल 152 मामलों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बेहद गंभीर और सनसनीखेज अपराधों की पहचान करने के लिए शुरू हुई थी, जो एक संस्थागत तंत्र के माध्यम से आरोपी व्यक्तियों की सजा को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और उचित परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए जनता के मानस पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह राजीव अरोड़ा बुधवार को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय समिति ने चिह्नित अपराध के तहत चयनित मामलों की सुनवाई में हुई प्रगति की समीक्षा की और अभियोजन में आने वाली बाधाओं की पहचान की और सुधारात्मक उपाय किए। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह राजीव अरोड़ा ने कहा कि चिह्नित अपराध के तहत चयनित मामलों का जिला स्तर पर पालन किया जा रहा है। ताकि आरोपियों की दोष सिद्धि सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और उचित सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। अरोड़ा ने चिह्नित अपराध योजना के तहत विभिन्न मामलों की प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी अवगत कराया गया कि 152 चयनित मामलों में से कुछ मामलों का निर्णय न्यायालयों द्वारा किया गया है।

# पेंशनरों के लिए आठ को लगेगा मोबाइल नवीनीकरण कैंप

## प्रातः 10 से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा कैंप



**फरीदाबाद।** जिला खजाना अधिकारी संजय छौकर ने बताया कि हरियाणा प्रदेश सेवानिवृत पैंशनरों के लिए कल आठ जुलाई को मोबाइल नवीनीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला खजाना कार्यालय में लगने वाले इस शिविर का समय प्रात: दस बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस शिविर में हरियाणा सरकार से सभी सेवानिवृत पेंशनरों के मोबाइल नंबर अपडेट किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह कैंप उन पेंशनरों के लिए अति उपयोगी साबित होगा जिनका मोबाइल नंबर उनके व्यक्तिगत आनलाइन पेंशन दस्तावेज पर खजाना कार्यालय में रजिस्टर नहीं हैं। मोबाइल नंबर रजिस्टर होने पर उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की पेंशन संबंधित जानकारी खजाना कार्यालय से आसानी से प्राप्त हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने जिला खजाना कार्यालय फरीदाबाद व उप खजाना कार्यालय बल्लभगढ़ से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनरों से अपील की है कि वह आठ जुलाई को प्रात: 10 बजे पहुंचकर अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर अथवा नवीनीकरण अवश्य करवाएं। पेंशन रेजिस्टर करने के लिए अपने दस्तावेजों (पेंशन कॉपी, आधार कार्ड की मूल प्रात व रेजिस्टर करने लिए मोबाइल नम्ब) को साथ ले के आए। इन दस्तावेजों को लेके आना महत्वपूर्ण है।

# एनएचएसआरसी के चिकित्सकों ने किया बीके का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के अधीनस्थ एनएचएसआरसी (राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र) के डॉक्टरों की एक टीम ने बुधवार को बीके सिविल अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान अस्पताल में आए बदलावों और यहां बने मुस्कान केन्द्र का दौरा करते हुए उन्होंने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जांच की।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल में जहां एक तरफ देश का पहला मुस्कान केन्द्र बना है, वहीं दूसरी तरफ यह अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण कायाकल्प प्रमाणित है। इन दो बड़ी उपलब्धियों ने देश के अन्य सिविल अस्पताल प्रबंधकों के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसके चलते केंद्र एवं अन्य राज्यों के चिकित्सकों की


बीके अस्पताल का दौरा करते एनएचएस आरसी के चिकित्सक।

टीमें समय-समय पर यहां दौरा करती है। इसी कड़ी में बुधवार को टीम ने इस दौरान सीटी-एमआरआई सेंटर, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, ओपीडी, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड रूम, मुस्कान केंद्र, आपरेशन थियेटर, प्रयोगशालाएं, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, इंफेक्शन कंट्रोल, एसएनसीयू, एंबुलेंस ट्रैफिक सिस्टम और हर्बल गार्डन का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट तैयार करके ले गए हैं। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही हैदराबाद के चिकित्सकों की टीम भी निरीक्षण के लिए आएगी। इस बारे में पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि चिकित्सकों की टीम यह देखने आई थी कि कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बनाए रखी हैं या नहीं। इसके अलावा देश का पहला मुस्कान केंद्र सभी राज्यों के लिए आकर्षण का केंद्र है। टीम ने इस कारण उसका भी निरीक्षण किया। टीम एसएनसीयू में इंफेक्शन कंट्रोल को देखकर काफी प्रभावित थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने बताया है कि आगामी 13 अगस्त को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की आपसी सहमति से लंबित मामलों का समाधान किया जाता है। अदालत में यातायात, फैक्ट्री-श्रम विवाद, नगर निगम, पारिवारिक विवाद, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे मामले आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे।

सुकीर्ति गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। न्यायिक परिसर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से मामले आपसी सहमति से निपटाए जाते हैं।

# पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करना जरूरी

## हर उपभोक्ता कराए अपना नल कनेक्शन पीपीपी आईडी से लिंक : दीपक कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने ढांड खंड के सक्षम युवाओं के साथ समीक्षा बैठक की।

दीपक कुमार ने बताया कि कैथल एक ग्रामीण क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर एक लाख 37 हजार 456 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 51 हजार 647 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 85 हजार 809 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। 17 जून 2022 से विभाग द्वारा घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने का काम किया गया। जिसके तहत अब तक 6389 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी किया जा चुका है। पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने में ढांड


समीक्षा बैठक लेते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार

सबसे अव्वल है तो वही राजौंद सबसे फिसड्डी है। ढांड में 2101 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है।

कैथल में 1788, गुहला में 795, पुंडरी में 769, कलायत में 515, सीवन में 227 तो वहीं राजौंद में 192 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है। अभी भी जिला कैथल में 79420 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जाना शेष है। पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किए जाने के लिए 200 सक्षम युवाओं की डिमांड रोजगार विभाग से की गई है ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। मौजूदा समय में लगभग 100 सक्षम युवा पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने में लगे हुए हैं।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी सेवाओं को परिवार पहचान पत्र से लिंक करवा रही है। इसी के तहत पेयजल नल कनेक्शन भी लिंक किये जा रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने नल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से जल्द से जल्द लिंक अवश्य करवा लें।

## देसी गाय की खरीद पर 25 हजार रुपये की दी जाएगी सब्सिडी

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसानों के लिए प्रदेश सरकार उन्हीं योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे सीमान्त किसान जिसके पास 2 से पांच एकड़ भूमि है। उन्हें देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरुआत की है।

डीसी जितेन्द्र यादव ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के लिए शुरू की गई इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

# जिला में कंटेनमेंट जोन की संशोधित सूची

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में कंटेनमेंट जोन की सूची संशोधित की है, जिसके तहत नए क्षेत्र कंटेनमेंट जोन में शामिल किए हैं। इसलिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कंटेनमेंट जोन की सूची को संशोधित किया गया है। अत एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि 05. जुलाई 2022 तक जिला फरीदाबाद में निम्नलिखित स्थानों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाता है।

कंटेनमेंट जोन के संबंध में जिला प्रशासन, हरियाणा सरकार और भारत सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का नीचे दिए गए कंटेनमेंट जोन में सख्ती से पालन किया जाएगा। बनाये गए नये कंटेनमेंट जोन की सूची इस प्रकार है ग्रीन फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-81, सेक्टर 39, सेक्टर 55, सेक्टर 15, सेक्टर 9, सेक्टर 28, सेक्टर 14, सेक्टर 11, सेक्टर 43, सेक्टर 30, सेक्टर 48, सेक्टर 7, सेक्टर 8, एनआईटी, सेक्टर 70, सेक्टर 29, सेक्टर 16, सेक्टर 17, सेक्टर 19, सेक्टर 31, वसंत, सेक्टर 87, सेक्टर 22, सूरजकुंड, सैनिक कॉलोनी सेक्टर 49, सेक्टर 82, 84, 88, 86, इंदिरा कॉलोनी, झारसेंतली, बल्लभगढ़ चावला कॉलोनी, संजय कॉलोनी, एसजीएम नगर, सेक्टर 21, ग्राम कुरैशीपुर, सेक्टर 46, सेक्टर 75, 78, 85, इंद्र नगर, जवाहर कॉलोनी, फतेहपुर बिलोच, सेक्टर 45, सेक्टर 42, तिलपटा, आजाद नगर, संजय कॉलोनी, मुजेसर, आजाद नगर, सेक्टर 29, एनआईटी, संजय कॉलोनी, तिलपत शामिल किए है। वही बुधवार को जोन सेक्टर 29 में एच. नंबर 76 से 93 टाइप 3 नैसीन कॉम्प्लेक्स, एच.सं. 616 से 625 और पल्ला में एच.सं. 135 -9 से 145-9 शिव एंक्लेव इस्माइलपुर और एच.सं. 20- 6 से 30-6 शिव एन्क्लेव इस्माइलपुर एक्सटेंशन अमरनगर को हटाया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## गदपुरी टोल पर वकीलों के वाहन फ्री कराने को सौंपा ज्ञापन


गदपुरी टोल पर वकीलों के वाहनों को फ्री करने के लिए ज्ञापन देते वकील।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 लघुसचिवालय में वकीलों ने जिला उपायुक्त फरीदाबाद को भारत सरकार में सड़क परिवहन मंत्री, नितिन गड़करी के नाम ज्ञापन सौंपा। बार काउंसिल पंजाब एण्ड हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ, एडवोकेट ने वकीलों के लिए गदपुरी टोल प्लाजा को उनका आईडी देखकर उनके वाहनों को आने-जाने के लिए फ्री किया जाना चाहिए। टोल प्लाजा पर वाहनों की लम्बी कतारें लग जाने के कारण वकील अपने मुवक्किलों के केसों की पैरवी समय पर नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें ढाई से तीन घंटे टोल पार करने में लग जाते हैं। फरीदाबाद से सैकड़ों की तादाद में वकील पलवल अदालत जाते हैं उनका आने-जाने में टोल पार करने में काफी समय बर्बाद हो जाता है। टोल पर अधिक समय लगने की वजह से वकील साथी समय पर कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाते जिससे उनके मुवक्किलों के गैर जमानती वारंट हो जाते हैं और मुवक्किलों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए सभी वकील आपसे मांग करते हैं कि वाहनों को बिना टोल शुल्क लिये जाने की अनुमति दी जाये। मौके पर जिला बार ऐसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतबीर शर्मा, मनजेश भड़ाना, जिला बार ऐसोसिएशन के सदस्य कुलदीप जोशी, विजय यादव, राजकुमार शिशोदिया, अफाक खान, कमल दलाल, मनोज कुमार, अशीष, तरुन, पुरुषोत्तम वशिष्ठ, नमन बसंल, कपिल तिवारी, नरेश कौशिक, गौरव चौहान आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

## नहीं होने दिया जाएगा अवैध निर्माण : निगमायुक्त

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को नहीं होने दिया जाएगा और अगर कोई अवैध निर्माण होते पाया जाता है तो उसके निर्माणकर्ताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जाएगा। निगमायुक्त ने बड़खल मोड़ से अमृता अस्पताल के रास्ते में पड़ने वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के बारे में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। क्षेत्र में चल रहे अवैध निर्माणों को तुरन्त तोड़ने और उस क्षेत्र में पदस्थ सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ अनुशानत्मक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। निगमायुक्त ने बताया कि इसी प्रकार एनआईटी क्षेत्र में कुछ अवैध निर्माणों के विरूद्ध कार्रवाई न करने पर सम्बंधित सहायक अभियंताओं के विरुद्ध धारा सात के तहत आरोप पत्र जारी करने के लिए सरकार को केस भेजने के आदेश दिये गये हैं। इसी प्रकार नियमित कनिष्ठ अभियंता के धारा सात के अंतर्गत आरेप पत्र जारी करने तथा आउटसोर्स एजेंसी के तहत कार्यरत कनिष्ठ अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिये हैं कि क्यों ना उनकी सेवाओं को खत्म कर दिया जाए। निगमायुक्त ने कहा कि निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे सभी निर्माणों को निर्माणकर्ताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि ऐसे निर्माण तोडने से पहले निर्माणकर्ता को नोटिस देने के उपरान्त ही इनको तोड़ने की कार्रवाई की जाती है।

## हार्ट सेंटर पर सही स्टंट न डालने का लगाया आरोप

**फरीदाबाद।** बादशाह खान अस्पताल के हार्ट सेंटर पर सही स्टंड न डालने का आरोप ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने लगाया है। किशन लाल बजाज ने सीएमओ को इसकी लिखित में शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग विजय कुमार का इलाज बीके अस्पताल के हार्ट सेंटर में 17 जून और 23 जून को हुआ था। शंका है के मेरे मरीज का इलाज सही तरह से नहीं किया है। मैंने उसके इलाज की एंजियोग्राफी फोर्टिज एस्कोर्टस अस्पताल से कराई है। जिसमें बताया कि स्टंट सही नहीं डाला है। मेरे मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई है। यदि मेरे मरीज को कोई जान का खतरा हुआ तो इसका जिम्मेदार हार्ट सेंटर होगा। उन्होंने हार्ट सेंटर और फोर्टिज एस्कार्टस अस्पताल दोनों की रिपोर्ट की कॉपी भी संलग्न की है। किशन लाल बजाज ने सीएमओ से मांग की है कि इसकी उचित जांच कराई जाए। ताकि इस हार्ट सेंटर से किसी और की जान से खिलवाड़ न हो सके। वहीं दूसरी तरफ हार्ट सेंटर के चिकित्सक डॉ. ओमजीवन ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। इसमें ऐसी कोई शिकायत आई है, तो उन्हें नहीं पता है। हमारी तरफ से स्टंट सही डाला गया था, क्योंकि हमारे रिकार्ड के मुताबिक स्टंट की वीडियोग्राफी ठीक है।

## नीमका जेल में लोक अदालत का आयोजन


नीमका जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में केसों की सुनवाई करतीं सीजेएम सुकीर्ति गोयल।

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने बुधवार को जिला जेल नीमका में लोक अदालत लगाई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के 18 केसों पर सुनवाई हुई। इन केसों में से एक केस जिसमें आरोपी चोरी के केस में बंद था। उसे तुरंत छोड़ने के आदेश भी पारित किए गए। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक रामचंद्र और उप अधीक्षक अनिल कुमार, पैनल एडवोकेट नीना शर्मा, जीत कुमार रावत और स्टेनो प्रभात शंकर मौजूद रहे।

## पर्यटन कर्मियों ने की गेट मीटिंग

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड, बड़खल लेक, मैगपाई, गोल्फक्लब, नाहरसिंह महल, होडल डबचिक और शमां गुरुग्राम के कर्मचारियों ने मोटल सनबर्ड सूरज कुंड में प्रधान मुरारीलाल, राजेश यादव और अशोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में गेट मीटिंग की। मंच संचालन प्रेस सचिव टीकाराम शर्मा ने किया। मीटिंग में राज्य प्रधान सुरेश नोहरा व चेयरमैन मित्रपाल राणा ने कड़े शब्दों में कहा कि जिस प्रकार हरियाणा सरकार व निगम प्रशासन कॉम्पलेक्श बेचने की नीयत पाले है। हम उनकी इस मंशा को कतई सफल नहीं होने देंगे। वर्षों की मेहनत से कर्मचारियों ने अपने खून पसीने से पर्यटन को सींचा है उसको उजड़ने नहीं देंगे। महासचिव सुभाष देसवाल, वरि.उप प्रधान युद्धवीर सिंह, उपप्रधान डिगम्बर सिंह, विरेंद्र शर्मा, संगठन सचिव लच्छीराम व देवेन्दर नमबरदार ने बताया कि सेवेंथ पे कमिशन का मकान भत्ता अभी तक निगम ने नहीं दिया है। जिसके कारण कर्मचारियों को हर महीने कम से कम 3000 रुपये का नुकसान हो रहा है। कई कॉम्पलेक्शों में दो से तीन महीने का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। रिटायर कर्मचारियों का हिसाब किताब समय पर नहीं मिल रहा है। मीटिंग को सुरेंदर चांदना, सुभाष बिधूडी, कल्लूराम,ने सम्बोधित करते हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व निगम में नई भर्ती करने को कहा। मांगों का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

## पुलिस लाइन में किया पौधारोपण


सेक्टर 14 पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार को पौधा भेंट करते हुए।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 30 स्थित पुलिस लाइन के ग्राउंड में विक्टोरा इंडस्ट्रीज एसएस वांगा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान आओ पेड़ लगाएं के तहत पौधारोपण किया गया। सेक्टर 14 पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार ने बांगा द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए बताया कि पर्यावरण की चिंता करना के समय की मांग है और इसमें हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि अपने आसपास खाली जगह पर पेड़ लगाएं और साथ-साथ उसकी देखभाल भी करें। इस मौके पर विक्टोरा इंडस्ट्रीज से सुनील त्रिपाठी, विपिन राणा, नीरज, जी के चौहान, हरका बहादुर, मनोज गुप्ता, विशाल महेश्वरी साथ में अभाविप जिला प्रमुख सरोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत विभाजन के कट्टर विरोधी थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : नवीन गोयल

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पटौदी रोड पर किया पौधारोपण

### हर महापुरुष की जयंती, बलिदान दिवस पर्यावरण को करें समर्पित



गुरुग्राम के गांव गाड़ौली में कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण करते पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मां भारती के अमर सपूत, राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद्, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल समर्थक, एक विधान-एक निशान-एक प्रधान सिद्धांत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में पौधारोपण किया गया। प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में यह पौधारोपण अभियान चलाया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ गाड़ौली गांव में पौधारोपण किया।

पौधारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण प्रकोष्ठ के सह संयोजक राजेश गुलिया, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल, कमांडर उदयवीर, गगन गोयल, ललित क्रांतिकारी, विजय वर्मा, केपी गर्ग, रजनीश राठी, हरकेश प्रधान, जितेश गोगिया, सतीश तायल, मनीष समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक होना चाहिए। यह हम सभी का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करके अपने पर्यावरण को बचाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश में सांस ले सकें। श्री गोयल ने कहा कि हमें हर महापुरुष की जयंती, उनके बलिदान दिवस पर पर्यावरण को समर्पित करना चाहिए। क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान में ज्वलंत मुद्दा है। यह किसी एक के नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों से सुधारा जा सकता है। कोई पेड़ लगाए, तो कोई इसे प्रदूषित करने से बचे। इस तरह सब-मिलकर पर्यावरण को सुधारने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।



सुशांत लोक में पौधा लगाते बोधराज सीकरी।

## बोधराज सीकरी ने बताई डॉ. श्यामा प्रसाद की जीवनी

### सुशांत लोक में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

गुरुग्राम। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को सुशांत लोक फ्लायर्स पार्क में सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, पार्षद अनिल आरती यादव के संयुक्त प्रयास से पौधारोपण किया गया। सुशांत लोक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में महिलाओं की भी अच्छी-खासी संख्या रही।

बोधराज सीकरी ने जहां एक ओर डॉ. मुखर्जी की जीवनी, उनकी योग्यता एवं उनका राष्ट्र के प्रति योगदान और भारतीय जनसंघ के गठन से लेकर भाजपा की संघर्ष पूर्ण यात्रा से लोगों को अवगत कराया, वहीं पर्यावरण के महत्व का भी संदेश दिया। अनिल आरती यादव ने अपने क्षेत्र में किए विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया और उनके सुझाव लिए। सुशांत लोक आरडब्ल्यूए प्रधान विष्णु खन्ना, महामंत्री दीपक वर्मा, संजय टंडन कोषाध्यक्ष, सीमा चावला, सतीश चावला, चारुकीर्ति जैन, सरिता विरमानी, श्वेता, डीपी गुप्ता, विक्रम, सीमा चावला, दीपक भाटिया, अनिल शर्मा, सुरेंद्र दसौर, राघवेंद्र, भक्ति शर्मा, सुभाष सचदेवा, प्रवीन कौर, योगेश्वर लाल चौहान, विरेंद्र, अरुण वर्मा, राजीव छाबड़ा, दीपक भाटिया, सोनी पूर्व प्रधान, विजय गुप्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री 11 को करेंगे एलीवेटेड मार्ग का उद्घाटन

सोहना। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल 11 जुलाई को गुरुग्राम-सोहना के बीच बने 25 किलोमीटर एलीवेटेड मार्ग का उद्घाटन करेंगे। इस दिन से गुरुग्राम-सोहना के बीच की दूरी मात्र 20 मिनट में तय होगी। गुरुग्राम-सोहना के बीच बने एलीवेटेड मार्ग पर वाहन 11 जुलाई से बिना रुके फर्राटे भर सकेंगे। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस दिन एलीवेटेड मार्ग को आम जनता के लिए खोल देंगे। जिसको लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री गुरुग्राम के देवीलाल खेल स्टेडियम में एक कार्यक्रम में रहेंगे। इसी दिन इस मार्ग का उद्घाटन करेंगे। अभी यह तय नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री मार्ग का उद्घाटन किस स्थान पर रिबन काटकर करेंगे। उन्होंने बताया कि बादशाहपुर से गुरुग्राम राजीव चौक तक एलीवेटेड मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गुरुग्राम-सोहना के बीच बने एलीवेटेड मार्ग से दिल्ली, गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा, चण्डीगढ़ समेत राज्य के अन्य जिलों में जाने वाले नागरिकों को सफर कम समय में तय होगा।

# धर्म के काम में इंसान की भावना शुद्ध होनी चाहिए : डॉ. दिव्यानंद

## ज्योति पार्क में तीन दिवसीय सद्गुरु आराधना महोत्सव में बोले, आज की युवा पीढ़ी में संस्कारों का समावेश करने की जरूरत



स्वामी दिव्यानंद।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरिद्वार तपोवन के गीता ज्ञानेश्वर स्वामी डा. दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि तीर्थ करना धर्म है, लेकिन धर्म के लिए आत्मा शुद्ध होनी चाहिए। तीर्थ को तीर्थ मानकर करें ना कि पिकनिक जैसी भावना से करें। आज के दौर में हम तीर्थ भी करते हैं, धर्म भी करते हैं, लेकिन हमारी भावना में शुद्धता नहीं रही। यह बात उन्होंने यहां ज्योति पार्क स्थित श्रीगीता आश्रम में तीन दिवसीय सद्गुरू आराधना महोत्सव में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कही।

स्वामी डा. दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। अपनी संस्कृति का ज्ञान कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ डिग्रीधारी ही पढ़े-लिखे नहीं होते। उन्हें अपनी संस्कृति का ज्ञान भी होना चाहिए। संस्कार शुद्ध आत्मा से करें। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि धर्म के नाम पर जो करते हो, जरूरी नहीं कि वह धर्म है। उसमें धार्मिक भावना हो, तभी वह धर्म कहा जा सकता है। जहां धर्म के नाम पर धर्म-कर्म ना हो तो वहां का पतन पक्का है। धर्म-कर्म के नाम पर अधर्म नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में लोगों की धार्मिकता पर उन्होंने कहा कि आज हम धर्म से ज्यादा ध्यान इस बात पर देते हैं कि हमारी तस्वीर, हमारी सेल्फी अच्छी आई या नहीं। मतलब हमारा भगवान में ध्यान कम और अपनी तस्वीर कराने में अधिक रहता है। इसे धार्मिक भावना नहीं बल्कि दिखावा ही कहा जा सकता है। किसी भी धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल की तस्वीरें तो तुरंत सोशल मीडिया जैसे फेसबुक पर डालने की होड़ लगी रहती है। हमारी यह आदत किसी न किसी रूप में हमें नुकसान देती है। एक उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि एक परिवार घूमने गया और वहां की तस्वीरें फेसबुक पर डाल दी। चोरों की निगाह उन पर थी। उनको फेसबुक पर फॉलो करते हुए चोरों ने अंदाजा लगा लिया कि वे तीन-चार

# अब बारिश का पानी नहीं होगा जमा, साफ होंगे नाले

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

नगर परिषद बरसात के मौसम से पहले शहर के सभी नाले और नालियों की सफाई कराएगी। जिसके लिए आपातकाल टेंडर लगाए गए हैं। टेंडरों को पांच दिन बाद खोला जाएगा।

अभी बारिश के मौसम की शुरुआत नहीं हुई है। परिषद के अनुसार बारिश का मौसम 15 जुलाई के आस पास शुरुम होता है। जिससे पहले परिषद शहर के सभी बरसाती नालों और नालों की सफाई कराएगी। जिससे शहर के किसी भी स्थान पर जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो सके। इसके साथ ही शहर में बने 15 से 20 वाटर हार्वेस्टिंग को भी सफाई की जाएगी। ताकि उनके आस-पास जमा होने वाला बरसात का पानी जमीन में सीधा जा सके। बरसाती पानी गिरते भूजल स्तर को बढ़ोतरी दे सके।

**मंगलनगर पर विशेष ध्यान :** नगर परिषद इस वर्ष वार्ड-19 के मंगलनगर में स्थित बरसाती नाले का विशेष ध्यान रखेगी। क्योंकि सबसे ज्यादा समस्या इसी वार्ड के नागरिकों को होती है। परिषद प्रशासन चाहता है कि यहां के नालों की सफाई गहराई से हो सके। ताकि बारिश का पानी सुचारू रूप से निकल सके। करीब दो माह पहले भी इस वार्ड के नाले की मैनपॉवर से सफाई कराई गई थी। जिसके चलते नाले का जलस्तर काफी नीचे पहुंच गया था।

नगर परिषद के सचिव नवीन पांडे ने बताया कि शहर में जलभराव के संभावित स्थानों को तलाशा जा रहा है। ऐसे बरसाती नाले, नालियां और गंदे पानी के नालों की पहचान की जा चुकी है। जिनकी सफाई के लिए टेंडर लगा दिए गए हैं। अगले पांच दिन में टेंडर खोलकर सफाई का ठेका छोड़ दिया जाएगा।

# नशे का कारोबार करने वाले दवा विक्रेताओं पर पैनी नजर

एन रोहिल्ला। सोहना

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के निशाने पर शहर के दर्जनभर दवा विक्रेताओं की दुकानें हैं। इन दुकानों में नशे की दवाइयों से लेकर प्रतिबंधित दवाएं धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। मंगलवार को सीएम उड़नदस्ते ने शहर के चुंगी नंबर दो के निकट एक दवा विक्रेता की दुकान पर छापेमारी कर उसे सील किया था।

शहर में दिन प्रति दिन दवा विक्रेता की दुकानों पर नशा से संबंधित इंजेक्शन, गोली और प्रतिबंधित सीरप बेचने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे युवाओं में नशा करने की लत दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बीते



करीब एक माह में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के साथ नारको और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिलकर दो दवा विक्रेताओं की दुकानों पर छापामारी की थी। छापामारी के दौरान दवाओं की आड़ में बेची जा रहे नशीले पेय पदार्थ, इंजेक्शन और गोलियां बरामद की। छापामारी के बाद दोनों ही दुकानों को सील कर दिया गया था।

**छापामारी के दौरान गिर जाते हैं शटर :** शहर में जब-जब भी प्रतिबंधित नशे की गोलियां से लेकर प्रतिबंधित पेय पदार्थों पर छापामारी की गई तब तब शहर में दवा विक्रेताओं की दुकानों और निजी अस्पतालों पर ताले लटक जाते हैं। दुकानदार और निजी अस्पताल संचालक छोड़कर भाग जाते हैं।

जानकार सूत्रों के अनुसार शहर में दर्जन भर दवा विक्रेताओं की दुकान, निजी अस्पताल और झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें निशाने पर हैं। जिन पर कभी भी छापामारी हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि दवा सप्लायर भी उड़नदस्ते के निशाने पर हैं। जिनके यहां कभी भी छापामारी हो सकती है। कई दवा सप्लायरों के गोदाम तक की पहचान कर ली गई है।

# 'हमें अब पर्यावरण विषय पर सोचना नहीं काम करना है'

## शुरुआती शिक्षा से ही पर्यावरण के प्रति बच्चों को दें प्रेरणा

गुरुग्राम। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डीपी गोयल बुधवार को केंद्रीय विद्यालय में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। वहां उन्होंने पेड़ लगाकर संदेश दिया कि पेड़ लगाना हम सबकी जिम्मेदारी और प्राथमिकता होनी चाहिए। पेड़ों से हमारा जीवन सुरक्षित है। पेड़ों से मिलने वाली प्राकृतिक ऑक्सीजन की पूर्ति अप्राकृतिक यानी मशीनों से बनाई जाने वाली ऑक्सीजन से नहीं की जा सकती।

वन महोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जेपी सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों ने डीपी गोयल का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। साथ ही उनके द्वारा समाज में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की गई। इस दौरान उनके साथ मंथन सेवा समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह, गगन बंसल, प्रदीप सिंह, अजय राय आदि मौजूद रहे। यहां अपने संबोधन में डीपी गोयल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होना बहुत जरूरी है। अब इस विषय पर सोचने की बजाय काम करने की जरूरत है। हमारा पर्यावरण कितना खराब हो चुका है, यह किसी से छिपा नहीं है। हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए, अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं। शिक्षण संस्थान भी इस विषय को लेकर बच्चों में जागृति लाएं। इस विषय पर प्रतियोगिताएं कराने के साथ उन्हें पेड़ लगाने के प्रति भी जागरुक करें।



गुरुग्राम के केंद्रीय विद्यालय में पौधारोपण करते रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डीपी गोयल।

## संक्षिप्त-समाचार

### अक्षय आनंद को मिली ग्रैंड मास्टर की उपाधि



गुरुग्राम। एशिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स की तरफसे अक्षय आनंद को ग्रैंड मास्टर की उपाधि दी गई है। हरियाणा का गौरव अक्षय आनंद (आनंदशाला संस्थापक) ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है। अक्षय आनंद द्वारा 5 मिनट में 52 सूर्य नमस्कार किए गए, जो कि एक एशिया रिकॉर्ड बना है। इसी को ध्यान में रखते हुए एशिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स द्वारा अक्षय आनंद को ग्रैंड मास्टर की उपाधि प्रदान की गई। अक्षय आनंद भारत सरकार के द्वारा प्रमाणित योग शिक्षक हैं और आनंदशाला के संस्थापक हैं। लगभग पिछले डेढ़ वर्षों से निशुल्क योग कक्षाएं आनंदशाला के नाम से चला रहे हैं। आनंदशाला में हरियाणा के 15 जिलों एवं विदेशों से भी 100 साधक नित्य योगाभ्यास करते हैं। अक्षय आनंद का दावा है कि उन्होंने कोरोना काल में केवल योग के माध्यम से लगभग 20 लोगों को कोरोना से ठीक किया। 500 से अधिक साधक केवल योग अभ्यास के द्वारा अनेक असाध्य बीमारियों को ठीक कर चुके हैं।

### देसी पिस्टल बरामद सहित एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विकास है। आरोपी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव बेगमपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सूचना के आधार पर थाना बीपीटीपी के एरिया से देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने देसी कट्टे को थाना बीपीटीपी क्षेत्र में आने वाले घर में से चोरी किया था। जिसका चोरी का मुकदमा दर्ज है। आरोपी को मामले की पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच एनआईटी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमन फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को नाकाबंदी कर डबुआ मंडी रोड से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी से मोटरसाइकिल के डॉक्यूमेंट मांगे जो आरोपी डॉक्यूमेंट पेश नहीं कर पाया। मोटरसाइकिल के चेचिस नंबर चेक करने पर पाया कि मोटरसाइकिल थाना डबुआ के चोरी के मुकदमे की है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के चालान से पहले व्यापारियों को किया जाएगा जागरूक

## स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के समक्ष नवीन गोयल ने रखी बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का गुरुग्राम पहुंचने पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक बैन होने के बाद व्यापारियों के चालान की प्रक्रिया को रुकवाकर पहले जागरुकता अभियान चलाने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

पिछले ढाई साल से पर्यावरण संरक्षण को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल लगातार काम कर रहे हैं। स्वच्छ गुरुग्राम-स्वस्थ्य गुरुग्राम, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम के लिए उन्होंने अभियान चला रखा है। उन्होंने सरकार के सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर बैन लगाने को अहम कदम बताया। बुधवार को नवीन गोयल ने डिस्पोजल एसोसिएशन के व्यापारियों के साथ स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में मुलाकात की। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन होने के बाद व्यापारियों को आ रही परेशानी और नगर निगम द्वारा काटे जा रहे चालान को लेकर व्यापारियों का पक्ष रखा। नवीन गोयल ने मंत्री डा. कमल गुप्ता से आग्रह किया कि व्यापारियों पर सख्ती करने की बजाय उन्हें जागरुक किया जाए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों से भी कहा कि वे सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करें।



गुरुग्राम में स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के समक्ष व्यापारियों की समस्या रखते नवीन गोयल।

स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने मेयर मधु आजाद, निगमायुक्त मुकेश कुमार आहूजा की मौजूदगी में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों के चालान करने से पूर्व उन्हें जागरुक करें। इस काम में पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रमुख नवीन गोयल को भी शामिल करें, ताकि किसी दुकानदार, व्यापारी को परेशानी ना हो। साथ ही कहा कि आगामी रूपरेखा तैयार करें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करने में किस तरह से कार्य किया जाए। सुमित कुमार संयुक्त आयुक्त, विजय यादव, डिस्पोजल एसोसिएशन से नवीन कुमार, धीरज कुमार, सचिन गुप्ता के अलावा गगन गोयल, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जून माह में गुरुग्राम आरटीए ने 741 ओवरलोड वाहनों के किए चालान

## तीन करोड़ में से 31 लाख 94 हजार का जुर्माना वसूलना बाकी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जून-2022 में क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण (आरटीए) गुरुग्राम ने ओवरलोड वाहनों पर लगातार शिकंजा कसा। इस माह में विभाग ने 741 वाहनों के चालान करके उन पर करीब तीन करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंका। हालांकि यह जुर्माना अभी वसूल किया जाना है।

क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण गुरुग्राम के सचिव रविंद्र यादव ने बुधवार को बताया कि जिला में ओवरलोड व बिना परमिट व बिना दस्तावेजों के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए सघन अभियान निरंतर जारी है। विभाग की ओर से जून माह में ओवरलोड व बिना परमिट के चल रहे 741 वाहनों के चालान कर 2 करोड़ 96 लाख 84 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सचिव ने कहा कि जिला में ओवरलोड वाहन का परिचालन किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे एक तो सड़क हादसों के ग्राफ में कमी आई है, साथ ही सभी ट्रांसपोर्टर्स को कहा गया है कि वो अंडर लोड ही चलाये जिससे कि कोई सड़क हादसा भी न हो। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम ओवर लोड को पूरी तरह बन्द करवाएं, इसके लिए निरंतर चेकिंग और चालान किये जा रहे हैं। विभाग की ओर से किए गए चालानों में अधिक संख्या ट्रकों की है। जिनमें कई बिना दस्तावेज और ओवरलोड मिले थे। वहीं बिना परमिट और बिना टैक्स दिए जिले में दौड़ती बसों पर भी विभाग सख्ती कर रहा है। विभाग की ओर से सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के दृष्टिगत ओवर लोडिंग वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए सघन जांच अभियान को निरंतर जारी रखा जाए।

अभियान के दौरान क्षमता से अधिक वाहन में भार (रोड़ी, क्रेशर व सामान) पाए जाने पर चालान किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा जून माह में ओवरलोड व बिना परमिट के चल रहे 741 वाहनों के चालान कर 2 करोड़ 96 लाख 84 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऐसे में अब इन वाहन चालकों की ओर से 2 करोड़ 64 लाख 90 हजार 700 रुपये का जुर्माना अदा किया जा चुका है, जबकि कई वाहन चालकों की ओर से 31 लाख 94 हजार का जुर्माना अदा किया जाना है।

श्री यादव ने कहा कि सड़क पर चल रहे प्रत्येक वाहन के लिए भार की क्षमता निर्धारित की गई है। वाहन मालिकों के साथ-साथ क्रेशर संचालकों द्वारा भी वाहन की क्षमता के अनुसार ही भार (रोड़ी/क्रेशर) डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑवर लोडिंग के कारण सड़क दुर्घटना होने की आंशका बनी रहती है।

# नेहरू युवा केंद्र में रेडक्रॉस ने लगाया रक्तदान शिविर

गुरुग्राम। नेहरू युवा केंद्र गुरुग्राम द्वारा बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सिविल हॉस्पिटल गुरुग्राम के सहयोग से केंद्र के कार्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

केंद्र के उप-निदेशक कृष्ण लाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस शिविर का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। शिविर के दौरान स्वैच्छिक रक्त दाताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सिविल हॉस्पिटल, डॉक्टर्स की टीम ने सभी को रक्तदान के लाभों से भी अवगत कराया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर विभिन्न युवा क्लबों मे पौधारोपण व अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। प्रोफेसर रोहित शर्मा, प्रोफेसर, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता, ममता धवन, जतिन कौशिक, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रेडक्रॉस एवं डॉ. जनक ने इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लिया। इस शिविर के सफल आयोजन में कुणाल मंगला, आकांक्षा युवा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया से श्यामा राजपूत, कामकाजी महिला आवास से वार्डन कविता सरकार, अतुल परासर, डॉ. जनक, डॉ. सुलोचना, एक उड़ान से कल्याणी सचान, रोहित मदान, तिलकराज, ममता धवन, वर्षा, अहमद एवं कपिल का सराहनीय योगदान रहा। शिविर को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। युवा केंद्र के उप-निदेशक कृष्ण लाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार एवं पूरी टीम का धन्यवाद किया।




गुरुग्राम के नेहरू युवा केंद्र में पौधारोपण करते रेडक्रॉस व केंद्र के सदस्य।

# भारत में अमेजन प्राइम मेंबर्स के लिए 23 और 24 जुलाई को होगा प्राइम डे 2022 का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत में प्राइम मेंबर्स को खुशियां मनाने का बहाना देने के लिए, अमेजन एक बार फिर से अपना वार्षिक प्राइम डे लेकर आ रहा है। दो दिनों तक आकर्षक डील्स, बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, नए लॉन्च, और बहुत कुछ की शुरुआत होगी 23 जुलाई, 2022 को रात 12 बजे से, जिसका समापन होगा 24 जुलाई, 2022 को। यह समय है आराम से बैठने, रिलेक्स करने और सभी ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अपनी मनचाही चीजों को खरीदने का आनंद लेने का, क्योंकि अमेजन अपने प्राइम मेंबर्स को सभी श्रेणियों में बेस्ट डील्स और बचत की पेशकश करेगा।

स्मार्टफोन, कंन्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लायंसेस, फैशन एंड ब्यूटी, किराना, अमेजन डिवाइसेस, होम एंड किचन, फर्नीचर से लेकर रोजमर्रा की जरूरी चीजें आदि तक प्राइम मेंबर्स नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील्स, और बेहतरीन मनोरंजन बेनिफिट्स का आनंद उठा सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, अक्षय साही, डायरेक्टर - प्राइम एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, अमेजन इंडिया ने कहा, भारत में हमारा छठा



प्राइम डे हमारे सभी प्राइम मेंबर्स के लिए बेजोड़ खरीदारी और मनोरंजन अनुभव के साथ बड़ा, बेहतर और भरपूर है। हमें अभी तक अपने मौजूदा प्राइम मेंबर्स से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मजबूत समर्थन के लिए हम उनके आभारी हैं, और मुझे पूरा भरोसा है कि इस प्राइम डे के दौरान भी रोमांचक डील्स, नए लॉन्च, और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन के साथ अपने लिए खुशियां प्राप्त करेंगे। अपने ग्राहकों की सेवा और सुविधा को बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और हम इसे प्राइम परिवार में नए ग्राहकों को लाने का सबसे बढ़िया अवसर के रूप में भी देखते हैं। इस प्राइम डे पर, अमेजन छोटे और मध्यम व्यवसायों (SMB) का समर्थन करना जारी रखेगा और लाखों विक्रेताओं, निर्माताओं, स्टार्ट-अप्स और ब्रांड्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों, बुनकरों और स्थानीय दुकानों द्वारा पेश किए गए उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांग उत्पन्न करने में मदद करेगा।

प्राइम डे के दौरान, प्राइम मेंबर्स फैशन एंड ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, और होम डेकोर जैसी सभी कैटेगरी में अनूठे प्रोडक्ट्स पर विभिन्न प्रोग्राम्स जैसे लोकल शॉप्स ऑन अमेजन, लॉन्चपैड, सहेली और कारीगर पर विक्रेताओं से डील्स हासिल करने का अवसर प्राप्त करेंगे। प्राइम डे शुरू होने से पहले, 7 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से 22 जुलाई को रात 23:59 बजे तक, मेंबर्स एसएमबी द्वारा पेश किए गए लाखों अनूठे उत्पादों से खरीदारी कर सकते हैं और अविश्वसनीय ऑफर जैसे 100* रुपये तक का 10 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसे प्राइम डे पर को जाने वाली खरीदारी आदि पर रिडीम किया जा सकता है। प्राइम डे 2021 में Amazon.in पर लघु मध्यम व्यवसायों की अब तक की सबसे बड़ी संख्या में बिक्री हुई थी। क्योंकि प्राइम मेंबर्स की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। कारीगरों, बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप और ब्रांड्स सहित टियर 2-3-4 शहरों के स्थानीय ऑफलाइन पड़ोस के स्टोर को मिलाकर 126,000 से अधिक विक्रेताओं से ग्राहकों ने खरीदारी की।

# मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर बिजली कर्मी बैठे धरने पर

## चेतावनी दी, जल्दी गिरफ्तारी नहीं हुई बिजली कर्मी करेंगे पूर्ण कामकाज ठप

### बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट मामले में बिजली कर्मियों ने दी आपूर्ति ठप करने तक चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



बिजली कर्मचारी धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते।

**नगीना** सब डिवीजन क्षेत्र अंतर्गत काम करने वाले बिजली अधिकारी व कर्मचारी पुलिस प्रशासन से खफा हैं। उनकी नाराजगी का कारण बिजली कर्मचारियों के साथ पांच दिन पहले की गई पिटाई के आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी होना है। नाराज बिजली कर्मचारियों ने बुधवार को काम काज ठप कर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। पुलिस विभाग के साथ-साथ हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

उन्होंने कहा कि जल्द ही पुलिस विभाग में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन से लेकर कामकाज पूर्ण बंद कर दिया जाएगा इसके अलावा उनके धरने पर पुनहाना फिरोजपुर झिरका नूंह सभी खंडों के यूनियनों का भरपूर समर्थन मिला वहीं एक तरीके से सरकार के खिलाफ व पुलिस विभाग के खिलाफ आवाज बुलंद की।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि दो दिन पहले डीएसपी फिरोजपुर झिरका ने बिजली अधिकारियों- कर्मचारियों की बात को गंभीरता से सुना। भरोसा दिलाया था कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी, लेकिन पुलिस आरोपी के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। कर्मचारी ने कहा है कि अगर जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन सड़कों पर उतर कर विरोध करेंगे। इतना ही नहीं पूरे इलाके की बिजली गुल की जा सकती है।

गौरतलब है कि बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली चोरी

### धरने को पुनहाना फिरोजपुर झिरका और नूंह समेत सभी खंडों की यूनियनों का मिला समर्थन

पकड़ने के लिए दो जुलाई को पुठली गांव में गए थे। बिजली चोरी पकड़ने के दौरान बिजली विभाग के शौकत फोरमैन सहित चार कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की थी। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इसकी लिखित शिकायत नगीना थाना में दी थी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। जिससे नाराज बिजली कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मैंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन जब तक चलता रहेगा तब तक आरोपी के गिरफ्तारी नहीं हो जाती है।

# डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का भौतिक निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### अजय कुमार ने सुरक्षा की दृष्टि से लगाए सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी ली

**उपायुक्त** अजय कुमार ने बुधवार को ईवीएम व वीवीपैट के लिये पंचायत भवन में स्थापित वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी हासिल की।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिन्दूओं के बारे नायब तहसीलदार चुनाव से जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गेट पर लगी सील तथा लॉगबुक का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर लगाई गई पुलिस गार्द से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और गार्द रूम में सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चल रहे हैं। उसकी भी जानकारी ली। नायब तहसीलदार चुनाव राजेन्द्र हुड्डा ने बताया कि उपायुक्त द्वारा वेयरहाउस का त्रिमासिक निरीक्षण किया जाता है और इसी कड़ी में आज निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया हैं।

निरीक्षण के उपरांत यहां की वास्तविक रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाती है। इस वेयर हाउस में 1223 बैलेट यूनिट, 678 कंट्रोल यूनिट तथा 599 वीवीपैट रखी हैं। इस मौके पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, चुनाव कार्यालय के सहायक मंगलसैन भी मौजदू रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार ने शुरू की चारा बिजाई योजना, 15 तक करें आवेदन

**नूंह।** आजादी अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश सरकार ने पंजीकृत गोशालाओं को सस्ती दरों पर चारा मुहैया करवाने के लिए हरा चारा बिजाई योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत जो भी किसान गोशाला के आस-पास चारा उगाएगा। उसे हरियाणा सरकार की ओर से प्रति एकड़ दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह आर्थिक सहायता अधिकतम एक लाख रुपये है। उपायुक्त अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत आर्थिक लाभ लेने के लिए 15 जुलाई 2022 तक किसान अपना विवरण मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करवा सकते हैं। योजना के अनुसार एक किसान दस एकड़ भूमि तक ही अधिकतम लाभ ले सकता है। दस एकड़ के लिए उसको एक लाख रुपये का अनुदान डीबीटी के माध्यम से मिलेगा।

### अब रेलवे फ्लाईओवर के नीचे का जलभराव मिलेगी निजात



मौके पर मौजूद ग्रामीणों से रूबरू होते एसडीएम व डीएसपी।

**तावडू।** बुराका-पचगांव मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर के नीचे जलभराव की समस्या का समाधान करने की पहल प्रशासन ने शुरू कर दी है। गत 24 जून को ग्रामीणों ने तावडू उप मंडल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मानसून से पहले समस्या का समाधान करने की मांग की थी। बुधवार को तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल के नेतृत्व में तावडू डीएसपी, लोक निर्माण विभाग नूंह के कार्यकारी अभियंता सहित वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़े उच्च अधिकारियों ने मौके पर ग्रामीणों के समक्ष निरीक्षण किया। इसके बाद एसडीएम ने अपने कार्यालय में सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें 6 विशेष बिंदु पर चर्चा कर समस्या का स्थायी समाधान करने का निर्णय लिया गया। एसडीएम सुरेंद्र पाल ने बताया कि बुराका-पचगांव मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर के नीचे जलभराव की समस्या है। जिसके कारण फिलहाल फ्लाईओवर के नीचे राहगीरों व वाहन चालकों का आवागमन बंद है। अस्थाई तौर पर वह रेलवे फ्लाईओवर पार कर आवागमन कर रहे हैं। वहीं बरसात के मौसम में संभावित जलभराव की समस्या और ग्राम ग्रामीणों की शिकायत को देखते हुए बुधवार को विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि अंडरपास में फिलहाल पानी की निकासी के लिए वेस्टर्न वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर द्वारा पर्याप्त पंप ऑपरेटर व्यवस्था की जाएगी। ताकि जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। अगले तीन दिन में पंप ऑपरेटर यहां पर लगा दिया जाएगा। साथ ही तावडू की ओर सड़क रेम्प का कार्य भी इसी सब अगले सप्ताह शुरू किया जाएगा। अंडरपास के दोनों तरफ बनी सड़क व रैम्प की ऊंचाई बढाई जाएगी। ताकि बरसात का पानी फ्लाईओवर के नीचे जाने से रुक सके। सड़क की चौड़ाई भी कम से कम 6 मीटर की जाएगी। स्थाई प्रबंध करने के लिए इसके सड़क के साथ नाला बना कर आगे बाईपास वाली सड़क के साथ जोड़ा जाएगा। यह कार्य लोक निर्माण विभाग नूंह की देखरेख में होगा। साथ ही निर्माणाधीन कंपनी के ठेकेदार को समयबद्ध रुप से निपटाने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि समस्या का प्राथमिकता के तौर पर संज्ञान लेकर समाधान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा उन्हें उम्मीद है कि अब समस्या का समाधान हो जाएगा। बुधवार को रेलवे फ्लाईओवर का निरीक्षण करने के दौरान एसडीएम के अलावा तावडू को उप पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ,लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता शमशेर सिंह, वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट रेलवे कॉरिडोर के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके रस्तोगी, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक कुमार, पंचायत विभाग के सचिव तीरथ प्रकाश सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी और सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### ब्यूटी पार्लर और एसी-फ्रिज प्रशिक्षण का हुआ समापन



युवतियों का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का होता समापन।

**नूंह।** नूंह की नई अनाजमंडी स्थित केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में पिछले एक माह से चल रहे एसी-फ्रिज और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन हो गया। समापन के अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों का एग्जाम हुआ। प्रशिक्षणार्थियों का एग्जाम राष्ट्रीय अकेडमी आरसेटी के मूल्यांकन अधिकारी पुन्यपाल और वंदना चौहान की देखरेख में हुआ। मूल्यांकन अधिकारी पुन्यपाल और वंदना चौहान द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग से संबंधित विशेष जानकारियां मुहैया कराई और उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। वहीं आरसेटी के डायरेक्टर रोहिताश ने आरसेटी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही मेवात क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा मुहैया कराए जा रहे प्रशिक्षण अवसरों का लाभ उठाने के लिए आह्वान किया। आरसेटी के डायरेक्टर रोहिताश ने कहा कि नूंह जिले के 18 से 45 वर्ष के युवा-युवतियां संस्थान द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षणों का लाभ उठाएं। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित करें। संस्थान की ओर से एसी, फ्रिज, सेलफोन, सीसीटीवी कैमरे, घरेलू बिजली उपकरण, सिलाई, ब्यूटी पार्लर सहित अन्य प्रशिक्षण निःशुल्क कराए जाते हैं।

### जालसाजी और तस्करी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ कानून व्यवस्था के लिए चुनौतीः डॉ अरूण सिंह

**घरौंड़ा।** हरियाणा पुलिस अकादमी में भारतीय वाणिज्य एवं व्यापार महासंघ (फिक्की) के सहयोग से जालसाजी और तस्करी की रोकथाम विषय पर पुलिसकर्मियों की क्षमता निर्माण कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उप निरीक्षक से लेकर उप पुलिस अधीक्षक पद के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। अकादमी के निदेशक डॉ. सी.एस. राव के निर्देश पर अकादमी के पुलिस उप

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं रवि प्रकाश (Ravi Parkash) आधार नं0 6297 4127 7698 पुत्र श्री जय प्रकाश (Jai Prakash) मकान नं0 ए-17 फस्ट फलोर ऐडल डिवाईन कोर्ट, सेक्टर 5, जिला पलवल, मैने अपना नाम रवि प्रकाश नारायण (Ravi Parkash Narayan) से बदल कर रवि प्रकाश (Ravi Parkash) रख लिया है। भविष्य में मुझे रवि प्रकाश (Ravi Parkash) नाम से जाना जाये।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोप्टी आई.डी. नम्बर 051512917/3/03 पर रिक्त स्थान है।जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे जमशेद पुत्र ईशब ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोप्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
जमशेद पुत्र ईशब निवासी गांव गोगजाका तहसील तावडू जिला नूंह।

# नाला निर्माण नहीं होने से फसलों को पहुंच रहा नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



अधूरे पड़े नाले के कारण फसलों में भरा गंदा पानी।

**शहर** के बिलासपुर पटौदी रोड पर जल निकासी के लिए मात्र सौ मीटर के लगभग नाला निर्माण नहीं होने के कारण यहां से निकलने वाला पानी किसानों के खेतों में पहुंच रहा है। जिससे उनकी फसल को भारी नुकसान हो रहा है।

पीड़ित किसानों ने इसे जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की लापरवाही बताया है। जिसके चलते बरसात व शहर का गंदा पानी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहा है। परेशान किसानों ने बुधवार को उप मंडल अधिकारी (एसडीएम) सुरेंद्र पाल से मिल जल्द नाले का निर्माण कराने की मांग की। स्थानीय किसान राजेंद्र उर्फ झब्बू, लैहना पुत्र लालसिंह, सूबे सिंह, सुखबीर सिंह, दीपक, भरत, सतवीर, देवेंद्र, चरण सिंह व अनिल कुमार आदि ने उप मंडल अधिकारी को दी शिकायत में बताया कि पटौदी रोड स्थित जीसी मॉडल स्कूल से लेकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक करीब सौ मीटर लंबे नाले का निर्माण अधूरा छोड़ा हुआ है। जिसके चलते शहर का गंदा पानी व बरसात के मौसम में उनकी फसलों में जलभराव होने से भारी नुकसान पहुंच रहा है। किसानों की मांग है कि नाले का निर्माण कर पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचाया जाए ताकि उनकी फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

# मृदा का स्वास्थ्य सुधरने से फसल की गुणवत्ता और उपज बढ़ेगी : डीसी

## नैनो यूरिया की एक बोतल काम करती है एक बैग के बराबर काम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह




वृहद किसान गोष्ठी में नैनो यूरिया के बारे में किसानों को जानकारी देते डीसी अजय कुमार।

**नैनो** यूरिया उपयोग व महत्व विषय पर वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन बुधवार को डीआरडीएम हॉल में किया गया। जिसमें उपायुक्त अजय कुमार मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. पुष्पेंद्र वर्मा राज्य विपणन प्रबंधक इफको ने भाग लिया।

उपायुक्त अजय कुमार ने किसानों से आह्वान किया कि दानेदार यूरिया का प्रयोग कम करें और विकल्प के रूप में नैनो यूरिया का प्रयोग करें ताकि भूमिगत जल और वायु प्रदूषण को कम किया जा सके और मृदा के स्वास्थ्य में भी सुधार हो सके। उन्होंने बताया नैनो यूरिया की एक बोतल एक बैग यूरिया के बराबर काम करती है। इसकी उपयोग क्षमता दानेदार यूरिया की अपेक्षा अधिक होने के कारण किसानों की कृषि लागत भी कम होगी। उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी तथा पर्यावरण में सुधार होगा और प्रदूषण कम होगा। मृदा स्वास्थ्य सुधार मे सुधार आएगा और फसल की गुणवत्ता और उपज में बढ़ोतरी होगी। क्षेत्र की कृषि परिस्थिति के अनुसार नैनो यूरिया बेहतर विकल्प है। डा.प्रताप सभ्रवाल ने भी समय की मांग अनुसार दानेदार यूरिया की जगह नैनो यूरिया विकल्प के रूप में प्रयोग करने हेतु परामर्श दिया और डॉ अनामिका शर्मा वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर केवीके ने भी फसल विविधिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉक्टर भरत सिंह ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने इफ्को के विशिष्ट उत्पाद बायो फर्टिलाइजर सागरिका एवं जल वियले उर्वरकों के महत्व की जानकारी दी।

# मत्स्य पालन विभाग देगा जाएगा 10 दिन का प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान मिलेंगे 100 रुपये प्रतिदिन

मत्स्य पालन विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को योजना स्कीम फॉर द वेलफेयर आफ शेड्यूल कास्ट फैमिली इन फिशरीज के तहत अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को 10 दिन का मत्स्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रार्थी अपना प्रार्थना पत्र सरल पोर्टल के माध्यम से दे सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रार्थना पत्र देकर 23 जून से मत्स्य प्रशिक्षण ले सकते हैं।

जिला मत्स्य अधिकारी अनिता दहिया ने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षण के दौरान 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रशिक्षण भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मछली पालन के लिए पट्टे पर लिए गए तालाबों पर वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रथम वर्ष पट्टा राशि 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत दोनों में से जो भी कम हो। जिसकी अधिकतम सीमा दो हेक्टेयर तक है। यह अनुदान पंचायती तालाब पर केवल अनुसूचित जाति के लिए है। इसी प्रकार जाल खरीद पर अनुदान के लिए मत्स्य पालकों को 20 हजार रुपये की खरीद पर 50 प्रतिशत या 10 रुपये जो भी कम हो अनुदान देने की व्यवस्था है। अधिसूचित पानियों में मछली पकड़ने के ठेके पर अनुदान स्वीकृत कुल बोली का 50 प्रतिशत अथवा 3 लाख रुपये जो भी कम हो अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायती तालाब की पट्टा राशि पर वित्तीय वर्ष व आगामी वर्ष के अनुदान के लिए पट्टा राशि का 25 प्रतिशत या 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर जो भी कम हो अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान पंचायती तालाब पर केवल अनुसूचित जाति के लिए है। उन्होंने सभी अनुसूचित जाति के लोगों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# रक्तदान में आगे आ रहीं देहाती महिलाएं : सबीला जंग



उद्घाटन करतीं मुख्यातिथि सबीला जंग।

**नूंह।** नगीना खंड के सबसे पिछड़े गांव कंसाली में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें 26 रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि एवं राज्य पुरस्कार विजेता सबीला जंग ने प्रमाण पत्र वितरित किए तथा बेज लगाकर हौसला अफजाई किया।

इससे पहले उन्होंने रिबन काटकर कैंप का विधिवत आरंभ किया। उनके सामने स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करने की मांग भी उठाई गई। जिस पर मुख्य अतिथि ने भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्याध्यापक श्याम सुंदर की कड़ी मेहनत रही। जबकि रक्तदान शिविर का तमाम खर्चा मेवात आरटीआई मंच एवं चौधरी मौजी खान फाउंडेशन घागस द्वारा उठाया गया। मुख्य अतिथि सबीला जंग ने कहानी अब महिलाएं भी रक्तदान में आगे आ रहे हैं। कंसाली ऐसा गांव है जहां एक भी सरकारी मुलाजिम नहीं है। यहां रक्तदान कैंप लगाने का उद्देश्य लोगों को जागृत करना है।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तैयार होगा लैंड बैंक

## सरकारी विभागों व ग्राम पंचायतों की जमीन का तैयार होगा डेटा

### उपायुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नूंह




राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश देते उपायुक्त अजय कुमार।

**जिला** में विकास परियोजनाओं के लिए सरल व सुगम तरीके से सरकारी जमीन उपलब्ध करवाने व हरियाणा सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे भूमि बैंक की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्यों के तहत उपायुक्त अजय कुमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी गांवों, नगर पालिकाओं व परिषदों क्षेत्रों सहित विभिन्न विभागों की जमीन का डेटा एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में यह बैठक लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में बताया कि हरियाणा में आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा लैंड बैंक नीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पॉलिसी के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की लैंड बैंक नीति से जमीन बेचने वालों को उनकी जमीन का सही रेट मिलेगा और सरकार को विकास कार्यो के लिए आसानी से जमीन भी उपलब्ध हो पाएगी। ऐसे में लैंड बैंक विभिन्न विभागों, भूमि मालिकों, किसानों और राज्य सरकार के लिए फायदे की स्थिति की पेशकश करेगा, जहां किसान प्रतिस्पर्धी मूल्य पर भूमि बेचने में सक्षम होगा। वहीं कई बार संबंधित जिले में सरकार के पास जमीन होने के बावजूद किसानों से महंगे भाव पर जमीन खरीदनी पड़ती है। ऐसे में जिला के सभी विभागों की उपलब्ध जमीन का डेटा इकट्ठा कर लैंड बैंक में समायोजित किया जाएगा।

ऐसे से काम करेगा लैंड बैंक

उपायुक्त ने लैंड बैंक की कार्यशैली की जानकारी देते हुए बताया कि लैंड बैंक से आवश्यक सेवाओं, जिसमें जलघर, बिजली सब-स्टेशन, कॉलेज, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं पॉलिटेक्निक आदि सहित अन्य विकास परियोजना की स्थापना के लिए जमीन मिल सकेगी। वहीं किन्ही कारणों से मजबूरन बिक्री से बचने के लिए अपनी भूमि बेचने के इच्छुक भूस्वामियों को सरकार प्रतिस्पर्धी मूल्य प्रदान करने की पेशकश कर सकती है। उन्होंने बताया कि भू-स्वामियों या किसानों को अपनी भूमि की बिक्री की पेशकश करने के लिए भू अभिलेख के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा, जिसमें उन्हें मोलभाव करने लायक मूल्य सहित भूमि का पूरा विवरण देना होगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय आवेदक को संबंधित भूमि अभिलेख संलग्न और अपेक्षित रेट का भी जिक्र करना होगा।

### एसडीएम अश्वनी कुमार को मिली नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी


**बैठक** में डीसी ने जिला में लैंड बैंक का डेटा बनाने के लिए को एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिला में ग्राम पंचायतों की ऐसी भूमि जो किसी प्रकार के मुकदमों से मुक्त हो, नगर पालिका व परिषद की वो जमीन जो पट्टे पर देने के लिए खाली हो, नजूल भूमि यानी जिसका मालिकाना हक किसी के पास ना हो, उसकी रिपोर्ट तैयार हो जाए। उसके साथ साथ सरप्लस भूमि व किसी विभाग की वह भूमि जो किसी परियोजना को लेकर अधिग्रहित की गई थी लेकिन प्रोजेक्ट ड्राप होने के कारण अभी तक खाली पड़ी है या सुप्रीम कोर्ट द्वारा शामलात जमीन को लेकर हरियाणा सरकार के पक्ष में फैसला दिए जाने के बाद सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद व पालिकाओं की शामलात भूमि की भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करवाए, ताकि उस भूमि का म्युटेशन पुनः पंचायत अथवा नगर पालिका व परिषद के नाम करने की प्रकिया को शुरू किया जा सके।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## भाजपा की प्रगति

### हताश विपक्ष

**वरिष्ठ** भाजपा नेता अमित शाह ने दावा किया है कि अगले 30-40 साल भगवा पार्टी का युग होगा। इसे विपक्ष द्वारा खारिज करना या बड़बोला बयान बताना उचित नहीं होगा। विपक्ष को इसे लापरवाही के साथ भी नहीं लेना चाहिए। भाजपा की प्रगति को देखत हुए विपक्ष को भी केवल बयान देने से आगे निकलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभवत: भाजपा का रथ थमने वाला नहीं है, बल्कि इसकी गति बढ़ रही है। यह विपक्ष तथा बुद्धिजीवी वर्ग के बड़े हिस्से के लिए, चिन्ता का विषय है क्योंकि उनका एक भय सच साबित हुआ है। हालांकि, भाजपा की यात्रा में असंख्य सफलताओं के साथ ही पिछले साल पश्चिम बंगाल जैसी विफलतायें भी सामने आई हैं, पर इसकी बढ़त लगभग सभी जगह है और उसे किसी खांचे में बंद नहीं किया जा सकता है। कुछ राजनीतिक व वैचारिक नेता शाह के बयान में एक लापरवाही भी देख सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वे ऐसे लोगों में नहीं हैं जो केवल अपनी प्रशंसा से खुश हो जाएं। उनके लिए प्रशंसा कभी काफी नहीं होती है तथा वे हमेशा और अधिक की तलाश में रहते हैं। केवल किसी राज्य में विजय काफी नहीं है, भाजपा के विधायकों व सांसदों की संख्या बढ़नी चाहिए और हर वृद्धि के बाद मोदी-शाह जोड़ी एक और वृद्धि का प्रयास करते हैं। वे न केवल 543 लोकसभा सीटों, बल्कि हर राज्यसभा सीट, हर राज्य तथा यहां तक कि नगरपालिकाओं के लिए भी संघर्ष करते हैं। इस जोड़ी ने भाजपा की जीन्स से लापरवाही को समाप्त कर दिया है। यह नई भाजपा है, यह अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी वाली भाजपा नहीं है। कहने का यह अर्थ नहीं कि वाजपेयी-



आडवाणी नीत भाजपा सुस्त या आरामतलब थी। इसके एकदम उलट वह हमेशा अत्यधिक सक्रिय, मुखर तथा जोश से भरी रहती थी। यहां तक कि 1980 के दशकांत में जब भगवा पार्टी लोकसभा में केवल दो सीट तक सिमट गई थी, तब भी उसकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आई थी और उसके नेता अपनी उपस्थिति प्रदर्शित करते रहते थे, जबकि लोकसभा में कांग्रेस की सदस्य संख्या 400 से भी अधिक थी। भाजपा के विरोधी और चाहे जो कहें, वे इसे सुस्त या लापरवाह नहीं कह सकते हैं। मोदी और शाह के नेतृत्व में भगवा पार्टी और अधिक गतिशील हो गई है। बहुत सी पार्टियां सत्ता से बाहर रहने पर इस प्रकार की ऊर्जा, उद्देश्य व गतिशीलता नहीं प्रदर्शित करती हैं जैसा कि भाजपा ने किया। अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से ऐसी नहीं है। वह 1980 में सत्ता में इसलिए वापस आई क्योंकि जनता पार्टी अपने ही विरोधाभासों के बोझ से ध्वस्त हो गई थी। यही स्थिति दूसरे प्रयोग की रही जिसे जनता दल ने एक दशक बाद दुहराया। 2004 में भी देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' सत्ता में इसलिए नहीं आई कि उसके नेताओं ने सड़कों पर भाजपा के खिलाफ विजय के लिए बहुत पसीना बहाया था। वास्तव में उसकी सीटें भाजपा से केवल 7 अधिक थीं। इसका कारण यह था कि भगवा पार्टी का संदेश अस्पष्ट था और इसे अभियान के दौरान आरएसएस का समर्थन नहीं मिला था। इस पृष्ठभूमि में देखने पर शाह का दावा असंभव नहीं लगता है। यदि देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' तथा अन्य विपक्षी पार्टियां भाजपा को सत्ता से हटाना चाहती हों तो उनको भड़काऊ भाषण देने व वाइरल ट्वीट करने से अधिक काम करना होगा। उनको कोई ऐसी चीज पेश करनी होगी जा राजनीतिक रूप से उचित तथा चुनावी रूप से संभव हो। उनको अपनी लापरवाही से मुक्ति पानी होगी।

# विधि-निर्माताओं के पालाबदल की समस्या

कुछ पार्टी नेताओं का जनता की इच्छा कुचलने तथा सांसदों व विधायकों को सदनों से हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



महाराष्ट्र में हुए हालिया राजनीतिक नाटक ने एक बार फिर दलबदल-विरोधी कानून पर ध्यान आकर्षित किया है। कुछ विश्लेषक चाहते हैं कि इसे अधिक प्रभावी या मजबूत बनाया जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि यह अब तक बने विधानों में सर्वाधिक रूढ़िवादी कानून है और इसने लोकतंत्र को भारी नुकसान पहुंचाया है। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहते हैं कि 'आया राम-गया राम' राजनीति के अपमानजनक युग का अंत होना चाहिए। आखिरकार कोई संसद सदस्य-एमपी या विधानसभा सदस्य-एमएलए उस पार्टी के खिलाफ कैसे वोट दे सकता है जिसके टिकट पर वह चुनाव जीता हो या जीता हो? क्या यह उस पार्टी से धोखा नहीं है जिसने उस नेता पर विश्वास किया है? निश्चित रूप से यह धोखा है और पार्टी को विद्रोही विधिनिर्माता से निपटने का पूरा अधिकार है। वह ऐसे नेता को निकाल सकती है। लेकिन उसे इस नेता को लोकसभा या विधानसभा से निकाल कर ले जाने का अधिकार नहीं है क्योंकि उनको वहां पार्टी के बजाय जनता ने भेजा था। जनता के जनादेश को पार्टी के मालिकों की सनक और पसंद से निरर्थक नहीं बनाया जा सकता है, भले ही वे चाहे जितने शक्तिशाली और उच्च श्रेणी के ही क्यों न हों। विधि निर्माता विधायिका में इसलिए प्रवेश करते हैं क्योंकि उनको पार्टी के सर्वोच्च नेताओं के बजाय जनता वहां भेजती है। ऐसे में मुट्ठी भर पार्टी नेताओं और प्रबंधकों को यह अनुमति नहीं दी जा सकती है कि वे जनता की इच्छाओं के साथ मजाक करें। दलबदल-विरोधी कानून के समर्थक कहेंगे कि पालाबदल या विधि निर्माताओं की खरीद-बिक्री निन्दनीय है और इसे रोका जाना चाहिए।

लेकिन इससे ज्यादा बड़ी व ज्यादा निन्दनीय बात थोक में पालाबदल है। दलबदल कानून लागू होने के बाद यही परिघटना दिखाई देती है। दूसरे शब्दों में कहें तो दलबदल, थोक दलबदल की तुलना में काफी कम बुरी है। यदि आपका सांसद या विधायक विधायिका में आपका समुचित प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो उस पर सवाल उठाया जा सकता है। लेकिन यदि वे महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी व्हिप का पालन करते हैं तो उन पर सवाल नहीं उठ सकता है। आप केवल यह कह सकते हैं कि वे अपनी स्वतंत्र इच्छा से काम नहीं करते हैं, जिसे पार्टी के सर्वोच्च नेताओं ने उनसे छीन लिया है।

दलबदल कानून इसलिए खराब है क्योंकि यह सांसदों और विधायकों को शक्तिहीन कर संसदीय लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व के विचार की ही हत्या कर देता है। इसका एक उदाहरण देना काफी होगा। अत्यधिक जल प्रदूषण जैसा कोई बड़ा मुद्दा आपके क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। आपके क्षेत्र की जनता इसके लिए सुधारात्मक उपायों हेतु आंदोलन करती है, वे विधायक से समस्या बताते हैं जो सहायता करने का वादा करते हैं। विधानसभा में यह मुद्दा आता है, लेकिन विधायक को जबरन 'व्हिप' के माध्यम से सुधारात्मक उपाय के खिलाफ वोट करने को कहा जाता है। ऐसे में विधायक से संपर्क करने पर वे कहते हैं कि वे व्हिप का पालन करने को मजबूर हैं और वे इस मामले में पार्टी अनुशासन तोड़ने के भय से वोट नहीं कर सकते हैं। यह कैसा प्रतिनिधित्व है, यदि आपका निर्वाचित प्रतिनिधि आपकी समस्या सरकार के सामने नहीं रख सकता है? इस प्रकार की समस्या अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामने भी आ सकती है। तकनीकी रूप से संसदीय लोकतंत्र में कार्यपालिका विधायिका के प्रति जवाबदेह होती है, पर व्यवहार में इसका उल्टा होता है। सांसदों और विधायकों को अपने संबंधित पार्टी नेतृत्व की बात माननी होती है और उनके आदेशों का पालन करना पड़ता है। इस प्रकार लोकतंत्र अपने सिर के बल खड़ा हो जाता है। जहां जनता से सीधे चुने गए विधि-निर्माता सिद्धान्त रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, पर व्यवहार में वे पार्टी प्रबंधकों के प्रति जवाबदेह और वास्तव में उनके चाकर बन जाते हैं। गुलामों व भेड़ों की तरह नौकरों को भी उसी प्रकार सुविधाजनक रूप से सत्तारूढ़ लोगों की इच्छानुसार हांका जा सकता है, जैसा चरवाहा भेड़ों के साथ करता है। यह स्थिति दशकों से जारी है। अंग्रेजी भाषा इस तथ्य से ध्यान नहीं हटा सकती है कि लोकतंत्र का स्तर गिरा है। राजनीतिक शब्दावली में ऐसी अभिव्यक्तियां आम हैं कि 'मुख्यमंत्री अपने समर्थकों को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विपक्ष उनका शिकार न कर सके', 'विधायकों को एक रिजार्ट में भेजा गया है' तथा 'पार्टी ने विधायकों को व्हिप जारी कर दिया है।' दुनिया के किसी अन्य लोकतंत्र में भारत की तरह व्हिप इतना खतरनाक नहीं होता है और दुनिया में कहीं भी विधायक व्हिप का उल्लंघन करने के कारण सदन की सदस्यता नहीं खोते हैं। भीड़, झुंड, शिकार, हांकना, शिकार तथा व्हिप जैसे शब्दों का प्रयोग राजनीतिक टिप्पणीकारों के बजाय जानवरों के प्रशिक्षकों की शब्दावली है। इसके बावजूद चोटी के पत्रकार तथा जनता की राय बनाने वाले अन्य लोग अक्सर इन शब्दों का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार वे अचेतन रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा लोकतंत्र का क्षरण स्वीकार कर लेते हैं।

हम यहां तक कैसे पहुंचे हैं? इस संबंध में मूल दोष 1985 में सेविधान का 52वां संशोधन है जिसे आम शब्दावली में दलबदल-विरोधी कानून कहा जाता है। इसने सांसदों और विधायकों को पार्टी मालिकों का गुलाम बना दिया है। 1985 के 52वें संविधान संशोधन की उद्देशिका और कारणों में कहा गया है, 'राजनीतिक पालाबदल की बुराई राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन गई है। यदि इसका मुकाबला नहीं किया जाता है तो इससे हमारे लोकतंत्र तथा उसे बनाए रखने वाले सिद्धान्तों की नीव ही खोखली हो सकती है।' संभवत: नया कानून 'विधायी अराजकता' समाप्त करने के लिए लाया गया था। इसमें प्राविधान था कि यदि कोई विधि-निर्माता उस पार्टी से इस्तीफा देता है जिसके टिकट पर वह चुना गया था, अथवा यदि वह मतदान, मतदान से अलग रहने अथवा सदन में उस राजनीतिक पार्टी के 'किसी निर्देश के विपरीत' काम करता है जिसके टिकट पर उसे चुना गया था या उसे ऐसी राजनीतिक पार्टी से निकाल दिया जाता है तो वह अपनी विधायिका की सदस्यता खो देगा। यह ऐसी पार्टी के 'संविधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार' होगा। यह कानून बनाने वाले तत्कालीन विधि मंत्री अशोक सेन ने दावा किया था कि इससे 'देश की राजनीति से वह गंदगी दूर होगी जो सालों से एकत्र होती जा रही है।' उनका कहना था कि इस कानून से राजनीति में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। यह समझने के लिए किसी को राजनीतिक विश्लेषक होने की आवश्यकता नहीं है कि यह कानून लागू होने के बाद अनुशासनहीनता तथा अविश्वसनीयता बढ़ गई है। इस प्रकार इलाज निश्चित रूप से उस बीमारी से अधिक खतरनाक सिद्ध हुआ है जिसके ठीक होने का दावा किया जा रहा था। वास्तव में इसने एक अन्य बीमारी को जन्म दिया है जिसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को गुलाम बनाना कहा जा सकता है। यह देखना दिलचस्प है कि उस समय विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया था। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी ने दु:ख प्रकट किया था कि इससे 'कांग्रेस-आई जैसी पार्टी में विरोध को कुचल दिया जाएगा।' यह बात अलग है कि जब उनकी पार्टी 2003 में सत्ता में आई थी और वे उप-प्रधानमंत्री बने तब भाजपा-नीत सरकार ने कानून को और कठोर बनाने का फैसला किया। 1985 के कानून में यदि विधायक दल के एक तिहाई सदस्य अलग होते या अलग पार्टी बनाते या किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में शामिल होने का निर्णय करते तो उसे 'विभाजन' माना जाता। भाजपा नीत सरकार ने 2003 में 91वें संशोधन के माध्यम से विभाजन या विलय को ज्यादा कठोर बना दिया। इसके बाद से किसी विधायक दल के दो तिहाई सदस्यों का अलग होना जरूरी हो गया। स्पष्ट रूप से उस समय आडवाणी व उनके साथियों ने 'विरोध कुचलने' वाली बात भुला दी थी।

लेकिन केवल भाजपा को ही बड़बोलेपन का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। 5 फरवरी, 2017 को केरल के कोजीकोड में साहित्य समारोह में बोलते हुए कांग्रेस सांसद व तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा था कि दलबदल-विरोधी कानून ने लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाला है क्योंकि इसने जन-प्रतिनिधियों की वोटिंग शक्ति को प्रभावित किया है। पीटीआई के अनुसार उन्होंने कहा था, 'दलबदल-विरोधी कानून का लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जन-प्रतिनिधि अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट नहीं दे सकता है। उसे पार्टी की इच्छानुसार वोट देना होता है।' हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल भी दलबदल-विरोधी कानून समाप्त करना चाहते थे। लेकिन दु:ख की बात है कि उनको यह बात विधि मंत्री रहते हुए नहीं समझ में आई। इससे स्पष्ट है कि सत्ता में रहते हुए कोई दल कठोर कानूनों का समर्थन करता है, पर विपक्ष में आने पर उनकी निन्दा करता है। इस बीच दुनिया के अन्य देशों की तरह यहां भी उदारवाद संकट में है। टैगोर की इच्छा थी कि यह देश 'स्वतंत्रता के स्वर्ग' में जाग्रत होना चाहिए। लेकिन भारत के विधि-निर्माताओं को जंजीरों में बांधने वाला यह देश निश्चित रूप से वैसा नहीं है।

# प्लास्टिक प्रतिबंध के विकल्प जरूरी

**कोटा श्रीराज**
(लेखक, पर्यावरण पत्रकार हैं)



सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध लागू हो गया है, लेकिन उपयुक्त विकल्पों की कमी से पता चलता है कि पिछले सबक नहीं सीखे गए हैं। भारत में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन लागू हो गया है। वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, सरकार ने पहचान की गई 19 सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने की अपनी अधिसूचना को लागू किया है। प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत दंड और जेल की सजा आमंत्रित करने की संभावना है। सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम वे हैं जो एक बार उपयोग किए जाते हैं और त्याग दिए जाते हैं। उनमें उच्च कचरागत क्षमता और उच्च स्तर की गैर-सड़नशीलता होती है। सरकार ने सभी राज्यों को प्रतिबंधित तैयार माल की आपूर्ति पर अंकुश लगाने और पेट्रोकेमिकल उद्योगों को एसयूपी के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले पॉलीस्टाइरीन जैसे कच्चे माल की आपूर्ति करने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। 19 एसयूपी वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध एक स्वागतयोग्य कदम है जो पर्यावरण और वन्य जीवन को राहत देने का वादा करता है। स्टायरोफोम कप, प्लेट और प्लास्टिक के चम्मच और कांटे लंबे समय से हमारे शहरों, पार्कों, समुद्र तटों, रेलवे पटरियों और यहां तक कि वन्यजीव अभ्यारण्यों के चारों ओर आंखों के सामने रहे हैं। वास्तव में, भारत भर में लैंडफिल एसयूपी से भरे हुए हैं जो अगले 400 वर्षों में भी बायोडिग्रेड नहीं होंगे। भारत में प्रति वर्ष 35 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 3 किलो प्लास्टिक कचरा है। 2020-21 के दौरान, भारत ने 41,26,997 टन प्लास्टिक कचरा पैदा किया। इन चौंका देने वाले आंकड़ों को देखते हुए, सरकार के लिए पहल शुरू करना उपयुक्त है। लेकिन क्या भारत तैयार है, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या इस बार प्रतिबंध कारगर होगा?

भारत में एसयूपी पर प्रतिबंध का प्रयास बहुत पहले 1999 से किया जाता रहा है जब पॉलिथीन बैग की बिक्री प्रतिबंधित हुई। तब से लेकर अब तक कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कानूनों को अधिनियमित और कार्यान्वित किया गया है। हालांकि, पिछले 22 साल इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे पास अभी भी प्लास्टिक कटलरी और कई अन्य एसयूपी आइटम बाजार में खुलेआम उपलब्ध हैं। अब तक, केंद्र ने राज्यों को एसयूपी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया था, लेकिन राज्यों के प्रयास काफी हद तक अप्रभावी थे और एसयूपी हमेशा की तरह फले-फूले। पूर्व के एसयूपी निरर्थक प्रतिबंध का कारण हमेशा ढीले क्रियान्वयन को जिम्मेदार ठहराया जाता है जो ठीकठाक आरंभ होता था। वर्तमान प्रतिबंध इस खामी को दूर करने का प्रयास करता है और काफी हद तक अप्रभावी क्रियान्वयन मसले को हल कर सकता है। लेकिन अतीत में एसयूपी प्रतिबंध की विफलता का असली कारण सिर्फ ढिलाई से लागू किया जाना नहीं रहा है। एसयूपी के स्थायी विकल्पों की कमी प्रतिबंध के अप्रभावी रहने का प्रमुख कारण रहे हैं और बहुत पहले कोई दैनिक जीवन में एसयूपी वस्तुओं का पुनरुत्थान देख सकता था। सरकार एसयूपी प्रतिबंध



अधिसूचना और उसके नियमों को लागू करने पर अपना जोर बनाए रखती नजर आती है और उद्योग व लोगों के लिए प्रभाव और उपयुक्त विकल्पों पर कम ध्यान दिया गया है। नतीजतन, उस एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रतिस्थापन के तरीकों व साधनों पर, कुछ स्थानों पर कुछ दिनों की छूट को छोड़कर, गंभीर खामी नजर आती है, जो देश के एक बड़े हिस्से में प्रतिबंधित है।

इन एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों को समाप्त करने के लिए दी गई अवास्तविक समय सीमा का अर्थ है कि देश के औद्योगिक घराने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के लिए व्यावहारिक और किफायती समाधानों पर शोध और विकास करने में असमर्थ रहे हैं। नतीजतन, सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों की निर्माण क्षमता में कमी है और उनके कच्चे माल के लिए कोई सेट सप्लाई चेन भी उपलब्ध नहीं है।

सरकार इसके बजाय प्रतिबंध को टालने का विकल्प चुन सकती थी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की समानांतर रेखा विकसित करने में समय का उपयोग कर सकती थी जो सहजतापूर्वक एसयूपी स्लॉट्स जगह ले लेता। यह न केवल प्रतिबंध को और अधिक सफल बना देता बल्कि एसयूपी के उत्पादन में लगे लोगों के प्रयासों और उत्पादन मशीनरी में निवेश किए गए उद्योगों की पूंजी को भी बचा लेता। भारत को पूर्ण प्लास्टिक-मुक्त भविष्य की ओर बढ़ने की जरूरत है और यह कम समय में संभव नहीं हो सकता। सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्लास्टिक उद्योग का समर्थन नहीं कर सकती है और न ही करना चाहिए,हालांकि यह एसयूपी पर प्रतिबंध लगाती है क्योंकि यह दो कदम आगे और एक कदम पीछे ले जाने के समान होगा। भारतीय प्लास्टिक उद्योग को एक तरफ धीरे-धीरे वैकल्पिक सामग्री अपनाने की ओर मोड़ना चाहिए और दूसरी तरफ प्लास्टिक की वस्तुओं के उत्पादन और उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए, हर तिमाही में प्लास्टिक की वस्तुओं पर क्रमिक रूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस संतुलित तरीके से सरकार वास्तव में दैनिक जीवन से प्लास्टिक को समाप्त कर सकती है।

कुछ अपवादात्मक उपयोगों की अनुमति दी जा सकती है जैसे कि चिकित्सा और रक्षा उद्देश्यों के लिए। बेहतर माहौल के लिए लोगों को उम्मीद है कि एसयूपी पर नवीनतम प्रतिबंध सफल होगा। लेकिन पिछली विफलताओं से कुछ सबक हैं, जिन्हें दोहराया नहीं जाना चाहिए। सरकार को दुकानदारों और उपभोक्ताओं को किफायती विकल्प उपलब्ध कराते हुए प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए।

## आप की बात

### धार्मिक कट्टरता

**नोयडा** में एक कार्यक्रम में शामिल हुए जेएनयू के स्कूल ऑफ सोशल साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रणव कुमार ने वर्तमान में धार्मिक कट्टरता के कारण घट रही निर्मम घटनाओं पर देश को चेताते हुए कहा है कि अगर देश में धार्मिक कट्टरता पर लगाम नहीं लगी तो, राजस्थान के उदयपुर व महाराष्ट्र के अमरावती में हुई दिल दहला देने वाली घटनाएं निरंतर बढ़ती जाएंगी, जिससे आगामी कुछ वर्षों में पूरा देश भयग्रस्त हो जाएगा। वैसे इन घटनाओं से देश का बहुसंख्यक वर्ग अभी भी भय में है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक कट्टरता शुरू में जम्मू कश्मीर में ही ज्यादा थी, लेकिन धीरे धीरे यह केरल, पंजाब, राजस्थान बंगाल के बाद यूपी सहित अन्य प्रदेशों में भी पनपने लगी है। भारत सरकार को कट्टरता के कारण निरंतर बढ़ती घटनाओं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिये ताकि भविष्य में आने वाले खतरे को वर्तमान में समाप्त किया जा सके। अगर इन घटनाओं की प्रतिक्रिया समाज से आने लगी तो देश की स्थिति भयानक हो जाएगी जिसपर काबू पाना भी आसान नहीं होगा। सभी समुदायों के बीच भाईचारा विकसित करना भी जरूरी हो गया है।

**-ललित शंकर**, गाजियाबाद

### आराध्यों का अपमान

**लीना** मणिमेकलाई द्वारा अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के ट्रेलर रिलीज़ के बाद लगता है कि देश में एक वर्ग जानबूझ कर हिन्दुओं की भावनाओं के साथ खेलता है। उन्हें लगता है कि हिन्दू तो सहिष्णु है इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ज्ञानवापी विवाद के समय भगवान शिव के ऊपर तरह तरह की टिप्पणी की गई और अब मां काली को जिस रूप में फिल्म में दर्शाया गया है इससे देश के सबसे बड़े वर्ग की भावनाएं आहत हुई हैं पर ऐसा करने वालों के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ता। नूपुर शर्मा द्वारा दिये गए बयान को आधार बना कर देश में कई निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। क्या उच्च न्यायालय द्वारा ऐसी ही टिप्पणी लीना मणिमेकलाई के लिए की जाएगी। नूपुर शर्मा तो माफी भी मांग चुकी हैं, जबकि लीना मणिमेकलाई ने माफी मांगने से साफ मना कर दिया। मेरा सरकार और माननीय न्यायालय से अनुरोध है कि इस मामले को दबाया न जाये बल्कि लीना मणिमेकलाई के ऊपर कड़ी कार्यवाही करके एक उदाहरण स्थापित करें जिससे आगे चलकर कोई ऐसा करने की हिम्मत न करे। क्योंकि हिंदू समाज ऐसे ही अपने आराध्यों का अपमान कब तक सहता रहेगा?

**-नागेन्द्र**, मेरठ


### बंदूक की संस्कृति

**दुनिया** के विकासशील देशों में शामिल भारत की युवापीढ़ी पाश्चात्य देशों की तरफ ललचायी नज़रों से देखती है। हमारे युवाओं में से कई वहां हमेशा-हमेशा के लिए बसना चाहते हैं। पश्चिमी चकाचौंध भरी लाइफ स्टाइल, वहां का खुलापन, वहां का खान पान, वहां का अय्याशी भरा जीवन, हमारी युवा पीढ़ी को खूब लुभाता है। मगर उसी के साथ खतरनाक बन्दूक की संस्कृति भी सामने आई है। 3 जुलाई को डेनमार्क के शॉपिंग सेंटर में एक 22 वर्षीय युवक ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 3 लोगों को मार दिया। दर्जनों घायल हुए। उसके बाद 4 जुलाई को शिकागो स्थित हाईलैंड पार्क में जब स्वतंत्रता दिवस परेड चल रहा थी तो एक व्यक्ति ने वहां गोलीबारी करके छह लोगों को मौत के घाट सुला दिया। क्या ऐसे खतरनाक देशों को हमें अब भी सपनों का देश समझना चाहिए? अकेले अमेरिका में हर वर्ष 40 हज़ार लोग, बिना आतंकवादियों के, अपनों की गोलीबारी से जान गवां बैठते हैं। यह भी अमेरिका की एक सच्चाई है।

**-जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**pioneerhry@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**भाजपा** सत्ता में गरीबों का सशक्तीकरण करती है, जबकि विपक्ष केवल परिवारों का सशक्तीकरण करता है।

**- जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



**ये** हमले गलती के बजाय सचेतन रूप से जानबूझ कर लगाए निशाने हैं।

**- वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**मोदी** घमंडी हो गए हैं। वे अपना विरोध करने वाली सरकारें गिरा रहे हैं।

**- के. चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# चिन्हित अपराधों में आरोपियों को सजा दिलवाने के प्रयासों में न रहे कोई कमी : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### पॉक्सो अधिनियम के तहत आने वाले मामलों में जुटायें पुख्ता सुबूत

### विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुआ चिन्हित अपराधों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**चिन्हित** अपराधों की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ललित सिवाच ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में आरोपियों को सजा दिलवाने के प्रयासों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। चिन्हित अपराधों में संवेदनशील मामलों को शामिल किया जाता है, जिसमें दोषियों को सजा अवश्य मिलनी चाहिए। इसके लिए साइंटिफिक एविडेंस जरूर एकत्रित करें।

गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चिन्हित अपराधों की राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय कमेटियों ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। बैठक के दौरान विस्तार से चिन्हित अपराधों पर चर्चा की गई, जिसमें जिलावार समीक्षा की गई। सोनीपत की रिपोर्ट देते हुए उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि चिन्हित अपराधों में जिला स्तरीय कमेटी ने 26 मामले राज्य स्तरीय कमेटी को प्रेषित किये थे, जिनमें से 16 मामलों को चिन्हित अपराधों में शामिल किया गया। चार मामलों में दोष सिद्धि में भी सफलता मिली है। चार ही मामले डिसाइड हुए, जिनमें दोष सिद्धि हुई। इस प्रकार शत-प्रतिशत सफलता मिली है।


राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान सोनीपत डीसी।

साथ ही उन्होंने भरोसा दिया कि राज्य स्तरीय कमेटी के सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कमेटी की नियमित रूप से बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि चिन्हित अपराधों को जिला स्तरीय कमेटी द्वारा बेहद गंभीरता से लिया जाता है। संबंधित अधिकारी एकजुटता के साथ ऐसे मामलों की जांच करते हैं और सुबूत एकत्रित करते हैं, ताकि दोषियों को सजा मिल सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील मामलों में किसी प्रकार की चूक की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों को लेकर भी विशेष रूप से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पॉक्सो अधिनियम के तहत मामलों में पुख्ता सुबूत जुटायें, ताकि दोषियों के बचने का कोई रास्ता न बचे। पॉक्सो अधिनियम के मामलों में दोषियों को सजा अवश्य मिलनी चाहिए।

इस दौरान हथियार लाईसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करने को लेकर भी संक्षिप्त बैठक की गई, जिसमें उपायुक्त सिवाच ने जानकारी दी कि सोनीपत में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कॉमन सर्विस सेंटर और सरल केंद्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसकी औपचारिक शुरुआत 19 जुलाई को की जाएगी।

# शांति नगर में टिप्पर नहीं आने से क्षेत्रीय लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**शांति** नगर में नगर परिषद के टिप्पर नहीं आने से लोग परेशान है। टिप्पर नहीं आने से लोगों के घरों में रखे डस्टबिन कूड़े से भर गए है। इस कारण घर में बदबू फैल रही है। शांति नगर निवासियों का कहना है कि घर से कचरा उठाने वाला टिप्पर नही पहुंच रहा है। उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था बुरा हाल है। कोई अधिकारी सुनने वाला नहीं है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है जिनमें मक्खी, मच्छर पैदा हो रहे है। लोगों को बीमारियों का भय बना हुआ है। वही जजपा नेता योगेश शर्मा ने शांति नगर में पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कहा कि यदि कल तक यहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं गई तो वे नप कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। कहा कि कुरुक्षेत्र के लोगों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

# मात्र एक घंटे की बरसात ने प्रशासन के सफाई संबंधी दावों की खोली पोल

## बारिश से लबालब हुई शाहाबाद की सड़कें, लोगों को हुई परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**बुधवार** को मात्र एक घंटा हुई बरसात ने प्रशासन के सफाई संबंधी तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। बारिश में शहर की अधिकांश गलियां और सड़कें जलमग्न हो गईं। कई घरों में बरसाती पानी घुस गया है।

शहर के नाले उफान पर हैं। पिछले कई दिनों से बरसाती पानी की निकासी के किए जा रहे तमाम प्रबंध आज हकीकत में धराशाही हो गए। सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई बरसात से शहर के हर हिस्से में जलभराव हो गया। नाले-नालियां ओवरफ्लो होने और कई घरों में घुसे पानी से लोग परेशान नजर आए।

मानसून के पहले बरसाती पानी की निकासी के लिए लाखों रुपये खर्च भी हुए, लेकिन मानसून की पहले एक घंटे की बरसात ने सब मेरी कर दिया। डेहा कॉलोनी, हुडा का पॉश इलाका, मोहल्ला सुभाष नगर, सरकारी अस्पताल रोड, माजरी मोहल्ला, बैंक बाजार, कमेटी बाजार, प्रताप मंडी, आर्य कन्या महाविद्यालय रोड, पुरानी सब्जी मंडी, राज बुक डिपो रोड, रेलवे रोड, स्टेशन माजरी, गोपी विहार, किला सिखां समेत कई मौहल्लों की मुख्य सड़कें पानी से डूब गई। डेहा कॉलोनी में कुछ लोगों के घरों में बरसाती पानी भी घुस गया। इसके अलावा मॉडल टाउन, नई अनाज मंडी में भी पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी हुई।


बरसात के बाद रोड पर भरे बारिश के पानी से गुजरते लोग।

### क्या कहते हैं नगर पालिका प्रधान

नगरपालिका के नवनिर्वाचित प्रधान डॉ. गुलशन क्वातरा ने कहा कि अभी उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष का पदभार ग्रहण नहीं किया है, फिर भी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए वे धरातल पर जनता को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु स्वयं बाजारों तथा सड़कों पर निकले हैं। जगह-जगह नालों की सफाई करवाने और बंद सीवरेज खोलने को उन्होंने नगरपा लिका और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### क्या कहते हैं नगर पालिका सचिव

जब इस बारे में नगर पालिका सचिव अशोक कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि जिस भी सड़क, मौहल्ले में बारिश का पानी खड़ा था, नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने निकासी को सुचारू करने का काम किया है। जब उनसे गलियों-मौहल्लों में स्थित सीवरेज सफाई बारे पूछा, तो उन्होंने कहा कि सीवरेज सफाई, नगरपालिका का कार्यक्षेत्र नहीं है।

### नाले पर करोड़ों लगाए लेकिन सब हुए व्यर्थ

बराड़ा रोड पर बरसाती पानी निकासी हेतु जिस नाले पर करीब छह करोड़ खर्च हुआ है, वो अधर में ही लटका है। न तो विधायक उसमें कोई दिलचस्पी ले रहे है और न ही प्रशासन। नगरपालिका में कई कर्मचारी रोजाना सफाई हेतु कार्यरत है। इन पर हर महीने लाखों खर्च हो रहे है। सच्चाई यह है कि अगर एक घंटा बारिश और आ जाती, तो पूरा शाहाबाद जलमग्न हो जाता।

### क्या कहते हैं जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ

जब इस बारे में जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सुरिंद्र छाबड़ा से बात की तो उन्होंने बताया कि नगर पालिका शाहाबाद ने अपनी सभी नालियों और बड़े नालों को सीवरेज में गैरकानूनी तरीके से जोड़ रखा है, जिस वजह से बरसात के दिनों में इन नालियों और नालों से तमाम प्लास्टिक थैलियां आदि गटर में फंस जाते है। छाबड़ा ने बताया कि यह मामला उन्होंने आज एसडीएम कपिल शर्मा के समक्ष रखा है, जिसके बाद एसडीएम ने नगर पालिका को निर्देश जारी किए हैं कि इन गैरकानूनी नालो को जन स्वास्थ्य विभाग की प्रक्रिया के हिसाब से सीवरेज के साथ तुरंत जोड़ा जाए।

### बारिश रुकते ही पानी निकासी में जुटे नगर पालिका सफाई कर्मचारी

जैसे ही बारिश रुकी तो नगरपालिका के सफाई कर्मचारी पानी निकासी में जुट गए। कोई नाले की सफाई करने लगा, तो कोई सीवरेज के ढक्कन खोल कर कार्य पर लग गया। कर्मचारियों ने जब सीवरेज के ढक्कन खोले, तो लगभग सभी जगह पॉलिथीन और गंदगी को भारी मात्रा में निकाला गया। शहर वासियों का कहना है कि अगर यह सफाई कहीं पहले हो जाती, तो शहर में इतना जलभराव न होता। उधर, लाडवा रोड चौक पर भी जलभराव की समस्या को देखते हुए पम्प लगा कर पानी को निकाला गया।

### गड्ढे और जलभराव बने आफत

वहीं रिहायशी इलाके के साथ-साथ बाजारों में जलभराव होने से राहगीरों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाजारों में तमाम दुकानदार जलभराव के कारण पूरा दिन खाली बैठे रहे। दुकानदारों का कहना था कि जलभराव के कारण कोई भी बाजार में प्रवेश नहीं करता।

# संक्षिप्त-समाचार

## शिविर में 50 लोगों ने टीबी का सामान्य चेकअप करवाया


शिविर में चेकअप करवाते लोग।

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस शाखा मुकुल कुमार के आदेशानुसार रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य चंडीगढ़ के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में टीबी स्क्रीनिंग, एचआईवी स्क्रीनिंग, सामान्य स्वास्थ शिविर का निरीक्षण व वेक्सिनेशन शिविर का आयोजन रेडक्रॉस व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साईं मंदिर में किया गया। शिविर का शुभारंभ सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह ने किया। साई मंदिर के प्रधान डॉ. विजय शर्मा, उपप्रधान परमिंदर मनचंदा, सदस्य धीरज गुलाटी, सदस्य यश अरोड़ा व सदस्य मनोज शर्मा सहित सभी अतिथियों का रेडक्रॉस के अधिकारियों ने स्वागत किया। शिविर में सेवानिवृत डिप्टी सिविल सर्जन एवं छाती रोग विशेषज्ञ एनके झांब, डॉक्टर प्रदीप सिंगला इंचार्ज पीएचसी गामड़ी व अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रही। शिविर में 50 लोगों ने टीबी का सामान्य चेक अप कराया, जिनमें से आठ लोगों को टेस्ट हेतु हॉस्पिटल बुलाया गया, 28 लोगों ने एचआईवी का टेस्ट कराया, जिन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई, 25 लोगों ने वैक्सीन की डोज लगवाई व 105 लोगों ने सामान्य चैकअप कराया, जिन लोगों को थोड़ी बहुत स्वास्थ्य सम्बन्धी शिकायत थी उन 85 लोगों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सहायक सचिव रमेश चौधरी, कार्यकारिणी के सदस्य गुलशन ग्रोवर, टीबी कोर्डिनेटर अंजलि, टीबी प्रोजेक्ट के स्वयंसेवक देवी रानी, जोगिन्दर सिंह, राहुल कुमार व स्वास्थ्य विभाग की टीबी टीम से मनोज व भूपिंदर आईटीसी से बलविंदर, निशा, जसपाल आदि उपस्थित रहे।

## रंग दे राम नाम में रंग दे... पर झूमे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड़ स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मन्दिर में जनकल्याणर्थ श्री सुंदरकांड पाठ किया गया। मन्दिर के पुजारी पण्डित उमेश पाठक ने मुख्य यजमान विनोद सिंगला परिवार से सर्वदेव पूजन संपन्न कराया। आयोजक विनोद सिंगला ने बताया कि प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को जनकल्याणर्थ श्रीसुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में पण्डित राजेन्द्र कौशिक द्वारा सुन्दरकांड पाठ किया गया। प्रवचनों में पण्डित उमेश पाठक ने बताया कि किसी भी शुभ कार्य को करने से पूर्व सुंदरकांड पाठ करने से वह कार्य अवश्य सफल होता है। सुंदरकांड सभी कार्यों को सुंदर बनाता है। इस पाठ की विशेषता यह है कि इसके आयोजन से सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। कार्यक्रम के बीच बीच में भक्तों ने जय श्री राम और हर हर महादेव का पवित्र उद्घोष किया। पाठ के पश्चात हरि नाम संकीर्तन हुआ, जिसमें गायकों ने मधुर भजनों से समां बांधा। 'झूम झूम नाचे देखो वीर हनुमाना, तेरे प्रभु जानते हैं बात घट घट की, बजरंगबली मेरी नाव चली और रंग दे राम नाम में रंग दे' आदि भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो कर झूम उठे। सुंदरकांड पाठ के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सुंदरकांड पाठ की आरती में सुरेश सिंगला, रजत सिंगला, उमा शंकर, श्री निवास गोयल, कमला देवी, प्रियंका सिंगला, राज रानी, माया देवी, विमला, सिम्मी, अंजू, रजनी, रीना, किरण, पूनम, नेहा, मीनू और निर्मल सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रक्तदान व संगोष्ठी का हुआ आयोजन


रक्तदाता को बैच लगाते समाजसेवी संदीप गर्ग।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नेहरू** युवा केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवाओं के द्वारा जिले भर में मशहूर बैरिस्टर एवं शिक्षाविद जनसंघ संस्थापक एवं प्रथम मंत्रिमंडल सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121वीं जयंती मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रखर शिक्षाविद तथा भारत में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष में नवजीवन विद्या मंदिर गांव गुढा में रक्तदान कैंप का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य सहयोग रमेश प्रिंसिपल नव विद्या मंदिर, यूथ ब्लड डोनर ऑग्रनाइजेशन, आई हेल्प यू, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों का रहा। रक्तदान कैंप का शुभारंभ लाडवा के प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदानियों के साहस की प्रशंसा की तथा उपस्थित जनसमूह से भी इस प्रकार के आयोजनों में अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। हम दान देकर ही इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। नेहरू युवा संगठन हरियाणा राज्य के उपनिदेशक डॉ. गुरमेल सिंह बाजवा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने भी रक्तदानियों की हौसला अफजाई की तथा युवाओं से भी सहयोग की अपील की।

जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र मिशा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक असाधारण विद्वान के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना कर भारत को सशक्त बनाने में उनकी दूरदर्शी सोच का वाकई अहम योगदान रहा।

कार्यक्रम में को सफल बनाने में कांता देवी लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक, नछतर, रमेश, गुढा गाव के सरपंच, युवा मंडलों के सदस्य, यूथ ब्लड डोनर ऑग्रनाइजेशन, आई हेल्प यू, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक संदीप, विशाल, शुभम, विजेता, सुरेश, प्रियंका आदि का अहम योगदान रहा।

# खुलासा : कपड़े से गला घोंटकर की थी छात्रा की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**जिला** पुलिस कुरुक्षेत्र ने घर से बहला फुसलाकर साथ ले जाने व हत्या करने के आरोपी जरनैल सिंह वासी सलपानी खुर्द थाना झांसा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने बताया कि झांसा निवासी एक व्यक्ति ने थाना झांसा पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की उम्र करीब 16 साल दो जुलाई को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। शिकायत पर थाना झांसा में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक नरेश पाल को सौंपी गई। पुलिस टीम ने नाबालिग की तलाश शुरू कर दी। चार जुलाई को पुलिस टीम को सूचना मिली कि दबखेड़ी पुल के पास एक लड़की की लाश नहर में पड़ी हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से निकलवाया और लापता नाबालिग लड़की के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने नाबालिगा की लाश की पहचान कर ली।

पुलिस ने मामले में जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ पर बताया कि वह पेशे से एक फोटोग्राफर है और वह शादीशुदा है। वह कुछ दिन पहले एक



शादी समारोह में गया हुआ था। जहां पर उसकी मुलाकात उससे हुई। उन दोनों ने आपस में मोबाइल नम्बर ले लिए। उसके बाद उनकी आपस में बातचीत होने लगी।

दो जुलाई को वह लड़की को बहला-फुसला कर अपनी मोटर साइकिल पर उसके घर से भगा ले गया। वह रात के समय थाना झांसा के एरिया में घूमते रहे। उसके बाद वह लड़की को उसके घर छोड़ने की बात कहने लगा, तो लड़की ने अपने घर जाने की बजाय उसके साथ जाने की जिद की। वह शादीशुदा होने के कारण उसको घर नहीं ले जा सकता था। इस कारण उसने लड़की की हत्या की योजना बना ली। वह उसको लेकर नहर की पटरी से होता हुआ थाना नग्गल जिला अम्बाला के एरिया में पहुंच गया। एक सुनसान जगह पर उसने मौका पाकर उसकी मोटर साईकिल में पड़े एक कपड़े से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उसने सबूत मिटाने व पुलिस कारवाई से बचने के इरादे से शव को नहर में फेंक दिया।

# जनहित अभियान फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव मोहाना के पशु हॉस्पिटल में पौधारोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अथिति स्टेट अवॉर्डी मास्टर दिलबाग सिंह ने पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाएं। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार बेलगरी, जामुन, नीम, पीपल, बड़ के 18 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया कि सभी मिलकर इस मुहिम को एक जनांदोलन बनाए, ताकि पर्यावरण को बचाए जा सके। इस अवसर पर विक्रम मलिक, राजेश मलिक, जितवेंदर, साहिल, राजेश कुमार, अंकित, मंजीत, नीरज कुमारी, जसवीर अंतिल, फिरोज, मास्टर रणवीर, रोहित ,रिंकू, उपस्थित रहे।



# गुणवत्ता वाले उत्पाद की पहचान है आईएसआई मार्क : हर्ष

**चंडीगढ़।** इंडियन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में भारतीय मानक ब्यूरो चंडीगढ़ के सहयोग से गांव बारना की कोऑपरेटिव सोसाइटी में स्वयं सहायता समूह के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन कोऑपरेटिव सोसाइटी के मैनेजर महेंद्र पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों सोसायटी के मैनेजर वह इरादा के सचिव राज्यपाल द्वारा पौधा लगाकर किया गया, जिसके उपरांत भारतीय मानक ब्यूरो से कार्यक्रम अधिकारी अनुष्का ने प्रतिभागियों का स्वागत किया व बताया कि यह बीआईएस भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है जो वस्तुओं के मानक निर्धारण का काम व उसे प्रमाणित करने का काम करता है। जिसके उपरांत भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक हर्ष ने प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए सोने की पहचान व सोने पर हॉलमार्क के चिन्ह के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि हॉल मार्क की जांच कैसे की जा सकती है, उसमें कितने अंक होते हैं व कितने कैरेट का है यह सब होल मार्क से ही पता लग जाता है व साथ ही आईएसआई मार्क के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई।

# एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स में हुआ खून की एक दुर्लभ विकृति का इलाज

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

### रक्त की विकृति से पीड़ित नौ वर्षीय ईराकी लड़की के लिए बौनमैरो डॉनर उसकी बहन बनी

**एचसीएमसीटी** मणिपाल हॉस्पिटल्स, द्वारका के डॉक्टरों ने हाल ही में ईराक के एक 9 वर्षीया मरीज का सफल इलाज किया। इस लड़की को खून की एक दुर्लभ बीमारी-डायमंड ब्लैकफैन एनीमिया थी। जिसे एप्लास्टिक अनीमिया भी कहते हैं। उसके शरीर में हीमोग्लोबिन, प्लेटेलेट्स और टीएलसी की संख्या कम थी। डॉ. दिव्या बंसल के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट करके उसकी जान बचाई। बोनमैरो डोनर उसकी तीन साल की बहन बनी।

डॉ. दिव्या बंसल, कंसल्टैंट ऑफ क्लीनिकल हिमेटोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका ने कहा, यह बच्ची हमारे पास कमजोरी एवं नाक व मुंह से रक्तस्राव की शिकायत के साथ लाई गई थी। हमने उसका परीक्षण किया और हमें पता चला कि उसे जन्म से ही बोन मैरो फेल्योर सिंड्रोम, डायमंड ब्लैकफैन अनीमिया है। पीएनएच क्लोन (पैरोक्सिसमल नॉक्टर्नल हीमोग्लोबिनुरिया) बहुत ज्यादा थे। इसका कारण जन्मजात था और एप्लास्टिक एनीमिया दूसरों से प्राप्त हुआ था। खुशकिस्मती से उसकी तीन साल की बहन बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए 100 प्रतिशत एचएलए मैच थी। ट्रांसप्लांट के शुरुआती चरण में ही मरीज को गंभीर संक्रमण हो गया। हालांकि मणिपाल हॉस्पिटल्स में अनुभवी विशेषज्ञों और अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी की मदद से मरीज का सफल इलाज किया गया। बोनमैरो ट्रांसप्लांट के 14 वें दिन ग्राफ्टिंग हो गई और 30वें दिन काइमेरिज्म हो गई। अब वह 100 प्रतिशत डोनर काईमेरिज़्म है, जिसका मतलब है कि उसके शरीर की सभी सैल्स डोनर से मिली हैं। यह हमारे लिए एक बड़ी सफलता है क्योंकि यह एक दुर्लभ बीमारी है।

प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

कहीं बाढ़ तो कहीं अकाल है साहब,
गरीबों का भला किसे ख्याल है साहब,
भूखे पेट कब तलक लड़ेंगे जिंदगी से जंग,
कुछ लोगों के जेहन में यही सवाल है साहब।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट-IV-A नियम 8 (6) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्ते व सपठित नियम 8( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई- नीलामी विक्रय सूचना**

आमजन को साधारण तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा **एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड ( ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक )** के नाम से ज्ञात जो कि आगे AUSFB सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "**जैसे है जहां है**" **एवं जो भी है जैसा भी है** के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है ई-नीलामी वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्त्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनांक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि व समय | ई-नीलामी निविदा खोलने व जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060717810417 **मैसर्स शारदा शॉपी इसके मालिक राम निवास के माध्यम से ( ऋणी )**, राम निवास राम पुत्र चांदगी राम ( सहऋणी व बंधककर्ता ), विपिन कुमार पुत्र राम निवास ( सहऋणी ) | 17 जनवरी 2020 ₹ 1894787/- रुपये अठारह लाख चौरानवें हजार सात सौ सत्यासी मात्र 17 जनवरी 2020 तक | 07 जून 2022 | सम्पत्ति स्थापित का दक्षिणी भाग मकान टैक्स नं. 119 ( नया नं. बी-9/784 ), मौहल्ला गोशाला, सिरसा, हरियाणा **क्षेत्रफल 80 वर्ग गज** | ₹ 1800000/- रुपये अठारह लाख मात्र | ₹ 90000/- रुपये नब्बे हजार मात्र | 22 अगस्त 2022 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 20 अगस्त 2022 तक या इससे पहले समय प्रात: 10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः- 801 से 804, आठवां फ्लोर, रूट टॉवर, जिला सेंट्रल लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 10 अगस्त 2022 |

**ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तेंः-**
(1.) बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है, "जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त सम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। (2.) ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, **जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599** AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर **302020, IFSC कोड : AUBL0002011** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auctions@aubank.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ **आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नं.** भेजने की आवश्यकता होगी। (3.) सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए **वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction** अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए **श्री भानू प्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663** और **ई-मेल auctions@aubank.in**
**नोटः**- यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**स्थानः हरियाणा** **दिनांकः 06 जुलाई 2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# जल्द सीवरेज लाइन को बदलवाने का कार्य करवाएंगे शुरू : राजीव जैन

## पूर्व मीडिया सलाहकार ने नंदवानी नगर व सिक्का कॉलोनी को लेकर दिया आश्वासन

**कहा, सिक्का कॉलोनी की मुख्य लाइन में कनेक्शन करवाते हुए बड़ी लाइन की करवायेंगे सफाई**

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


नंदवानी नगर में पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने नंदवानी नगर और सिक्का कॉलोनी में पानी की निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में सफल कदम बढ़ाये हैं। उन्होंने बरसात के चलते शुरुआती स्तर पर अस्थाई व्यवस्था के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के बाद स्थाई तौर पर दोनों क्षेत्रों की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान करवा दिया जाएगा।

राजीव जैन ने हाल ही में बरसात के चलते पानी की निकासी की समस्या का जायजा लेने के लिए पूरे शहर का दौरा किया। इस दौरान नंदवानी नगर व सिक्का कॉलोनी में पैदा हुई निकासी की समस्या का संज्ञान लेते हुए उन्होंने समाधान की दिशा में तुरंत प्रयासों को गति दी। कॉलोनीवासियों ने भी उनसे निकासी की समस्या के समाधान की विशेष रूप से मांग की। नंदवानी नगर के लोगों ने बताया कि पीर के पास डेयरी होने के कारण सीवरेज की समस्या बनी रहती है।

इसलिए इस लाइन को बदलवाया जाए। उनकी सुनवाई करते हुए पूर्व मीडिया सलाहकार जैन ने कहा कि लाइन बदलवाने का टेंडर हो चुका है। बरसात के बाद इसका काम शुरू करवाया जाएगा, ताकि लोगों को पानी की निकासी की समस्या से छुटकारा मिल सके।

वहीं, सिक्का कॉलोनीवासियों ने बताया कि कालोनी में पुलिया के साथ मोटर रखी गई है, जिससे सिक्का कॉलोनी का पानी ड्रेन में डाला जाता है। किंतु मोटर बार-बार जल जाती है, जिससे कॉलोनी में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बरसात में यह समस्या और बढ़ जाती है। इस पर पूर्व मीडिया सलाहकार ने विश्वास दिलाया कि जल्द ही मोटर बदलवा दी जाएगी। साथ ही सिक्का कॉलोनी का ड्रेन पर डाली गई नई मैन लाइन में कनेक्शन करवाया जाएगा। सिक्का कालोनी के लोगों ने बताया कि बड़ी मैन लाइन में शिल्ट भर गई है, जिस पर जैन ने कंपनी सुपरवाईजर अशोक धीमान से मौके पर ही बात की। पूर्व मीडिया सलाहकार जैन ने कहा कि बरसात से पहले लाइन की अच्छी प्रकार से सफाई करवाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को निकासी की समस्या से छुटकारा मिल सके।

उन्होंने कहा कि उनका स्वयं का ध्यान इस समस्या की ओर है, जिसके समाधान के लिए वे प्रयासरत रहते हैं। इसके लिए नगर निगम से दो माह पूर्व ही सीवर-नालों की सफाई के लिए कहा गया था, किंतु समय पर ऐसा नहीं किया गया। इस कारण लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में निगम को मोटरों की व्यवस्था के लिए विशेष रूप से कहा गया है, ताकि पानी की निकासी तुरंत करवाई जा सके।


बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता सूरजभान कटारिया।

# बाबू जगजीवन राम को मिले भारतरत्न सम्मान : सूरजभान

**कटारिया ने बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि व्यक्त करते हुए कहा**

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भाजपा** अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहा कि महान व्यक्तित्व के धनी बाबू जगजीवन राम को भारतरत्न सम्मान मिलना चाहिए।

भाजपा नेता कटारिया ने आज देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू जी एक महान भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में अछूतों और दलितों के राजनीतिक, सामाजिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किए है, जिन्हें दुनियाभर के दलित पिछड़े कभी भुला नही सकते है। कटारिया ने कहा कि देश के पूर्व उप - प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम ने अपने राजनीतिक जीवन में कोई भी छोटा बड़ा चुनाव कभी हारे नहीं है। जगजीवन राम को भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिए।

इस अवसर पर रामकुमार मांडे, किरण पाल, जोगिंदर बैरागी, राहुल सुविधा, संदीप गाबा झांसा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### विद्यार्थियों ने किया चिड़िया घर का भ्रमण



**कुरुक्षेत्र।** महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बुधवार को पिपली चिड़िया घर का विजिट किया। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि बच्चों की यह यात्रा दो चरणों में की गई। प्रथम चरण में कक्षा सात से बारह व दूसरे चरण में कक्षा एक से छह की छात्राओं ने जू का अवलोकन किया। साथ गई अध्यापिकाओं ने गाईड की भूमिका निभाते हुए बच्चों को चिड़ियाघर में उपस्थित पशु- पक्षियों के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने शेर, बाघ, गीदड़, दरियाई घोड़ा, घड़ियाल, बंदर, लंगूर, मोर व ब्लैक तीतर आदि अनेकों पशु पक्षियों को देखा व जाना। बच्चों को यह भी बताया गया कि पशु-पक्षी किस प्रकार पर्यावरण के संरक्षण में सहायता करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन प्रेमी होना चाहिए। जंगल, पेड़ पौधे हमें काटने नहीं चाहिए, ताकि जीव सुगमता से रह सकें। राठोर वें बताया कि बच्चों ने सुंदर प्रकृति, स्वच्छ वातावरण, अच्छे मौसम व जीव-जन्तु, पशु -पक्षी को देखने का भरपूर आनंद लिया। यह विजिट बच्चों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी के अलावा एक बदलाव के रूप में अतिरिक्त उर्जा का काम भी करेगी। इस अवसर पर टूर की नोडल अधिकारी ज्या वत्स व अंजू रानी के अलावा सरिता शर्मा, डॉ. संतोष शर्मा, कुसुम शर्मा, रितू धीमान, अनु पाहवा, अमिता रानी, ज्योति रानी, रेखा रानी, सीमा शर्मा व सुमन धीमान आदि मुख्य रूप से मौजूद रही।

### त्रिवार्षिक चुनाव में विनोद शर्मा को बनाया प्रधान



**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन जनस्वास्थ्य शाखा सोनीपत का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन राज्य संगठन सचिव राजबीर शर्मा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय जलघर प्रांगण में हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राज्य महासचिव धर्मवीर शर्मा एवं राज्य मुख्य सलाहकार इन्द्र सिंह सिहाग की मौजूदगी में चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में मौजूद सभी ने सर्वसम्मति से ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा, ब्रांच सचिव सुरेन्द्र सिंह, ब्रांच कोषाध्यक्ष सुरेश नैयर, ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा, वरिष्ठ उप प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज, उपप्रधान दलीप सिंह, कार्यालय सचिव अमित कुमार, संगठन सचिव देवेंद्र कटारिया, प्रचार सचिव रणबीर सिंह, आडिटर सुंदर चौहान, मुख्य सलाहकार तेज प्रकाश गौड़, शंभू कुमार आदि पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव के दौरान बैठक को जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज, जिला सचिव रामप्रसाद, सतीश कुमार, मोहन सिंह, नरेश कुमार, दिनेश, अशोक, सूरज, पवन, मौसम, विनोद, कमला, सुनिता, रामेश्वर, राजबीर, अमित कुमार, सुरेश, रोहतास, संदीप, श्यामपाल, भगवान सिंह, इंद्रजीत, जगदीश, बेदपाल, याद सिंह, संजय, चरण सिंह, शिवराज, जितेंद्र, राज, करमबीर, रवि, अरविंद, अनिल, सुनिल, सुमित, सतबीर शर्मा, धर्मबीर, श्रीपाल आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

# शम्भूदयाल मंदिर में 108 परिवारों द्वारा सामूहिक रूप से किया जायेगा पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शिवपुराण** के रुद्र संहिता में सावन मास में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व बताया है। मान्यता है कि रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव हर मनोकमना पूरी करते हैं। साथ ही इससे ग्रह जनित दोष और रोगों से भी मुक्ति मिलती है। सनातन धर्म में यह सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली पूजा मानी जाती है।

अत: सावन में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उसकी पूजा अर्चना करना बहुत मंगलकारी माना गया है। बता दें कि कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव पूजन का प्रारंभ किया था। सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि समस्त समाज की भलाई हेतु 108 जोड़ों (परिवारों) द्वारा श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर प्रेमदास महाराज, सामोद, चोमू, जयपुर के पावन सानिध्य में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक कार्यक्रम 28 जुलाई 2022 को शम्भु दयाल स्कूल प्रांगण में सोनीपत के प्राचीन शिवालय शम्भूदयाल में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एडवोकेट अरविन्द मित्तल रहेंगे। यह रुद्राभिषेक मिट्टी के बनाये गए शिवलिंगों पर गन्ने के रस व सरसों के तेल से पूरे विधि विधान से किया जायेगा। आयोजन के लिए महावीर प्रसाद मित्तल, दिनेश कुच्छल, पवन गुप्ता, जितेंदर कुमार, संजीव अग्रवाल, दीपक सिंगला, शालू त्यागी, रामकुमार जिंदल, मनीष बंसल, संजय वर्मा, प्रवीण वर्मा, विपुल कुच्छल और सतीश माथुर आदि रहेंगे।

# ट्रेनिंग पीरियड का लाभ नहीं देने पर रोडवेज कर्मचारियों ने जताया रोष

**रोडवेज कर्मचारी 14 जुलाई को करेंगे भूख हड़ताल**

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


बैठक में रोष जताते हुए रोडवेज के कर्मचारी।

**रोडवेज** कर्मचारी संघर्ष कमेटी से संबंधित रोडवेज कर्मचारियों की बैठक नए बस अड्डा परिसर में हुई। बैठक में कुरुक्षेत्र डिपो प्रशासन द्वारा मुख्यालय द्वारा आदेश जारी करने उपरांत भी कर्मचारियों को उनके लाभ ना देने से इंकार किए जाने पर निंदा की गई और भूख हड़ताल बारे चर्चा की गई।

रोडवेज कर्मचारी संघर्ष कमेटी से राजबीर सैनी ने बताया कि आगार के सभी चालक-परिचालक तथा निरीक्षक /उप-निरीक्षक कर्मचारियों का ट्रेनिंग पीरियड उनकी सर्विस में जोड़कर उनकी नियुक्ति तिथि निर्धारित करके सभी प्रकार के लाभ देने ने देने पर छह जुलाई को भूख हड़ताल की जानी थी, लेकिन बारिश होने की वजह से भूख हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

डिपो के लेखाधिकारी द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए आगार के सभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग पीरियड उनकी सर्विस में जोड़ कर नियुक्ति तिथि निर्धारित करने से इन्कार कर दिया गया और यह कहा गया कि किसी भी कर्मचारी का ट्रेनिंग पीरियड उनकी सर्विस में जोड़ कर उनकी नियुक्ति तिथि नहीं बदली जाएगी।

रोडवेज कर्मचारी संघर्ष कमेटी के सभी सदस्य 14 जुलाई को प्रात: 10 बजे से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेवारी कुरुक्षेत्र डिपो प्रशासन तथा लेखाधिकारी कुरुक्षेत्र डिपो की होगी।

बैठक के दौरान रोडवेज कर्मचारी संघर्ष कमेटी से राजबीर सैनी, प्रेम सिंह, पवन कुमार, गगनदीप सिंह ढिल्लो, राजेश गोयल, विक्की तोमर, प्रदीप कुमार तथा अन्य पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# नगर निगम आयुक्त ने की साप्ताहिक समीक्षा मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**नगर निगम** आयुक्त नरेश नरवाल की ओर से शहर में किए जा रहे विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जाती है। इसे लेकर निगम की इंजीनियरिंग विंग के साथ एक मीटिंग कर उनके कार्यों की रिपोर्ट ली गई और कार्यों में गुणवत्ता लाने तथा स्पीडअप करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि निगम में टैस्टिंग लैब की नई मशीने आ गई हैं, मैटिरियल की गुणवत्ता जांचने के लिए इनका प्रयोग करें। किसी भी नई सडक़ का वर्क शुरू करने से पहले सीवर व वाटर सप्लाई की लाईने डाली जानी सुनिश्चित बनाएं। जो काम टाइमलाइन में पूरे नहीं होते, उनमें सम्बंधित ठेकेदार को विस्तार न दें, पेनल्टी लगाएं। इसके लिए उन्होंने नगर निगम चीफ इंजीनियर को निर्देश दिए कि शीघ्र ही सभी ठेकेदार के साथ मीटिंग कर उन्हें अच्छे से समझा दें। विकास कार्यों पर निगरानी रखने के लिए नगर निगम में बनाई गई टीम मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्षकों से कहा कि वे मॉनिटरिंग को जारी रखें।

उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणा के जितने भी काम शहर में चल रहे हैं, उन्हें जल्द पूरा करवाएं। शहर के सौंदर्यकरण के लिए इसके सभी प्रवेश मार्गों पर अलग-अलग महापुरुषों के नाम से वेल्कम गेट बनवाए जा रहे हैं, इनमें महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला, अध्यात्मिक संत गुरु नानक देवी, युग पुरूष स्वामी विवेकानंद तथा विद्यादायिनी मां सरस्वती के नाम से निर्माणाधीन द्वार जल्द मुकम्मल करें, ताकि उनका उद्घाटन करवाया जा सके। उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं से कहा कि जितने भी विकास कार्य हैं, उनकी जानकारी सुरक्षित रखने के लिए एक रजिस्टर मेन्टेन करें, जिसमें अनुमान से लेकर सम्बंधित ठेकेदार को की गई पेमेंट तक का विवरण दर्ज हो।

**खाली जगहों पर अधिक से अधिक पौधारोपण करवाया जाए**

नगर निगम की ओर से सड़कों के डिवाइडर तथा खाली जगहों पर अधिक से अधिक पौधारोपन करवाया जाए और सभी पेड़ ट्री-गार्ड में ही लगाए जाएं। समीक्षा मीटिंग में निगम के एक्सईएन अक्षय भारद्वाज ने निगमायुक्त को रिपोर्ट देते बताया कि शहर में करीब 10 करोड़ रूपये की राशि के सीवरेज के 16 कार्य चल रहे हैं, एक पूर्ण हो चुका है तथा 15 प्रोग्रेस में हैं, 11 नए कार्य स्वीकृत हुए हैं।

# आशीष नेहरा ने स्वतंत्र फिल्म का स्तर बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


फिल्म पिंजरे की तितलियां में काम करने वाले कलाकारों व निर्माताओं के साथ अभिनेता यशपाल शर्मा।

**फिल्में** सभी बड़े बजट, बड़े सितारों या विदेशी स्थान के बारे में नहीं हैं। एक फिल्म को तभी श्रेणी माना जा सकता है, जब फिल्म की सामग्री का स्तर महान हो। आशीष नेहरा को एक जादुई फिल्म निर्माता के रूप में माना जा सकता है, जिन्होंने अपनी सामग्री संचालित फिल्म पिंजरे की तितलियां के साथ जादू पैदा किया है। फिल्म जीवन की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, विशेष रूप से महिला समुदाय का सामना करती है। फिल्म तीन महिला पात्रों की कहानी दिखाती है जो शोषण का सामना करती हैं, उनके घर और उन्होंने इन कठिन परिस्थितियों से कैसे पार पाया और साबित किया कि महिला को कमजोर वर्ग नहीं माना जा सकता है।

फिल्म में मुख्य भूमिका में रोनित अग्रवाल, रुचिता देओल, गीता सरोहा और मोहन कांत हैं। फिल्म का निर्माण राकेश नेहरा, सुनील सरोहा, अभिषेक श्रीवास्तव ने किया है। फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसे सिर्फ 15 दिनों में शूट किया गया है और पूरी तरह से एक घर में शूट किया गया है। निर्देशक आशीष नेहरा हैं। अभिनेता यशपाल शर्मा ने हाल ही में मुंबई में आयोजित फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर फिल्म की पूरी टीम की प्रशंसा की।

पिंजरे की तितलियां एक ऐसी फिल्म है जो एक क्लास फिल्म बनाने के लिए साबित होती है, जिसमें सिर्फ महान रचनात्मक दृष्टि की जरूरत होती है। फिल्म में क्रेटिव प्रोड्यूसर तरणबल है।

# एनजीटी से केडीबी को पेड़ काटने की नहीं मिली इजाजत

## मुख्य सचिव हरियाणा को एक महीने में प्रदेश में उपयुक्त रेगुलेटरी मेकेनिज्म बनाने के दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


ज्योतिसर तीर्थ में खड़े वृक्ष।

**ग्रीन** अर्थ संगठन की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एनजीटी की मुख्य खंडपीठ ने मुख्य सचिव हरियाणा को आदेश दिए है कि प्रदेश में एक उपयुक्त रेगुलेटरी मेकेनिज्म एक महीने में बना कर अमल में लाएं।

चार सदस्यीय खंडपीठ के अन्य सदस्य जस्टिस अरुण कुमार त्यागी, प्रोफेसर ए सेंथिल वेल तथा डॉ. अफरोज अहमद थे। गौरतलब है कि हाल ही में ज्योतिसर मंदिर परिसर में कृष्ण वाटिका में विराट स्वरूप स्थापित किया है, जिसके आस -पास खड़े विभिन्न प्रजातियों के 24 पेड़ काटने की योजना थी। संगठन सदस्य अधिवक्ता सुशील कुमार ने बताया कि ये पेड़ सत्तर के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री बंसी लाल ने लगाए थे। पेड़ों को बचाने के लिए ग्रीन अर्थ संगठन ने मई में एनजीटी में याचिका डाली थी। एनजीटी ने 25 मई को इन पेड़ों की कटाई पर स्टे लगा दिया था तथा अगली सुनवाई 26 अगस्त को होनी थी, लेकिन केडीबी ने स्टे हटाने के लिए जल्दी सुनवाई के लिए याचिका डाल दी, जिस पर एक जुलाई को बहस सुनने के बाद खंडपीठ ने अपना फैंसला सुनाया। सुनवाई दौरान सरकार के वकील ने कहा कि विराट स्वरूप की विजिबिलिटी के लिए सात पेड़ काटने की अनुमति दी जाए।

इस पर ग्रीन अर्थ ने ऐतराज जताया व पीठ को अवगत कराया कि ये पर्यावरण का मामला है तथा पेड़ों को काटने की कोई अनुमति नहीं ली गई है। इस पर सरकार की तरफ से बहस कर रहे वकील ने बताया कि दिल्ली के वृक्ष सरंक्षण अधिनियम 1994 की तरह का कोई भी रेगुलेटरी मैकेनिज्म हरियाणा में नहीं है, इसलिए वन क्षेत्र के बाहर पेड़ काटने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। बहस सुनने के बाद खंडपीठ ने आदेश दिया कि पेड़ों का पर्यावरणीय महत्व है तथा बिना किसी रेगुलेशन या अनुमति के पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य पब्लिक ट्रस्ट डॉक्ट्रिन के सिद्धांत में बंधा है, इसलिए पेड़ों के मामले में रेगुलेटरी मैकेनिज्म बनाए, ताकि पर्यावरण संबंधी मामले इस मेकेनिज्म अनुसार हल किये जा सके। खंडपीठ ने मुख्य सचिव हरियाणा को आदेश दिए कि एक महीने में रेगुलेटरी मैकेनिज्म बनाये तथा पेड़ों को काटने के मामले में रेगुलेटरी मैकेनिज्म की अनुपालना सुनिश्चित करें।

इस बाबत की कार्यवाही रिपोर्ट 9 सितम्बर तक ट्रिब्यूनल में दाखिल करें। संगठन सदस्य डॉ.नरेश भारद्वाज ने बताया कि रेगुलेटरी मेकेनिज्म बनने के बाद प्रदेश में आए दिन बिना किसी खास कारण के पेड़ों को काटने घटनाओं पर रोक लगेगी तथा पेड़ों को सुरक्षित किया जा सकेगा।

# 45 किलो प्रतिबंधित नशा पाउडर के साथ शातिर गिरफ्तार

**करनाल।** दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स सेल की टीम ने 45 किलोग्राम प्रतिबंधित नशा पाउडर व 19 हजार नशीली गोलियों के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाने में हिरासत में रखा ओर सुबह दिल्ली की तरफ रवाना हो गई। पुलिस की मानें तो दिल्ली की नारकोटिक्स सेल टीम ने रात के समय सेक्टर 6 के एक मकान में छापेमारी की, जहां से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर आरोपी के पास से 45 किलोग्राम नशा पाउडर व 19 हजार नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस आरोपी को लेकर सिविल लाइन पहुंची ओर आगामी कागजी कार्रवाई पूरी की। दिल्ली पुलिस की छापेमारी कार्रवाई से आसपास के लोगों में हडक़ंप मच गया। आरोपी के पड़ोसी नहीं समझ पाए कि आखिर माजरा क्या है।

# ग्रेट लर्निंग द्वारा नौ जुलाई को रीसेंट ग्रेजुएट्स के लिए वेबिनार होगी आयोजित

**वेबिनार का आधार होगा बेसिक्स ऑफ एसक्यूएल एंड डेटा एनालिटिक्स कॅरियर रोडमैप**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ग्रेट** लर्निंग, जो कि उच्च और व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक प्रमुख वैश्विक एडटेक कंपनी है। कॉलेज के ठीक बाद डेटा एनालिटिक्स में अपने कॅरियर को स्टार्ट करने के लिए उपयुक्त कौशल पर मार्गदर्शन की तलाश कर रहे नए ग्रेजुएट्स के लिए एक वेबिनार आयोजित कर रही है। इस लाइव सत्र में उद्योग के दिग्गज, गुलशन मधुर, असिस्टेंट डायरेक्टर, बिग फोर द्वारा एसक्यूएल और डेटा एनालिटिक्स कैरियर रोडमैप की मूल बातों पर एक ट्यूटोरियल और कैरियर परामर्श शामिल होगा।

मैनेजमेंट कंसल्टिंग इंडस्ट्री में काम करने के एक प्रदर्शित इतिहास के साथ डेटा साइंस में 12+ से अधिक वर्षों के कार्य अनुभव के साथ गुलशन, डेटा एनालिटिक्स में एक सफल करियर शुरू करने के लिए आवश्यक क्षमताओं पर चर्चा करेंगे। यह सत्र 9 जुलाई (शनिवार) को शाम चार बजे से शाम 5 बजे तक हाइब्रिड फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा।

फिजिकल ऑन-ग्राउंड कनेक्ट गुड़गांव में ग्रेट लर्निंग सेंटर (ऑर्किड सेंटर, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 53, गुड़गांव) में होगा और सेशन को जूम के माध्यम से लाइव स्ट्रीम भी किया जाएगा।

# हिमाचल : पांच साल में खाई में गिरने से हुई 2,600 लोगों की मौत

## पुलिस का ये बयान हाल ही में गिरी एक बस के खाई में गिरने के बाद आया

एजेंसी। शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में पिछले पांच साल में सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित तीन हजार से अधिक दुर्घटनाओं में 2,600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस का यह बयान कुल्लू की सैंज घाटी में एक बस के खाई में गिरने के एक दिन बाद आया है, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस तरह की दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़क किनारे अवरोधकों (क्रैश बैरियर) की कमी है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय कुंडू द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राज्य में सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित 3,020 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 2,633 लोगों की मौत हो गई और 6,792 लोग घायल हुए हैं। बयान के

**खाई में गिरने से 3,020 दुर्घटनाओं में 2,633 लोगों की मौत और 6,792 घायल हुए**



मुताबिक, राज्य में कुल सड़क की लंबाई 38,035 किलोमीटर है, जबकि केवल 520 किलोमीटर पर अवरोधक लगाए गए हैं।

बयान के अनुसार, इस तरह की सबसे ज्यादा 973 (32 प्रतिशत) दुर्घटनाएं शिमला में हुईं। इसके बाद मंडी में 425 (14 प्रतिशत) और चंबा और सिरमौर में 306 (10 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। बयान में कहा गया कि सबसे ज्यादा 869 (33 प्रतिशत) मौत शिमला जिले में हुईं, इसके बाद मंडी में 331 (13 प्रतिशत) और चंबा में 284 (11 प्रतिशत) मौत हुईं।

बयान के अनुसार राज्य के ग्रामीण इलाकों में 2,881 (95 प्रतिशत) सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 587 (20 प्रतिशत) शाम छह बजे से नौ बजे के बीच हुईं। आंकड़ों के अनुसार, लिंक सड़कों पर।,679 (56 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। इसके बाद राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर 1,185 (39 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं।

इसमें कहा गया है कि 1,264 (42 प्रतिशत) मामलों में तेज़ गति से वाहन चलाना, 641 (21 प्रतिशत) मामलों में खतरनाक तरीके से वाहन चलाना और 609 (20 प्रतिशत) में बिना देखे सड़क पर मुड़ना दुर्घटना के प्रमुख कारण हैं। डीजीपी ने अधिकारियों को यातायात उल्लंघन के मामलों को रोकने के लिए जांच बढ़ाने का भी निर्देश दिया है।

# बलूचिस्तान में मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ से 25 लोगों की मौत

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ के कारण एक ही परिवार की छह महिलाओं सहित कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद अधिकारियों को क्वेटा जिले में आपात स्थिति की घोषणा करनी पड़ी।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के महानिदेशक नसीर अहमद नासर ने कहा कि सभी मौतें बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण हुईं। उन्होंने कहा, मूसलाधार बारिश में कई लोगों के घायल होने की घटनाएं भी हुई हैं।


पीडीएमए के अनुसार, इस बात की आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बलूचिस्तान प्रांत के दूरदराज के इलाकों में अचानक आई बाढ़ के कारण कई लोग अभी भी लापता हैं। धिकारियों ने कहा कि जान गंवाने वालों में क्वेटा में एक ही परिवार की छह महिलाएं शामिल हैं।

# आटा, अनाज, दही पर 5 फीसद टैक्स और अब एलपीजी पर 50 रुपये बढ़ाए : प्रियंका

## कांग्रेस महासचिव ने पूछा, क्या यह महाराष्ट्र सरकार को गिराने की कीमत है ये?

**ट्वीट किया, भाजपा व उसके पूंजीपति मित्रों के दांत खाने के कुछ और दिखाने के हैं कुछ और**

**कांग्रेस ने रसोई गैस के दाम में बढ़ोतरी को जनविरोधी निर्णय बताया, वृद्धि वापस लेने की मांग**





एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने घरेलू रसोई गैस के दाम में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का जनविरोधी निर्णय करार देते हुए बुधवार को कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में की गई बढ़ोतरी वापस ली जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया, भाजपा व उसके पूंजीपति मित्रों के जनता से लूट-लूट कर खाने के दांत कुछ और हैं, दिखाने के कुछ और हैं। (सरकार ने) कार्यकारिणी बैठक में गरीब कल्याण बोलकर पिछले 2-3 दिनों में आटा, अनाज, दही, पनीर पर 5 प्रतिशत गब्बर सिंह टैक्स लगा दिया। आज रसोई गैस पर 50 रुपये और बढ़ा कर गरीब-मध्य वर्ग की कमर तोड़ दी।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसते हुए ट्वीट किया, क्या यह महाराष्ट्र सरकार को गिराने की कीमत है? कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने संवाददाताओं से कहा, कभी महंगाई को हराने की बात करने वाले प्रधानमंत्री मोदी का महंगाई प्रेम, आज जगजाहिर है। महंगाई के प्रति इनकी गलत नीतियों की वजह से ही आज अमीर और अमीर हो गए हैं तथा गरीब और गरीब हो गए।

रागिनी ने सिलेंडर के दामों में वृद्धि को जनविरोधी निर्णय करार देते हुए कहा, दिल्ली में आज सिलेंडर 1053 रुपये का है, लेकिन दूरदराज के इलाकों में इसकी कीमत कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा, मैं मोदी सरकार से पूछना चाहती हूं कि इतना महंगा एलपीजी सिलेंडर कौन खरीद सकता है? वह किसान, जिसकी आय 27 रुपये प्रतिदिन हो गई है? या फिर वे महिलाएं जिनका घरेलू बजट महंगाई के कारण बिगड़ता जा रहा है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह मांग करती रहेगी कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी वापस ली जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**कांग्रेस दैनिक वस्तुओं पर जीएसटी लगाने के खिलाफ प्रदर्शन करेगी**

**रागिनी** ने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार बढ़ती महंगाई, दैनिक जीवन की जरूरी चीजों पर जीएसटी लगाने की कवायद के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन करेगी और सड़क से लेकर संसद तक जनता जनार्दन की आवाज को उठाने का काम हम करेंगे।

**मई माह से अब तक कीमत बढ़ी तीसरी बार**

घरेलू रसोई गैस के दाम में बुधवार को 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। मई महीने से एलपीजी की दरें तीसरी बार बढ़ाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,053 रुपये हो गई है।



# शिवसेना के 12 सांसद हमारे गुट में शामिल होंगे : शिंदे

**जलगांव।** शिवसेना के एक सांसद द्वारा पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन की घोषणा का आग्रह करने के एक दिन बाद, पार्टी के एक बागी विधायक ने बुधवार को दावा किया कि 18 सांसदों में से 12 जल्दी ही एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो जाएंगे।

जलगावं जिले में अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए विधायक गुलाब राव पाटिल ने कहा कि शिंदे गुट पार्टी का गौरव बहाल करेगा। पाटिल पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारे (बागी गुट) पास 55 में से 40 विधायक हैं और 18 में से 12 सांसद हमारे साथ आ रहे हैं। फिर पार्टी किसकी हुई ? मैंने चार सांसदों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की है। हमारे साथ 22 पूर्व विधायक भी हैं।

शिवसेना के लोकसभा सदस्य राहुल शेवाले ने मंगलवार को उद्धव ठाकरे से आग्रह किया कि वह पार्टी के सांसदों से राष्ट्रपति पद की राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने के लिए कहें क्योंकि मुर्मू आदिवासी हैं और समाज में उनका महती योगदान है।

# अग्निवीरों को वन रक्षक के तौर पर नियुक्त करने के लिए करेंगे अनुरोध : बिहार के मंत्री

## कहा, राज्य में 1000 वन रक्षकों और वन कर्मियों की होगी भर्ती

**मुख्यमंत्री से वन विभाग की भर्ती में अग्निवीरों के आरक्षण की मांग करूंगा**

एजेंसी। पटना

**सशस्त्र** बलों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना को लेकर जदयू के विरोध को नजरअंदाज करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और बिहार के वन एवं पर्यावरण मंत्री नीरज कुमार सिंह चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सेवानिवृत्त अग्निवीर को वन रक्षक और वनपाल के रूप में नियुक्त करें।

सिंह ने बुधवार को बताया, हां, मैं जल्द ही मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राज्य में वन रक्षकों और वनपालों की भर्ती में अग्निवीरों के लिए आरक्षण की मांग करूंगा। मैंने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से इस पर विस्तृत नोट तैयार करने को कहा है। कई राज्य सरकारें पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि सशस्त्र बलों में सीमित अवधि की सेवा करने के बाद पुलिस



बलों और अन्य विभागों में रिक्त पदों को भरने में अग्निवीरों को वरीयता दी जाएगी। बिहार सरकार को भी राज्य सेवाओं में अग्निवीरों के लिए प्राथमिकताओं की घोषणा करनी चाहिए। अग्निपथ योजना पर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की चुप्पी के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, इस योजना को लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि यह योजना देश के युवाओं के लिए अच्छी है। असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कर्नाटक जैसे कई राज्यों ने सशस्त्र बलों में चार साल की सेवा के बाद अग्निवीरों के लिए सहायक उपायों की घोषणा की है।

मंत्री ने कहा, हाल ही में भर्ती किए गए 693 वन रक्षक और वनकर्मी जल्द ही पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य में वनों विशेष रूप से सार्वजनिक वनों की देखभाल और संरक्षण की निगरानी के लिए लगाए जाएंगे।

**अग्निपथ योजना को लेकर हुआ था विरोध**

**हम** जल्द ही राज्य में 1000 और वन रक्षकों और वनकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेंगे। राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री के इस कदम से बिहार में सत्तारूढ़ राजग के घटक दलों के बीच चल रही जुबानी जंग और बढ़ सकती है। केंद्र सरकार द्वारा 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद ही बिहार में इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी हो पर उनकी पार्टी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने केंद्र से अग्निपथ योजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

# ईआरसीपी पर बोले गहलोत > परियोजना राज्य का हक, काम नहीं रुकेगा

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मिलना राज्य का हक है।

इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि अगर केंद्र सरकार इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देती है तो भी इसे पूरा किया जाएगा।



मुख्यमंत्री यहां ईआरसीपी पर कांग्रेस जनप्रतिनिधि सम्मेलन (केंद्र सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग) को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने अपने संबोधन में कहा, भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया तो भी राज्य सरकार इसे पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी इस योजना को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और आम जनता को इससे जोड़गी ताकि प्रधानमंत्री पर दबाव पड़े और उन्हें इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देना पड़े। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से कहना चाहते हैं कि इसमें हमारी कोई राजनीति नहीं है। हम चाहते हैं कि 13 जिलों के लिए महत्वपूर्ण इस योजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दो बार, जयपुर और अजमेर में बैठक में इस परियोजना पर संवेदनशीलता व सकारात्मक रूख से विचार करने की घोषणा की थी, लेकिन इसके बाद कुछ नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार ने इस परियोजना पर काम जारी रखा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार व मुख्यमंत्री लगातार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना को दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

# गोवा : पंचायत चुनाव के आदेश में दखल देने से शीर्ष न्यायालय ने किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें गोवा में 186 पंचायतों के चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने और 45 दिन के भीतर मतदान पूरा कराने का निर्देश दिया गया था।शीर्ष अदालत ने गोवा राज्य द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सितंबर के अंत तक समय बढ़ाने का आग्रह किया गया था। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के 28 जून के आदेश के अनुपालन में 30 जून को चुनाव की अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी है। पीठ ने कहा, यह स्थिति होने के कारण, हमें चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता है। गोवा की ओर से पेश हुए वकील ने पीठ से कहा कि राज्य केवल डेढ़ महीने का अनुरोध कर रहा है और सितंबर के अंत तक सब कुछ पूरा कर लिया जाएगा। वकील ने तर्क दिया कि पंचायतों का कार्यकाल 18 जून को समाप्त हो गया, जो मानसून के बीच में है, और उच्च न्यायालय ने तुरंत चुनाव की अधिसूचना तथा 45 दिन के भीतर इसे पूरा करने का निर्देश दिया है।

# बारिश : बदरीनाथ मार्ग भूस्खलन से अवरुद्ध

**टिहरी में पत्थर के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत**



एजेंसी। देहरादून

**उत्तराखंड** में बुधवार को भी कई जगह भारी बारिश होने से भूस्खलन की घटनाएं हुईं जिनमें टिहरी जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि रूद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोबगड के निकट अवरूद्ध हो गया।

टिहरी जिले में भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन के दौरान पहाडी से गिरे पत्थरों की चपेट में एक कार आ गई, जिससे उसमें सवार एक नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। नई टिहरी में अधिकारियों ने बताया कि हादसा टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक में अलगड-थत्यूड मोटर मार्ग पर करीब 10 बजे हुआ जब नव निर्वाचित ग्राम प्रधान प्रताप सिंह (50) तीन अन्य व्यक्तियों के साथ ततोर गांव के ग्राम प्रधान पद की शपथ लेने के लिए थत्यूड जा रहे थे। उधर, श्रीनगर और रूद्रप्रयाग के बीच सिरोबगड के नजदीक भूस्खलन होने से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया। रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह परिहार ने बताया कि राजमार्ग से मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है जबकि यातायात का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

देहरादून समेत उत्तराखंड के अनेक स्थानों पर बुधवार को भी भारी बारिश हुई। उत्तरकाशी में 44.5 मिमी बारिश हुई जबकि बागेश्वर में 32.3 मिमी और देहरादून में 21.5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# सुप्रीम कोर्ट में 11 जुलाई को सुनवाई के बाद महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना

एजेंसी। मुंबई

**उच्चतम** न्यायालय द्वारा शिवसेना के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा नए पार्टी सचेतक को मान्यता देने के अध्यक्ष के फैसले को चुनौती पर सुनवाई के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के राज्य मंत्रिमंडल में विस्तार की संभावना है। उच्चतम न्यायालय 11 जुलाई को सभी याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

एक सूत्र ने बुधवार को बताया, उच्चतम न्यायालय द्वारा सभी याचिकाओं पर सुनवाई के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना है। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने 30 जून को मुख्यमंत्री शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पद की शपथ दिलाई थी। फडणवीस ने



**फडणवीस ने नागपुर में कहा था कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही किया जाएगा**

मंगलवार को नागपुर में संवाददाताओं से कहा था कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही किया जाएगा और वह विभागों के बंटवारे पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने शिवसेना नेता शिंदे ने उद्धव के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के खिलाफ बगावती तेवर अपनाया था। पार्टी के अधिकांश विधायकों ने उनका साथ दिया, जिस कारण एमवीए सरकार गिर गई थी। सोमवार को विश्वास मत जीतने के बाद, मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा था कि उन्हें और फडणवीस को कैबिनेट विभागों के आवंटन पर चर्चा करने से पहले उन्हें कुछ समय की आवश्यकता है।

शिंदे ने कहा ठीक से सांस तो लेने दीजिए। यह हमारे लिए काफी व्यस्त समय रहा था (राज्य में हाल की राजनीतिक गतिविधियों के संदर्भ में)। मैं और देवेंद्र फडणवीस बैठेंगे और कैबिनेट विभागों और उनके आवंटन पर चर्चा करेंगे। हम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय नेताओं से भी (विभागों के) आवंटन की पुष्टि कराएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## सिडनी में बाढ़ के कारण 85 हजार लोग प्रभावित

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहर सिडनी के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। कई मकानों में पानी भर गया है और अब तक लगभग 85 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। आपातकालीन सेवा मंत्री स्टीफ कुक ने कहा कि सिडनी में बारिश कम हो रही है, लेकिन सिडनी के उत्तरी और पश्चिमी किनारे पर हॉक्सबरी-नेपियन नदी प्रणाली सहित कई हिस्से बाढ़ से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि सिडनी के उत्तर में हंटर वैली में सिंगलटन और मुसवेलब्रुक के कस्बों में आपात प्रतिक्रिया दलों ने रात भर लोगों के घरों के दरवाजे खटखटाए, ताकि निवासियों को खाली करने का आदेश दिया जा सके। कुकु ने कहा, कई लोगों के लिए यह जागने वाली रात रही। न्यू साउथ वेल्स के प्रमुख डोमिनिक पेरोटेट ने कहा कि बुधवार तक 85 हज़ार लोगों को लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के आदेश दिए गए। बाढ़ आपात स्थिति के पांचवें दिन, पेरोटेट ने चेतावनी दी कि पिछली बाढ़ के दौरान जो हिस्से प्रभावित नहीं हुए थे वहां इस सप्ताह बाढ़ आ सकती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने कहा कि 23 स्थानीय सरकारी क्षेत्रों में आपदा घोषित होने के दो दिन से भी कम समय के बाद बृहस्पतिवार से बाढ़ पीड़ितों के लिए संघीय सरकारी वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी।

## मप्रः दो लाख बच्चों ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आवेदन दिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शिक्षण सत्र 2022-23 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत दो लाख से अधिक बच्चों ने निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) के निदेशक धनराजू एस ने कहा कि मंगलवार शाम तक प्राप्त दो लाख आवेदनों में से लगभग 70 प्रतिशत संबंधित अधिकारियों द्वारा सत्यापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख पांच जुलाई थी। आवेदन आरटीई पोर्टल पर जमा किए गए थे और संबंधित अधिकारी नौ जुलाई तक इन आवेदनों का सत्यापन करेंगे। ऑनलाइन लाटरी के माध्यम से बच्चों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि 14 जुलाई को स्कूल आवंटित किए जाएंगे और बच्चे 23 जुलाई तक संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

## कई सहयोगियों के इस्तीफे के बाद जॉनसन की मुसीबत बढ़ी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अपने वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जावेद के इस्तीफे के कारण पहले से ही संकट का सामना कर रहे थे और अब मंत्रियों सहित कई अन्य सहयोगियों के पद छोड़ने से उनकी मुसीबत बढ़ती प्रतीत हो रही है। जॉनसन के कई सहयोगियों ने उनके नेतृत्व को चुनौती दी है। विल क्विंस ने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके बाद रॉबिन वॉकर ने सरकार की आलोचना करते हुए स्कूल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। लारा ट्रॉट ने परिवहन विभाग में मंत्री के सहयोगी का पद पद छोड़ दिया। इससे पहले उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने विश्वास खो दिया है। इन इस्तीफों के बावजूद जॉनसन (58) पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहे हैं।मौजूदा नियमों के तहत जॉनसन अपने नेतृत्व को लेकर आगामी गर्मियों तक प्रधानमंत्री पद पर खुद को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। लेकिन ब्रिटिश मीडिया का कहना है कि 1922 समिति की कार्यपालिका कभी भी नियमों में बदलाव ला सकती है।

# जयपुर में नौ को बैठक की अध्यक्षता करेंगे गृहमंत्री शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी नौ जुलाई को जयपुर में होने वाली उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें सुरक्षा, सड़क, परिवहन, उद्योग, पानी, बिजली और आम हितों के अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ शामिल हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बैठक में इन सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

## राहुल गांधी के बयान से छेड़छाड़ का मामला

# सुप्रीम कोर्ट टीवी प्रस्तोता की याचिका पर सुनवाई को राजी

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाते हुए एक समाचार प्रसारित करने के लिए कुछ राज्यों में प्राथमिकियों का सामना कर रहे टेलीविजन समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन की एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। रंजन ने याचिका में कथित अपराध के लिए दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण की मांग की है।

टीवी प्रस्तोता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने छेड़छाड़ की गई वीडियो क्लिप के प्रसारण के लिए कई राज्यों में उनके खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज किए जाने के बाद याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा, इसे कल के लिए सूचीबद्ध कीजिए।

लूथरा ने कहा, इस शख्स को नोएडा में कल उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया और जमानत पर रिहा कर दिया गया क्योंकि अपराध जमानती था। उन्होंने कहा कि समाचार प्रस्तोता ने एक कार्यक्रम में गलती की थी। उसके लिए माफी मांग ली थी तथा खबर वापस ले ली गई थी। उन्होंने कहा, अब छत्तीसगढ़ पुलिस उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। कृपया इस पर तत्काल सुनवाई कीजिए, अन्यथा उन्हें बार-बार हिरासत में लिया जाएगा।

**प्रस्तोता ने गलत खबर के लिए माफी मांग ली, गिरफ्तारी के बाद जमानत हो गई, अब संरक्षण दें**

## मायावती ने दो प्रदेशों की पुलिस में खींचतान पर चिंता जताई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाते हुए एक समाचार प्रसारित करने के मामले में टेलीविजन समाचार प्रस्तोता की गिरफ्तारी को लेकर छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच हुई खींचतान पर चिंता जाहिर की है।



मायावती ने बुधवार को सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि फर्जी खबर, नफरत फैलाने वाले भाषण, भड़काऊ भाषण आदि को लेकर देश भर में पुलिस कार्रवाई चल रही है और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच एक टीवी पत्रकार की गिरफ्तारी को लेकर हुआ टकराव मीडिया की सुर्खियों में है और यह चिंता की बात है। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि इस प्रकार के घटनाक्रमों से कानून का राज नष्ट होता है और आमजन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारों को तटस्थ व गंभीर होकर कार्य करना चाहिए तभी लोगों को तनाव व ऐसे वातावरण से मुक्ति मिल पाएगी।

गौरतलब है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की एक वीडियो क्लिप को गलत तरीके से प्रसारित करने के आरोप में छत्तीसगढ़ की पुलिस टीम एक समाचार चैनल के एंकर रोहित रंजन को गिरफ्तार करने के लिए मंगलवार को गाजियाबाद पहुंची थी। इसी दौरान वहां नोएडा पुलिस भी पहुंच गई और उन्हें अपने यहां दर्ज एक मामले में गिरफ्तार कर ले गई। उसके बाद रात में रंजन को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### अगले साल होगा शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन

# राजधानी में बाजारों, दुकानों और मॉल्स को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा



● हर उत्पादन पर मिलेगी भारी छूट हर तबके के लिए कुछ न कुछ अवश्य होगा : केजरीवाल




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रोजगार**, व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से दिल्ली दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल की मेजबानी करेगा। इसका आयोजन 28 जनवरी से 26 फरवरी 2023 तक किया जाएगा। केजरीवाल सरकार ने दावा किया है कि दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करने का यह बहुत बड़ा मौका होगा। आने वाले कुछ सालों में इसे दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे।

दिल्ली वालों और यहां की संस्कृति का अनुभव करने के साथ-साथ शॉपिंग आनंद लेने के लिए देश और दुनिया भर के लोगों को निमंत्रित किया जाएगा। इसमें अध्यात्मिक, कंप्यूटर गेम, तकनीक और स्वास्थ से जुड़े मुद्दों पर प्रदर्शनियों भी लगाई जाएगी। सभी बाजारों, दुकानों और मॉल्स को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा, जहां हर उत्पाद और चीज पर भारी छूट मिलेगी और हर तबके के लिए कुछ न कुछ अवश्य होगा। इस दौरान देश दुनिया के जानेमाने कलाकार 200 से अधिक मनोरंजन कार्यक्रम पेश करेंगे।

इसमें मराठी, साउथ इंडियन, गुजराती, बंगाली समेत अन्य स्वादिष्ट व्यंजन मिलेगा, एक स्पेशल फूड वाक्स होगा, जिसमें दिल्ली और बाहर के सभी नामी-गिरामी रेस्टोरेंट और होटल इंडस्ट्री भाग लेंगी।

बाहर से लोगों को बुलाने के लिए होटल, ट्रैवल एजेंट्स और एयरलाइन्स बात कर विशेष पैकेज ऑफर किए जाएंगे। यह एक ऐसा आयोजन होगा जिसमें यहां के लोग, कार्पोरेट्स, व्यापारी, बिजनेसमैन और सरकार सब मिलकर पार्टनर के रूप में काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिन तक चलने वाले इस उत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल होगा। आज तक इतना बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल कभी नहीं हुआ होगा। अभी इसकी शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले कुछ सालों के अंदर इसे दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे।

### फेस्टिवल के लिए दिल्ली को पांच जोन में बांटा जाएगा

**शॉपिंग** फेस्टिवल के लिए दिल्ली को पांच जोन उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और सेंट्रल जोन में बाँटा जाएगा। यूएसपी, ब्रांड जागरूकता, खरीदारी की शैलियों, दुकानों की संख्या, जीएसटी कलेक्शन, स्थान, फुटफॉल, कनेक्टिविटी और सफाई के आधार पर सरकार इस फेस्टिवल को मनाने के लिए सभी इलाकों में 15 प्रतिष्ठित बाजारों और 10 मॉल को चुनेगी। केजरीवाल सरकार दूसरे साल से इस शॉपिंग फेस्टिवल को पड़ोस के बाजारों में विस्तार करने की योजना बना रही है।

## डीडीए ने लैंड-पूलिंग नीति के संबंध में बैठकें कीं

**नई दिल्ली।** लैंड-पूलिंग नीति के संबंध में जनता के सवालों का जवाब देने और शंकाओं को दूर करने के मकसद से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने यहां तिगीपुर और मोहम्मदपुर-रमजानपुर गांवों में जनसभाएं कीं।

एक अधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई है। दरअसल, लैंड-पूलिंग नीति के तहत जिन लोगों के पास अपनी जमीन है या ऐसे लोगों का समूह डीडीए से मिलकर इस योजना के तहत पंजीकृत हो सकते हैं और उन जमीन पर फ्लैट्स बनाकर बेच सकते हैं। बयान में कहा गया है कि लैंड पूलिंग नीति से जुड़े मुद्दों, प्रस्तावित संशोधनों, संघ के गठन के तौर-तरीकों, बाहरी विकास शुल्क (ईडीसी) मुद्दे, जमीन का 60:40 का अनुपात और जमीनी स्तर पर इस नीति के क्रियान्वयन पर शनिवार को हुई बैठकों में चर्चा की गई।डीडीए आयुक्त (लैंड-पूलिंग) तारिक थॉमस और निदेशक (लैंड-पूलिंग) अमरीश कुमार विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मियों तथा दिल्ली देहात के सामाजिक संगठनों के साथ बैठकों में मौजूद रहे। व्यापारियों और बिल्डरों ने भी बैठकों में भाग लिया और इस नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अहम बिन्दुओं पर चर्चा की। बयान में कहा गया है, लैंड पूलिंग के आयुक्त और निदेशक ने जमीन मालिकों, डेवलपर्स और पक्षकारों की समस्याएं सुनी तथा संघ के गठन की प्रक्रिया और संभावित समय सीमाओं, एनएच-1 को बंध रोड से जोड़ने वाले पी-द्वितीय जोन के तहत आने वाले यूईआर-द्वितीय सेक्शन के निर्माण समेत सभी मुद्दों पर बात की।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

दिन बढ़िया रहेगा। वकीलों के लिए दिन बेहतरीन है, बड़ा केस मिल सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है। पढ़ाई में मन लगेगा, साथ ही प्रोजेक्ट बनाने में आ रही समस्या आज किसी मित्र की मदद से सॉल्व हो जाएगी। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने पर दाम्पत्य संबंध में मधुरता बढ़ेगी। सभी दु:खों का निवारण होगा। स्वास्थ्य फिट एण्ड फाइन रहने वाला है।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** भगवान विष्णु को पीले फूल अर्पित करें।

### वृष

मनोरंजन और सौन्दर्य में इजाफे पर जरूरत से ज्यादा वक्त न खर्च करें। अपने सामाजिक जीवन को दरकिनार न करें। अपनी व्यस्त दिनचर्या में से थोड़ा-सा समय निकालकर अपने परिवार के साथ किसी आयोजन में शिरकत करें। यह न सिर्फ आपका दबाव कम करेगा, बल्कि आपकी झिझक भी मिटा देगा। आपके प्रिय का मूड ठीक नहीं है, इसलिए सोच-समझ कर कोई भी काम करें।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** सूर्य देव को रोज सुबह हाथ जोड़कर प्रणाम करें।

### मिथुन

किस्मत साथ रहेगी। सफलता जरूर हासिल होगी। स्टूडेंट्स करियर में कुछ सकारात्मक बदलाव करेंगे। माइंड में आये नये विचार सहारा दे सकते हैं। अगर आप इलेक्ट्रॉनिक समान खरीदने की सोच रहे हैं तो दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है। सफलत कदम चूमेगी। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं और बेजा खतरा मोल लेने से बचें। धन लाभ होगा।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** देवी लक्ष्मी को सफेद गुलाब के फूल अर्पित करें।

### कर्क

मानसिक और नैतिक शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा भी लें, केवल तभी सर्वांगीण विकास संभव है। याद रखें कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है। निवेश के लिए अच्छा दिन है। उचित सलाह से ही निवेश करें। सारे तथ्यों को जानने के लिए थोड़ी छानबीन जरूरी है गुस्से में कोई कदम उठाएंगे तो संबंध खराब हो सकते हैं। कामकाज के मोर्चे पर स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा।

**(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** गौरी-गणेश को भोग लगाएं।

### सिंह

दिन अनुकूल रहेगा। सामने आने वाली चुनौतियों को शांत मन से सॉल्व करने की कोशिश करेंगे। कई दिनों से गाड़ी खरीदने में आ रही पैसों की समस्या भी खत्म हो सकती है। वॉलेट को समय-समय पर चेक करते रहें, वरना कहीं मिस प्लेस भी हो सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन बढ़िया है। करियर से रिलेटेड शुभ सूचना मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे होंगे। व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं, खतरा मोल लेने से बचें।

**(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** पीतल का कड़ा धारण करें।

### कन्या

चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें निवेश करने में काफी सावधानी बरतें। रिश्तेदार जो बहुत दूर रहता है, आपसे संपर्क कर सकता है। अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक्कत महसूस करेंगे। जो काम आपने किया है, उसका श्रेय किसी और को न ले जाने दें। काम और शब्दों पर गौर करें। आधिकारिक आंकड़े समझने में मुश्किल होंगे, अगर आप कुछ गड़बड़ करते हैं तो। परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

**(टो, पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** घर से निकलते समय मीठा खाकर निकलें।

### तुला

ऐसी गतिविधियों में शामिल हों जो रोमांचक हों और सुकून दें। खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे जो आर्थिक फायदा पहुंचाएंगे। मित्रों या संबंधियों को आर्थिक काम-काज और रुपये-पैसे का प्रबंधन न करने दें, नहीं तो जल्दी ही तयशुदा बजट से कहीं आगे निकल जाएंगे। जिन्दगी की हकीकत का सामना करने के लिए प्रिय को कम-से-कम कुछ वक्त के लिए भूलना पड़ेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** चने की दाल का दान करें।

### वृश्चिक

करियर से रिलेटेड कोई शुभ समाचार मिल सकता है। काम ज्यादा होने की वजह थोड़ी थकान रहेगी। शाम को बच्चों के साथ टाइम बिताने से थकान से राहत महसूस करेंगे। छात्रों के लिए दिन अनुकूल है। पुरानी जमीन को बेचने पर उम्मीद से अधिक लाभ होगा। मित्र से आपकी अनबन हो सकती है। काम में सफलता मिलेगी। कामकाज के सिलसिले में आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है।

**तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** बड़े-बुजुर्ग के पैर छूकर आशीर्वाद लें।

### धनु

ज्यादातर चीजें आपके मन के मुताबिक होंगी। खर्चों में इजाफा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। लोगों के साथ ठीक तरह से पेश आएं, खास तौर पर उनके साथ जो आपसे प्यार करते हैं और आपका ख्याल रखते हैं। आज आप ऐसे इंसान से मिल सकते हैं, जो आपको खुद अपनी जिन्दगी से ज्यादा चाहता होगा। चीजों के होने का इंतजार मत कीजिए बाहर निकलें और नए मौकों की तलाश करें।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** साबुत हल्दी का दान करें।

### मकर

दिन आपके लिए अच्छा है। करीबी आपके विचारों को जीवनसाथी के प्रति विचलित कर सकता है। बेहतर होगा आप दूसरों की राय को नजरअंदाज कर दें। परिवार में समय अधिक देने से पारिवारिक जीवन आनंदमय हो जाएगा। कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए भी आज कई सुनहरे अवसर मिलेंगे। लवमेट के लिए दिन यादगार रहेगा। दिन अच्छा जाएगा। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप खुशी महसूस करेंगे।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** जरुरतमंद को पीला वस्त्र दान करें।

### कुंभ

तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। जीवन-साथी के साथ गोपनीय जानकारी बांटने से पहले सोच लें। अगर मुमकिन हो तो इससे बचें, क्योंकि इन बातों के बाहर फैलने का खतरा है। संबंधों में यथार्थवादी बनने की कोशिश करें। पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर करिअर में नए दरवाजे खोल सकते हैं। अपने क्षेत्र में अपार सफलता मिलने की संभावना भी है। सभी क्षमताओं को निखारकर औरों से बेहतर बनने की कोशिश करें।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** पपीते का दान करें।

### मीन

दिन ठीक-ठाक रहेगा। पुराने रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। नये काम को शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। व्यापारी वर्ग को धन लाभ हो सकता है। आज आप टीवी खरीदने का प्लान भी बना सकते हैं। इसके अलावा विवाहितों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। जीवनसाथी को आइक्रीम खिलाएंगे तो रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। सभी दु:ख दूर होंगे। धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है।

**(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** मां दुर्गा की पूजा करें।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

## कैग रिपोर्ट सरकार की ईमानदारी का बड़ा सबूत : केजरीवाल



● मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली सरकार को लाभ में बताने वाले आंकड़े हमारी उपलब्धि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने कैग की दिल्ली सरकार को लाभ में बताने वाली एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि आंकड़े उसकी ईमानदारी का सबसे बड़ा सबूत हैं।

यह आंकड़े दिल्ली सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की ईमानदारी ने विरोधियों की नींद उड़ा दी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की मंगलवार को विधानसभा में रखी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के पास 2015-16 से 2019-20 तक अतिरिक्त राजस्व था। हालांकि, उसने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार राजस्व अधिशेष इसलिए बनाए रख पाई क्योंकि उसके कर्मचारियों की पेंशन का खर्च केंद्र सरकार वहन करती है और दिल्ली पुलिस का खर्च केंद्रीय गृह मंत्रालय उठाता है। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि यह कैग की रिपोर्ट है।

इन्होंने कहा है कि दिल्ली में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से दिल्ली सरकार फायदे में चल रही है। यह आप सरकार की ईमानदारी का सबसे बड़ा सबूत है। इसी ईमानदारी ने हमारे विरोधियों की नींद उड़ा रखी है।

## बस लेन में खड़े निजी वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई, दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बस** लेन में अवैध रूप से खड़े किए गए निजी वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को आईटीओ-कश्मीरी गेट रूट पर बस लेन और बस क्यू शेल्टर (बीक्यूएस) का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बस लेन में अवैध रूप से पार्क किए गए निजी वाहनों को हटाने के भी निर्देश दिए ताकि बसों के लिए निर्बाध यातायात सुनिश्चित किया जा सके। परिवहन विभाग ने एक अप्रैल से शुरू हुए बस लेन प्रवर्तन अभियान के तहत 44 हजार से अधिक चालान जारी किए हैं।

कैलाश गहलोत ने दिल्ली गेट, लाल किला और दरियागंज रोड का दौरा करते हुए आईटीओ-कश्मीरी गेट खंड पर बस लेन और बस क्यू शेल्टर (बीक्यूएस) का निरीक्षण किया। परिवहन मंत्री ने दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम के अधिकारियों को यात्रियों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली भर में ऐसे सभी आश्रयों का नियमित रखरखाव और मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और उन्हें बस स्टॉप के पास बस मार्ग के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।



दिल्ली परिवहन विभाग ने इस साल राष्ट्रीय राजधानी में बस लेन प्रवर्तन सुनिश्चित करने के लिए एक अप्रैल से लेन प्रवर्तन अभियान शुरू किया था। चार जुलाई तक बस लेन प्रवर्तन अभियान के तहत कुल 44,594 चालान जारी किए जा चुके हैं। इनमें लेन उल्लंघन के लिए बस चालकों को जारी किए ग 1,591 चालान और निजी वाहन मालिकों को बस लेन में पार्किंग के लिए जारी किए गए 43,003 चालान शामिल हैं।

अभियान के तहत बस लेन में गलत तरीके से पार्किंग के लिए कुल 526 वाहनों को मौके से उठाया गया। परिवहन मंत्री ने कहा वह शहर के बस स्टॉप को सुविधाजनक बनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बस कतार आश्रयों के साथ बसों की आसान आवाजाही और यात्रियों के सुरक्षित आवागमन को भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

## शिक्षकों की मांगों को लेकर डूटा का यूजीसी पर प्रदर्शन

● तदर्थ शिक्षकों के लिए एकाबारगी समायोजन की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) पर प्रदर्शन किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो एके भागी ने कहा कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों में करीब साढ़े चार हजार शिक्षक तदर्थ के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षक संघ की मांग है कि केंद्र सरकार एकबारगी समायोजन बिल लाकर लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का स्थाई समाधान करे। समायोजन की इस प्रक्रिया में 200 प्वाइंट रोस्टर का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

प्रो. भागी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण के लागू होने से छात्र संख्या में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है लेकिन औपचारिक रूप से जरूरी शैक्षणिक व्यवस्था के लिए आवश्यक शिक्षक पद नहीं दिए गए हैं। इस संबंध में डूटा की मांग है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 25 फीसदी शिक्षक पदों को भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तुरंत जारी करें। डूटा सचिन डॉ. सुरेंदर सिंह ने यूजी सी से मांग की है कि एमोमली कमेटी की सिफारिशों को तुरंत जारी करे।

डूटा उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार के अनुसार डूटा कमेटी की सिफारिशों को जारी करने की मांग कर रही है। डूटा सचिव डॉ सुरेंदर सिंह ने मांग करते हुए प्रोफेसर पद पर प्रमोशन के लिए कॉलेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर को पी एच डी की अनिवार्यता से छूट तथा शोध पत्रों में राहत देने की भी अपील की है।



दिल्ली विश्वविद्यालय के अदिति कॉलेज और दिल्ली पुलिस ने इंटरनेट से जुड़े अपराधों के बचाव के लिए साइबर जागृति दिवस का आयोजन किया। इसमें कॉलेज के 100 छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

# पायलट प्रोजेक्ट: एमसीडी के स्कूलों का होगा कायाकल्प

### 25 स्मार्ट मॉडल स्कूल 15 अगस्त तक और 400 गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तक होंगे स्मार्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** नगर निगम के स्कूलों का बहुत जल्द पूरा नक्शा बदला हुआ नजर आएगा। इसका खाका तैयार कर एमसीडी ने 25 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू कर दिया है। इनकी भौतिक संरचना में बदलाव के साथ डेस्क, बेंच, कुर्सियां सहित सारे सामान बदले जाएंगे।

पायलट प्रोजेक्ट में बेहतर परिणाम मिलने के बाद सभी स्कूलों को योजना के दायरे में लाया जाएगा। एमसीडी ने पिछले कुछ वर्षों में अपने स्कूलों की आधारभूत संरचना में काफी बदलाव किया है। स्मार्ट कक्षाएं, उपयोगी लाइब्रेरी, बच्चों व अभिभावकों की काउंसलिंग और अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई जैसी पहल से एमसीडी स्कूलों में की छवि बदली है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एमसीडी द्वारा संचालित स्कूलों को स्मार्ट मॉडल स्कूल बनाने के पायलट प्रोजेक्ट सीपी ब्लॉक, पीतम पुरा स्थित नगर निगम प्रतिभा स्कूल से किया। नगर निगम स्कूलों में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं तकनीकी ढ़ांचे को अपग्रेड करने के मकसद से चालू किए जा रहे इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि नगर निगम के 25 ऐसे स्कूल 15 अगस्त तक तैयार कर आजादी के अमृत महोत्सव पर लोकार्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी, 2023 तक 400 अन्य स्कूलों को पूरी तरह से नवीनीकृत एवं स्मार्ट तकनीक से लैस कर दिया जाएगा। इस मौके पर एलजी ने निगम अधिकारियों को स्कूल में निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्य तथा आधुनिक फर्नीचर, तकनीक से लैस ब्लैक बोर्ड, इंटरेक्टिव पैनल एवं अन्य पढ़ाने की वस्तुओं के साथ इस कार्य को 25 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिये। उपराज्यपाल के निर्देश पर नगर निगम स्कूलों के मरम्मत, रंगाई पोताई के लिए 14.85 करोड रूपये आवंटित किए गए हैं। 29 सर्वाधिक प्रभावित भवनों की मरम्मत हेतु इंजीनियरिंग विभाग को 4.41 करोड़ रूपये मंजूर किए गए। जिन स्कूलों का मरम्मत, नवीनीकरण और विकास किया जा रहा है, उनमें गैर सरकारी संगठनों और कॉरपोरेट जगत को उनके सीएसआर फंड के तहत सहभागी बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

मालूम हो कि उपराज्यपाल ने 18 जून को एच ब्लॉक, अशोक विहार स्थित एमसीडी स्कूल के अपने पहले दौरे में पायलट आधार पर मरम्मत, नवीनीकरण हेतु 25 एमसीडी स्कूलों की पहचान करने का ऐलान किया था।

7 हजार वर्गमीटर में बना सीपी ब्लॉक, पीतम पुरा स्थित स्कूल, जहां कल मरम्मत, पेंटिंग एवं साफ सफाई के कार्य का शुभारंभ किया गया था। इस श्रेणी में पहला है।

## ईमानदारी से करें एमसीडी दरों का भुगतान : एलजी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार एमसीडी की खराब वित्तीय हालत में सुधार के लिए दिल्ली वालों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने लोगों से अपने संपत्ति करों और बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध भी किया है ताकि नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।

उपराज्यपाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-2020 और 2021-22 के बीच दिल्ली नगर निगम का नकद घाटा 2,756.32 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय कुप्रबंधन और अधिकांश निवासियों द्वारा संपत्ति करों का भुगतान न करने से वर्तमान वित्तीय संकट खड़ा हो गया है। एमसीडी दिल्ली में 94 प्रतिशत सेवाएं देता है। पिछले वित्तीय कुप्रबंधन और करीब 75 प्रतिशत निवासियों द्वारा किसी भी संपत्ति कर का भुगतान न करने से यह संकट में आ गया है।





कभी-कभार आपको अपनी पुरानी हो चुकी लिपस्टिक का शेड इतना पसंद होता है कि आप उसे फेंकने का मन नहीं होता। ऐसे में आप इन टिप्स का इस्तेमाल करें।

# लिपस्टिक लगाने से पहले पढ़ लें ये पांच बातें, होंठ दिखेंगे हॉट और खूबसूरत

**लिपस्टिक ट्रेंड की बात करें तो इस सीजन में ऑरेंज, रेड, बरगंडी और डार्क पर्पल शेड्स काफी पॉपुलर हैं। फ्लैशी रेड, चेरी रेड, ब्लड रेड, प्लम और मरून ट्रेंड में रहेंगे लेकिन इन्हें चुनते समय बेहद सावधानी बरतें।**

**लिपस्टिक** लगाना लगभग हर लड़की को पसंद होता है। अगर आपके पास मेकअप करने का समय नहीं भी है, लेकिन आप लिपस्टिक लगाकर काम चला रहे हैं, तो यकीन मानिए यह चेहरे पर एक अलग ग्लो और चमक ले आता है। लिपस्टिक एक ऐसी चीज है जो हर लड़की पर जचती है और चेहरे को खूबसूरत और ग्लोअंग दिखाती है। लिपस्टिक ट्रेंड की बात करें तो इस सीजन में ऑरेंज, रेड, बरगंडी और डार्क पर्पल शेड्स काफी पॉपुलर हैं। फ्लैशी रेड, चेरी रेड, ब्लड रेड, प्लम और मरून ट्रेंड में रहेंगे, लेकिन इन्हें चुनते समय बेहद सावधानी बरतें। रेड का जो शेड आप पर सूट करे, उसी का चुनाव करें। आज हम आपको लिपस्टिक के बारे में कुछ ऐसी बातें बता रहे हैं, जिसके बारे में आपको पता होना चाहिए। साथ ही इन टिप्स को पढ़ने के बाद आप लिपस्टिक से संबंधित कभी भी कोई गलती नहीं करेंगे।

**आइकॉनिक कलर्स :** लिपस्टिक के आइकॉनिक कलर्स में पॉप आर्ट रेड, मटैलिक क्रिमसन, डार्क चॉकलेट रेड, मैट फूशिया खूब पसंद किए जाते हैं। अगर रात की पार्टी के लिए तैयार हो रही हैं, तो बोल्ड कलर्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। हमारे द्वारा बताए गए लिपस्टिक के शेड्स डे पार्टी के लिहाज से काफी ठीक हैं।

**डे पार्टी और लिपस्टिक :** हम अपनी डे टू डे लाइफ में कई बार ऐसे मौकों से गुजरते हैं जब हमें डे पार्टी में जाना होता है। डे पार्टी के लिए मेकअप खासकर की लिपस्टिक चुनना थोड़ा मुश्किल होता है। इसलिए हम आपसे कहेंगे कि आप दिन की पार्टी के लिए हलके लिपस्टिक शेड्स अप्लाई करें। जैसे, चॉकलेटी रेड और पीच शेड्स दिन के लिहाज से ठीक रहते हैं।

**लिप पेंसिल या लिप लाइनर :** लिप पेंसिल या लिप लाइनर के बजाय होंठों पर लिपस्टिक के दो कोट लगाएं। आई मेकअप पर अधिक फोकस करना चाहती हैं तो लिपस्टिक का एक कोट लगाने के बाद उससे एक शेड हलके लिप ग्लॉस को होंठों के बीच में लगाकर हलका ब्लेंड करें।

**ऑरेंज लिपस्टिक और आई मेकअप:** ऑरेंज लिपस्टिक कुछ लड़कियों की फेवरेट होती है। वह इसे हर ड्रेस के साथ ट्राई करना चाहती हैं। लेकिन ध्यान रहे अगर आप ऑरेंज लिपस्टिक यूज करना चाहती हैं तो उसके साथ मस्कारा के तीन कोट लगाएं और आई मेकअप को नैचरल या मिनिमल ही रखें।

**टोन का रखें ध्यान :** ध्यान रहे कि हमेशा वही रंग पसंद करें, जो आपकी त्वचा और नेचर से मेल खाते हों। अगर आप गोरी हैं तो कोई भी रंग आप पर सूट करेगा, वहीं अगर डस्की हैं तब भी आप अपनी पसंद के कलर चुन सकती हैं लेकिन ऐसी स्थिति में ब्राइट व चॉकलेट शेड्स भी फबेंगे।

## पुरानी हो चुकी लिपस्टिक को फेंके नहीं

# इन टिप्स की मदद से बनाएं इसे नया और ग्लॉसी

वहीं लंबे समय से इस्तेमाल न होने के कारण लिपस्टिक और काजल जैसे प्रोडक्ट्स अक्सर सूख जाते हैं। वहीं लिपस्टिक के शेड्स को लेकर लोगों में एक खासा लगाव होता है। लोगों को अपने कुछ लिपस्टिक के कलर इतने पसंद होते हैं कि वो उसे खत्म होने से पहले फेंकना नहीं चाहते हैं। तो क्या कोई ऐसा उपाय है जिसकी मदद से हम लिपस्टिक को दोबारा से इस्तेमाल कर पाएं? तो हां, कुछ ऐसी चीजें हैं, जिसकी मदद से आप अपनी पुरानी लिपस्टिक को फिर से नए जैसा बना सकते हैं। साथ इस टिप्स से लिपस्टिक की उम्र भी बढ़ जाएगी और आप इसका और लंबे समय तक इस्तेमाल कर पाएंगे।

### ड्रायर की मदद से ड्राय



### लिक्विड पिघला दें

लिपस्टिक अगर सूख जाए तो लिपस्टिक को ड्रायर की मदद से पिघला दें। इसके लिए लिपस्टिक को खोलकर को ब्लो-ड्रायर के करीब रखें और 5 मिनट के लिए ब्लो ड्राई करें। ये अपने लिपस्टिक को फिर से गर्म करने का तरीका है। इससे सूखी लिपस्टिक में पहले की तरह जान आ जाएगी और इसका फिर से इस्तेमाल कर पाएंगे। आप चाहें तो ये भी कर सकते हैं कि लिपस्टिक को बाहर निकाल कर किसी गर्म चीज से थोड़ी दूरी पर रख दें। ये उस गर्मी से धीमे-धीमे अपने आप पिघल जाएगा।

### गर्म पानी में डालकर पिघला लें

लिपस्टिक को पिघलाने का एक और आसान तरीका है, उन्हें गर्म पानी में डाल लें। इसके लिए एक सेफ कप लें और पानी को 2 मिनट तक गर्म करें। अब इसमें अपनी लिपस्टिक को लगभग 2 मिनट के लिए रखें। इसे बाहर निकालें और उपयोग करें। आप नोटिस करेंगे कि इसका ग्लॉसीपन वापिस आ गया है और ये देखने में पहले से भी बेहतर हो गया है।

### नारियल का तेल

नारियल तेल की तरह कुछ भी नहीं है। इसकी मदद से आप अपने कितने सारे मेकअप की चीजों को ठीक कर सकते हैं। सूखी लिपस्टिक को ठीक करने के लिए आपको बस इतना करना है कि अपने लिपस्टिक को वापस लाने के लिए कोल्ड-प्रेस्ड नारियल तेल की 4-5 बूंदें मिलाएं। ट्यूब को अच्छी तरह से हिलाएं और इसे 5 मिनट तक बैठने दें फिर लिपस्टिक को लगा लें। इस तरह आप पाएंगे कि ये लिपस्टिक लगाने में उतनी ही आसान है और होठों पर पहले जैसा ही रंग आया है। आप इसके अलावा ये भी कर सकते हैं कि लिपस्टिक को लगाने से पहले उसके टिप पर एक से दो बूंद नारियल तेल डाकर हाथों पर चला लें। कुछ देर में आपको महसूस होगा कि लिपस्टिक की पूरी स्टिक में वो तेल आ गया है। अब इसे होठों पर ट्राई करें।

### एलोवेरा जेल

ताजा एलोवेरा जेल को निकालें और सूखे लिपस्टिक की बोतल में कुछ मिलाएं। इसे अच्छे से हिला-हिला कर मिला लें और 5 मिनट के बाद लगाएं। सबसे अच्छी बात यह है कि यह न केवल आपके पुराने लिपस्टिक को फिर से जीवंत बनाता है, बल्कि यह आपके होंठों को भी पोषण देता है। आप देखेंगे कि आपको अपने लिप शेड को लगाने से पहले लिप बाम लगाने की जरूरत नहीं है। इस तरह ये लिपस्टिक को ही जीवंत नहीं करेगा बल्कि आपके होठों को भी मॉइश्चराइज करेगा।

# घर पर यूं बनाकर लगाएं आलू का आइस क्यूब चमकने लगेगा चेहरा!

**गर्मियों** की शुरुआत होने के साथ ही त्वचा संबंधित कई समस्या शुरू होने लगती है। ऐसे में चेहरे की त्वचा का ख्याल रखना काफी जरूरी है। तपती गर्मी के कारण आने वाले पसीने त्वचा के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। हालांकि अपने चेहरे को ठंडक पहुंचाने के लिए आप आइस क्यूब का प्रयोग कर सकते हैं। इसके रोजाना इस्तेमाल से न केवल स्किन पोर्स टाइट होते हैं, बल्कि कील-मुंहासे जैसी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। वहीं, अगर आप आलू से बने आइस क्यूब्स का इस्तेमाल करते हैं तो आपको लाभ हो सकता है।

ब्यूटी एक्सपर्ट्स का कहते है कि आलू का इस्तेमाल चेहरे के दाग-धब्बे, डार्क सर्कल और कील-मुंहासे की समस्या दूर करता है, लेकिन इसके रस में अनार के रस और नींबू को मिक्स करके आइस क्यूब्स बनाया जाए तो त्वचा पर दोगुना लाभ पहुंच सकता है। आज हम आपको आपकी त्वचा का ख्याल रखने के लिए आलू से बने आइस क्यूब के फायदे और इसे बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं, आइए जानते हैं।

> आलू का इस्तेमाल चेहरे के दाग-धब्बे डार्क सर्कल और कील-मुंहासे की समस्या दूर करता है लेकिन इसके रस में अनार के रस और नींबू को मिक्स करके आइस क्यूब्स बनाया जाए तो त्वचा पर दोगुना लाभ पहुंच सकता है।

### आलू के आइस क्यूब्स बनाने की विधि

आलू के आइस क्यूब्स बनाने के लिए आपको सिर्फ आलू, अनार का रस और नींबू की जरुरत पड़ेगी। इसके लिए कच्चे आलू को मिक्सी में पीसकर उसके रस को निचोड़ लें। इसके बाद इसमें नींबू और अनार के रस को मिक्स कर लें। इसके बाद इन्हें आइस ट्रे में डालकर दो दिनों के लिए फ्रीजर में रख दें।

### इस तरह से लगाएं अपने चेहरे पर आइस क्यूब

इन नुस्खों को बताने वाले कहते हैं कि कभी भी चेहरे पर सीधे तौर पर आइस क्यूब नहीं लगाना चाहिए। ऐसे में एक आइस क्यूब के टुकड़े को लेकर उसे एक कॉटन के रूमाल में लपेट लें और फिर इसे अपने चेहरे पर मलने के साथ ही अपनी गर्दन पर भी जरूर इस्तेमाल करें। ध्यान रहे ऐसे आपको अपने चेहरे पर एक दिन में सिर्फ एक बार ही इस्तेमाल करना है।

### आंखों के काले घेरों से मिलेगा छुटकारा

ब्यूटी एक्सपर्ट्स का कहना है कि आलू की मदद से आपकी थकी हुई आंखों को आराम मिलता है। इसके अलावा ये आपके आंखों के नीचे के काले घेरे को भी हल्का कर सकता है। इसके लिए आप अपनी आंखों पर ठंडे आलू के स्लाइस भी लगा सकते हैं।

### त्वचा के लिए आलू के लाभ

आलू में एक ऐसा ब्लीचिंग एजेंट पाया जाता है, जिसकी मदद से चेहरे के रंग को साफ किया जा सकता है। आलू का रोजाना नियमित तौर पर लगाने से त्वचा का कालापन दूर होने के साथ चेहरे पर रोनक आती है। आप चाहें तो आलू के रस में नींबू या फिर टमाटर के रस को मिलाकर अपने चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### स्किन बनाए ब्राइट

धूल-मिट्टी हो या फिर तेज धूप इन दोनों से हमारी त्वचा के रंग पर प्रभाव पड़ता है। इसके कारण चेहरे की चमक कम हो जाती है और त्वचा की रंगत भी उड़ जाती है। इन नुस्खों को बताने वालों का कहना है कि ऐसी समस्या से आलू का इस्तेमाल करना काफी लाभदायक साबित हो सकता है। क्योंकि इसमें कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा को अंदर से पोषण देती है। त्वचा की खोई रंगत को वापस पाने के लिए आप रोजाना अपने चेहरे पर आइस क्यूब का इस्तेमाल करें।



# कहीं खो न जाए आपके पैरों की सुंदरता

> दिनभर जूते-चप्पल पहनने से पैरों की त्वचा पर खासा असर पड़ता है। चलना, उठना, बैठना, खड़े होना या फिर भागदौड़ करना इन सभी में पैरों का इस्तेमाल होता है। ये रोजाना अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इनकी देखभाल करना जरूरी है।

जिस तरह से आप अपने चेहरे और बालों समेत हाथों का ख्याल रखते हैं, ठीक उसी तरह अपने पैरों की भी देखभाल करनी चाहिए। ज्यादातर महिलाएं अपने पैरों पर ध्यान नहीं देती, उनके अनुसार पैर लोगों की नजरों से छिपे हुए हैं। हालांकि पैरों का ख्याल रखना सिर्फ सुंदरता बढ़ाना नहीं है। इसकी देखभाल सेहत और फिटनेस के तौर पर भी जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि पैर हमारे पूरे शरीर का बोझा उठाते हैं और इनका ध्यान रखने की अधिक जरूरत है। वहीं, आज हम आपको त्वचा विशेषज्ञों द्वारा बताए गए कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने पैरों की अच्छे से देखभाल कर सकते हैं। इतना ही नहीं, इन टिप्स के जरिए आप अपने पैरों को काफी सुंदर और आकर्षित भी बना सकते हैं। आइए आपको उन शानदार टिप्स के बारे में बताते हैं।

### पैर बनेंगे मुलायम

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार दिनभर जूते-चप्पल पहनने से पैरों की त्वचा पर खासा असर पड़ता है। चलना, उठना, बैठना, खड़े होना या फिर भागदौड़ करना इन सभी में पैरों का इस्तेमाल होता है। ये रोजाना अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इनकी देखभाल करना जरूरी है। त्वचा विशेषज्ञों की मानें तो कहीं भी बाहर से आने पर सबसे पहले अपने पैरों को पानी से धोकर सुखा लेना चाहिए। इसके सुखने के बाद उन पर थोड़ा सा मॉइश्चराइजर भी जरूर लगाएं। मॉइश्चराइज करने के लिए आप नारियल या जैतून के तेल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तरह से रोजाना करने पर पैरों की त्वचा मुलायम बनी रहेंगी। अगर रोज नहीं कर सकते तो सप्ताह में तीन बार जरूर करें।

### तलवों की दरारें होंगी दूर

ज्यादातर लोगों के पैरों के तलवों पर दरारें पड़ जाती है। इसके लिए बाजार में कई महंगी-महंगी क्रीम भी मौजूद है। हालांकि आप इसे घरेलू तरीके से भी सही कर सकते हैं। त्वचा विशेषज्ञों के मुताबिक अगर आप अपने पैरों को दस मिनट के लिए गर्म पानी में नमक डालकर भिगोएंगे तो 10 मिनट के बाद आपके पैर थकान रहित और ताजगी महसूस करेंगे। अगर पैरों में गहरी दरारें हैं तो पानी से निकाले के बाद पत्थर के बने झांवे से उसे रगड़ें और साफ कर लें। इससे आपके तलवों में पड़े स्पॉट खत्म हो जाएंगे।



### ऐसे बनाएं पैरों को सुंदर और मुलायम

त्वचा विशेषज्ञों की मानें तो आप अपने पैरों की देखभाल रसोई में मौजूद चीजों से भी कर सकते हैं। जिन लोगों के पैर खुरदरे हैं और एड़ियां फटी हुई है वो बेसन का इस्तेमाल कर इस समस्या को सही कर सकते हैं। इसके लिए बेसन में नींबू के रस की कुछ बूंदे, थोड़ी सी मलाई और 1 चुटकी हल्दी को ठीक तरह से पहले मिक्स करें। इसके बाद इस मिश्रण को फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। इसके बाद इस मिश्रण को अपने पैरों के तलवों पर 15 मिनट के लिए लगा लें। इसके बाद गरम पानी से अपने पैरों को अच्छे से धोएं और धीरे-धीरे स्पंज करें। इस तरह से अगर आप हफ्ते में 1 बार करेंगे तो आपके पैर सुंदर और मुलायम बने रहेंगे।

### टैल्कम पाउडर से होगा फायदा

अक्सर ऊंची एड़ी या बंद जूते से पैरों में काफी तकलीफ हो जाती है। कई बार तो नए जूतों से पैर कटने भी लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप आरामदायक जूते-चप्पलों का ही प्रयोग करें। वहीं, अगर आप ऐसा नहीं कर सकते और बंद जूता पहनना आपके लिए जरूरी भी है तो इससे होने वाले नुकसानों से बचने के लिए अपने पैरों में टैल्कम पाउडर लगाएं। इसकी मदद से आपके पैर सुखे रहेंगे और गर्मियों में ये काफी फायदेमंद रहेगा।

# क्रिकेट का लुत्फ उठाकर आर्थिक संकट से ध्यान भटका रहे श्रीलंकाई

## संकट के चलते श्रीलंका में स्कूलों और विश्वविद्यालय बंद है

एजेंसी। गॉल

**श्रीलंका** के लोग देश के आर्थिक संकट से ध्यान भटकाने के लिए क्रिकेट के खेल का लुत्फ उठा रहे हैं। श्रीलंका को संभवत: हाल के समय के अपने सबसे बदतर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ईंधन और रसोई गैस खरीदने के लिए लंबी कतारें लगी हैं और स्कूल तथा कार्यालयों में कामकाज बाधित हो रहा है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है।

क्रिकेट के दीवाने इस दक्षिण एशियाई देश में खाने, ईंधन और दवाओं की बेहद कमी हो गई है। सरकार ने स्कूलों और विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया है और ईंधन की सीमित आपूर्ति हो रही है। गॉल में श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट अपने 10 साल के बेटे के साथ देखने पहुंचे उजित निलांथा ने कहा, हां, देश में समस्याएं हैं, लोग गरीब हो रहे हैं और सभी तरह की समस्याओं के सामने असहाय हैं। हम नीरज जीवन जी रहे हैं और कभी कभी पांच, छह या सात दिन ईंधन के लिए लगी कतार में बिता रहे हैं।

उन्होंने कहा, बच्चों के लिए कोई खुशी नहीं है और हम बच्चों को उनकी जरूरत की चीजें नहीं दे पा रहे हैं। जब हम इसे (क्रिकेट) देखते हैं तो मानसिक रूप से बेहतर महसूस करते हैं। निलांथा पर्यटन के क्षेत्र से आजीविका कमाते थे लेकिन ऊर्जा संकट के कारण देश में आने वाले यात्रियों की संख्या घटी है जिससे उनकी कमाई प्रभावित हुई है।



### दर्शक ने कहा, दुख के समय क्रिकेट ही सहारा

लगभग 25 साल तक चले गृहयुद्ध का भी श्रीलंका के क्रिकेट की प्रगति और प्रशंसकों की संख्या पर असर नहीं पड़ा था। स्वतंत्र राष्ट्र के लिए लड़ रहे और अब हराए जा चुके तमिल टाइगर बागी समूह ने भी 1996 विश्व कप फाइनल के दौरान गोलीबारी बंद कर दी थी जब श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। पड़ोसी शहर मटारा से रेल से गॉल पर क्रिकेट देखने पहुंचे 16 साल के नेथुमाकसिला को इस साल परीक्षा महत्वपूर्ण परीक्षाएं देनी थी लेकिन स्कूल बंद होने के कारण वह उचित तैयारी नहीं कर पा रहा। नेथुमाकसिला ने कहा, दुख के समय हमारे पास सिर्फ क्रिकेट है। अपने दिमाग को शांत करने के लिए हम यहां क्रिकेट देखने आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया मास्टर्स: सिंधू, प्रणीत, कश्यप दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर के कड़े मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सातवीं वरीय सिंधू ने लगभग एक घंटा चले मुकाबले में बिंग जियाओ को 21-13 17-21 21-15 से हराया। इस जीत के साथ दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में बिंग जियाओ के खिलाफ पहले दौर में सीधे गेम में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। चीन की खिलाड़ी का हालांकि अब भी सिंधू के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 10-9 है। पुरुष एकल में बी साई प्रणीत और पारूपल्ली कश्यप भी विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने दूसरे दौर में जगह बनोन में सफल रहे। प्रणीत ने एकतरफा मुकाबले में आधे घंटे से कम समय में गुआटेमाला के केविन कोर्डन को 21-8 21-9 से हराया जबकि कश्यप ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय दावेदार टॉमी सुगियार्तो को 16-21 21-16 21-16 से शिकस्त दी। समीर वर्मा को हालांकि कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के चौथे वरीय चाउ टिएन चेन के खिलाफ 21-10 12-21 14-21 से हार झेलनी पड़ी।

### पंत करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर, कोहली शीर्ष-10 से बाहर

**दुबई।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में पांच स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली छह साल में पहली बार शीर्ष-10 से बाहर हो गए। कोविड-19 के कारण स्थगित और हाल में आयोजित पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ पंत ने दोनों पारियों में 146 और 57 रन बनाए। पंत ने पिछली छह टेस्ट पारियों में दो शतक और तीन अर्धशतक जड़े हैं। पूर्व भारतीय कप्तान कोहली हालांकि चार स्थान के नुकसान से बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर खिसक गए। वह पिछले काफी समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। कोहली छह साल में पहली बार टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हुए हैं। कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण एजबस्टन टेस्ट से बाहर रहे मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। वह नौवें पायदान पर हैं। एजबस्टन में इंग्लैंड की दूसरी पारी में नाबाद 142 रन बनाने वाले जो रूट ने बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उनके 923 अंक हैं। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

टी20 विश्व कप के लिए

# सर्वश्रेष्ठ एकादश को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगा भारत

## आज से शुरू हो रही है इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की श्रृंखला

एजेंसी। साउथम्पटन

**भारत** प्रयोग की राह को छोड़कर गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के दौरान विश्व कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगा। कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण बर्मिंघम में पांचवें टेस्ट से बाहर रहने वाले कप्तान रोहित शर्मा यहां पहुंचेंगे और उनके श्रृंखला के पहले मैच में खेलने की उम्मीद है।

विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत सहित इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल रहे खिलाड़ी दूसरे टी20 मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। इनकी गैरमौजूदगी में रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा और वे आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के संभावित खिलाड़ियों के रूप में अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। हल्की चोट के कारण गायकवाड़ आयरलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों में इशान किशन के साथ पारी का आगाज नहीं कर पाए थे और अगर रोहित की वापसी होती है तो उन्हें फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। किशन को जो मौके मिले हैं उसमें उन्होंने प्रभावित किया है और वह इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ अच्छी पारियां खेलकर टीम के रिजर्व सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना दावा मजबूत करने का प्रयास करेंगे। दूसरे मैच से कोहली के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है और ऐसे में दीपक हुड्डा एक और मैच विजयी पारी खेलकर अपनी अहमियत साबित करने की कोशिश करेंगे। आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 47 रन और एक शतक के साथ हुड्डा ने निश्चित तौर पर टीम प्रबंधन को प्रभावित किया है। पदार्पण का इंतजार कर रहे राहुल त्रिपाठी और अर्शदीप सिंह को दूसरे और तीसरे टी20 के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है और उन्हें पहले मैच में खेलने का मौका मिलने की उम्मीद भी बेहद कम है। चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ वापसी करने वाले सूर्यकुमार यादव मालाहाइड में लय हासिल नहीं कर सके और वह उम्मीद कर रहे होंगे कि इंग्लैंड के खिलाफ उम्दा पारियां खेलने में सफल रहेंगे। पिछले हफ्ते डर्बीशर के खिलाफ अभ्यास मैच में उन्होंने और हुड्डा ने उम्दा पारियां खेली थी। आयरलैंड के खिलाफ बड़े स्कोर वाले दूसरे टी20 में अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करने के बाद तेज गेंददबाज उमरान मलिक आत्मविश्वास से भरे होंगे। उन्हें हालांकि अपनी गेंदबाजी को और सटीक बनाने की जरूरत है।



### श्रृंखला में अपनी छाप छोड़ पहंचान बनाने की कोशिश करेगी टीम

अंतिम एकादश में युजवेंद्र चहल के रवि बिश्नोई की जगह लेने की उम्मीद है। भारत को आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले लगभग 15 टी20 मैच खेलने हैं। टीम मौजूदा श्रृंखला में तीन मैच के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 जुलाई से सात अगस्त तक पांच और अगस्त-सितंबर में एशिया कप में लगभग पांच मैच खेलेगी। सितंबर में भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी तीन टी20 खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के साथ भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### जॉनी बेयरस्टो को श्रृंखला से आराम दिया गया है

इंग्लैंड के लिए यह श्रृंखला जोस बटलर के युग की शुरुआत होगी जिन्हें इयोन मोर्गन के संन्यास के बाद सीमित ओवरों की टीम का कप्तान बनाया गया है। बेन स्टोक्स और भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के नायक जॉनी बेयरस्टो को श्रृंखला से आराम दिया गया है। इंग्लैंड के पास हालांकि विरोधी टीम के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने वाले पर्याप्त सक्षम बल्लेबाज हैं। बटलर और लियाम लिविंगस्टोन इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान शानदार फॉर्म में थे और इसी फॉर्म को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम क्रुरेन, रिचर्ड ग्लीसन, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, मैथ्यू पार्किंसन, जेसन रॉय, फिल साल्ट, रीस टॉपली और डेविड विली।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार रात 10.30 पर शुरू होगा।**

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में

# भारत के कप्तान होंगे धवन रोहित और कोहली को विश्राम



### 22 जुलाई से शुरू होने वाली है तीन मैचों की वनडे श्रृंखला

एजेंसी। नई दिल्ली

**शिखर** धवन को त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान चुना गया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत को श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति ने वनडे के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन किया। सभी तीनों वनडे पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले जाएंगे। वनडे श्रृंखला के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज और अमेरिका के खिलाफ पांच टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी जिसके लिए टीम की घोषणा की जाएगी।

### टीम इस प्रकार है

शिखर धवन (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

### ओन्स जेब्युर ने विंबलडन में रचा इतिहास

**विंबलडन।** अपने नाम के आगे पहली बार कई कारनामे करने की उपलब्धि दर्ज कराने वाली ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर विंबलडन के अंतिम चार में जगह बनाकर किसी ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ट्यूनीशिया की तीसरी वरीय खिलाड़ी ने मंगलवार को एक कदम आगे बढ़ते हुए सेंटर कोर्ट पर मैरी बोजकोवा को 3-6, 6-1, 6-1 हराया। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जेब्युर ने कहा, यह काफी मायने रखता है। मैं लंबे समय से उम्मीद कर रही थी कि मैं यहां पहुंच पाऊंगी। मैं (मोरक्को के पूर्व खिलाड़ी) हिचाम अराजी से बात करती थी और वह मुझे कहते थे कि अरब देशों के खिलाड़ी हमेशा क्वार्टर फाइनल में हार जाते हैं और हम इससे आजिज आ चुके हैं। कृपया करके इस क्रम को तोड़ो। मैंने कहा कि मित्र मैं ऐसा करने का प्रयास करूंगी। जेब्युर ने प्रयास किया और वह ऐसा करने में सफल रही। सेमीफाइनल में जेब्युर का सामना उनकी तरह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बनाने वाली जर्मनी की तात्याना मारिया से होगा।

# राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे तेजस्विन शंकर

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह ऊंची कूद के खिलाड़ी तेजस्विन शंकर का नाम उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल करेगा जो आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत की ओर से जाने वाले हैं।

इस खेल आयोजन के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची से नाम हटने के विरुद्ध शंकर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने एएफआई को निर्देश दिया कि आगे की कार्रवाई के लिए शंकर का नाम भारतीय ओलंपिक संघ को भेज दिया जाए। एएफआई के वकील ने अदालत को बताया कि रिले स्पर्धा के लिए भारतीय दल में शामिल एक एथलीट को अयोग्य ठहरा दिया गया है इसलिए एक स्थान रिक्त है। वकील ने कहा कि अयोग्य ठहराए खिलाड़ी के स्थान पर अब याचिकाकर्ता का नाम भेज दिया जाएगा।

राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच आयोजित होंगे। अदालत ने अपने आदेश में कहा, एएफआई की ओर से पेश हुए वकील (हृषिकेश) बरुआ ने अदालत को बताया है कि चार गुणा चार सौ मीटर रिले टीम के सदस्य ए राजीव को अयोग्य ठहरा दिया गया है। अदालत ने कहा, उन्होंने का है कि इससे हुई रिक्ति को देखते हुए याचिकाकर्ता का नाम आगामी सीडब्ल्यूजी में हिस्सा लेने वाले भारतीय एथलीटों की सूची में शामिल करने के लिए भेज दिया गया है। याचिकाकर्ता (शंकर) का नाम सूची में शामिल नहीं था जिसके विरुद्ध उन्होंने पिछले महीने अदालत का रुख किया था।



### खेल बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच आयोजित होंगे

# चेन्नईयिन एफसी ने बुंदेसलीगा स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच से करार किया

एजेंसी। चेन्नई।

**पूर्व** चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले अपनी अग्रिम पंक्ति को मजबूत करते हुए क्रोएशिया के स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच के साथ अनुबंध किया है।

एएसवी फ्रेंकफर्ट युवा अकादमी में फुटबॉल के गुर सीखने वाले स्लिसकोविच ने 19 साल की उम्र में बुंदेसलीगा में एफएसवी मेंज की ओर से पदार्पण किया और 2015 तक पांच सत्र में क्लब का हिस्सा रहे। चेन्नईयिन एफसी ने इसे पहले घाना के फारवर्ड क्वेन करिकारी को अनुबंधित करने की घोषणा की थी। स्लिसकोविच मुख्य रूप से सेंटर फारवर्ड के रूप में खेलते हैं और 359 मुकाबलों में 136 गोल कर चुके हैं। वह अपने करियर में अधिकांश समय जर्मनी में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल खेले। एफएसवी मेंज के अलावा स्लिसकोविच हालेशर एफसी, विक्टोरिया 1889 बर्लिन और एमएसवी डुइबर्ग जैसे जर्मनी के क्लब से खेले। एफसी अराउ एकमात्र ऐसा गैर जर्मन क्लब है जिसका स्लिसकोविच अपने 12 साल लंबे करियर में हिस्सा रहे।



# क्वार्टर फाइनल में भारत की नजरें न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत पर

## भारतीय टीम अभी दो अंक के साथ पूल बी में तीसरे स्थान पर है

### महिला हॉकी विश्व कप

एजेंसी। एम्सटेलवी

**अब तक** उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम को अगर एफआईएच विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करना है तो गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अंतिम पूल बी मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए एतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने पहले दो मैचों में तोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड और चीन से 1-1 से ड्रॉ खेला। सविता की अगुआई वाली भारतीय टीम अभी दो अंक के साथ पूल बी में तीसरे स्थान पर है। चीन और न्यूजीलैंड उससे ऊपर हैं। न्यूजीलैंड ने मंगलवार को इंग्लैंड को 3-1 से हराया। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा, न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। उनके पलटवार काफी खतरनाक होते हैं और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा, हमें अपने मजबूत पक्षों के अनुसार खेलना होगा। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार 16 टीम को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉसओवर होगा।

क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत होगी।



# स्ट्राइक रोटेशन में सुधार के लिए प्रयास किया : शेफाली

एजेसी। पालेकल

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह बेहतर क्रिकेटर बनने के लिए अपने स्ट्राइक रोटेशन में सुधार के लिए सजग प्रयास कर रही हैं।

बड़े शॉट लगाने के लिए मशहूर 18 साल की खिलाड़ी ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में नाबाद 71 रन (इतनी ही गेंद में) की पारी खेली थी जो उनका वनडे करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और साथ ही स्मृति मंधाना (नाबाद 94 रन) के साथ 174 रन की अटूट साझेदारी से सोमवार को यहां टीम को 10 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस जीत की बदौलत भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

### श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में नाबाद 71 रन की पारी खेली थी

वह हालांकि अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं ला पा रही हैं, विशेषकर 50 ओवर के प्रारूप में। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम वनडे की पूर्व संध्या पर शेफाली ने कहा, पिछले मैचों के प्रदर्शन को देखकर मुझे लगा कि मैं एक एक रन नहीं लेती इसलिए मैंने इस पर काम किया। मैं बेहतर होने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वनडे में अपनी पारी को आगे बढ़ाने के लिए एक एक रन लेना भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अगर एक अच्छी गेंद फेंकी गई है तो इस पर एक रन लेकर स्ट्राइक रोटेट करो।

# भारतीय महिला टीम की नजरें श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने पर

## भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी

### आज खेला जाएगा तीसरा और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच

एजेंसी। पालेकल

**आत्मविश्वास** से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में श्रीलंका को हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से उतरेगी।

करिश्माई कप्तान मिताली राज के संन्यास के बाद पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रहे भारत ने पहले दो मैच में जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। एक जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम दूसरे वनडे में आत्मविश्वास से अधिक भरी दिखी और टीम ने सोमवार को 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने खेल के सभी विभागों में दबदबा बनाया। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम से श्रीलंका के पूरे दौरे के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी। दौरे पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहीं स्टार सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने दूसरे वनडे में नाबाद अर्धशतक जड़े और अटूट शतकीय साझेदारी की। यह जोड़ी टी20 श्रृंखला और पहले वनडे में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में नाकाम रही थी लेकिन दूसरे वनडे में लय हासिल करने के बाद एक बार फिर उसी अंदाज में खेलना चाहेंगी। नई पूर्णकालिक कप्तान हरमनप्रीत मौजूदा श्रृंखला में भारत के लिए सबसे अधिक निरंतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही हैं।



### श्रीलंका पर जीत से मेहमान टीम का मनोबल बढ़ेगा

अनुभवी झूलन गोस्वामी की गैरमौजूदगी में रेणुका के प्रदर्शन ने दर्शाया है कि भारत के युवा और अनुभवहीन गेंदबाजों में क्षमता है। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 की जीत से बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों से पहले मेहमान टीम का मनोबल बढ़ेगा। श्रीलंका की टीम की नजरें टी20 श्रृंखला की तरह इस श्रृंखला में भी सांत्वना भरी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। चामरी अटापट्टू की अगुआई वाली टीम की बल्लेबाजों को उम्मीद होगी कि इस महज औपचारिकता के मैच में वे भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा बना पाएंगी। टीम को अब तक उसके बल्लेबाजों ने निराश किया है। गेंदबाजी में इनोका रणवीरा और ओशादी रणसिंघे की स्पिनर जोड़ी ने प्रभावित किया है।

### भारतीय टीम इस प्रकार

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, एस मेघना, दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, सिमरन बहादुर, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, तानिया भाटिया और हरलीन देओल।

**मैच समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।**